समकालीन परिवेश में भारतीय संस्कृति की मूल धरोहर मानवता लुप्त होती जा रही है और नफरत की आंधी फैल रही है। समाज में जो कुछ घट रहा है वह बिल्कुल सुखद नहीं है। समूचा समाज गहरी असुरक्षा, भय, घृणा और अवि वास के बीच जी रहा है। मानवीयता का बोध कराने वाली इकाइयाँ प्रेम, विश्वास और करूणा समाज से दिनों–दिन नश्ट होती जा रही है और इसका स्थान घृणा, आ वासन और डर ने ले लिया है। ऐसा दौर आ गया है कि किसी पर भी सहज विश्वास नहीं किया जा सकता। समूह में समवेत होकर रहना, 'वसुधैव कुटुम्बकम' केवल स्वप्न मात्र बनकर रह गया है।

'सूखते चिनार' उपन्यास मे मेजर संदीप कश्मीर में बढ़ रही घृणा और आतंक के बारे में अपने भाई से कहता है कि – ''ताज्जुब! इसी धरती पर कभी हमारे पुरखों ने सत्य, शिव और सौन्दर्य की मांग की थी।

तो मेरे भाई यह दुनिया झूठ से भरी पडी है। अमानवीयता से अटी पड़ी है। यहाँ अंधेरे सिर उठाकर चलते हैं और उजाले आत्महत्या करने के विवश है। यहाँ हर वह आदमी घुटन महसूस करता है जो सत्य जानता है पर उसे बोल नहीं सकता है। XXX तो मेरे भाई हम सभी एक ऐसे पतनोन्मुख समाज में जी रहे हैं। ऐसा समाज जिसकी संवेदनाएं मर चुकी है। XXX इन कीलों की कसकों के साथ मैं आने वाली जिन्दगी कैसे जी पाऊँगा? यह तभी संभव है कि मैं मानसिक रूप से इतना ठंडा ठस्स हो जाऊँ कि कुछ भी अमानवीय मुझे बैचेन न करें पर यह तो अपने मनुश्य होने को ही नकारना होगा। उफ्फ! मैंने आर्मी ज्वाइन की थी, अमन, मुहब्बत, करूणा, सह अस्तित्व और इंसानित के अर्थ को समझने के लिए। अपने मनुष्य होने को नकारने के लिए नहीं।''[11]

इक्कीसवीं सदी में वर्चस्ववादी संस्कृति के बढ़ते प्रभााव के साथ व्यक्ति लगातार अपनी सांस्कृतिक जड़ों से कटता जा रहा है। जिस सामुदायिक एकजुटता से सामाजिकता और नैतिकता जैसे मूल्य सवंर्धित हो रहे थे, वह क्षीण होता जा रहा है। अपनी परम्पराओं और सामाजिक सम्बन्धों से अलगाव होता जा रहा है। इसकी हमें भनक तक नहीं लगती। यह वास्तव में अमानवीयता की ओर प्रस्थान है जहाँ हम सब से कटकर अलग नितांत अकेलेपन की तरफ निर्वासित होते जा रहे हैं और उपभोग द्वारा उस उत्पन्न शून्यता को पूरा करने की व्यर्थ कोशिश करने लगते हैं। फलस्वरूप सांस्कृतिक विस्थापन की प्रक्रिया आरम्भ होने लगती है। यह विस्थापन अपने भीतर या बाहर आस–पास की चीजों में परिलक्षित होता है। हमें इस विस्थापन का आभास भी नहीं होता लेकिन यह घट रहा होता है। मधु कांकरिया के उपन्यासों में इस वर्चस्ववादी संस्कृति के प्रकरण को सूक्ष्मता से चित्रित किया गया है।

मधु कांकरिया अपने समय के समाज की नकारात्मक सोच पर प्रहार करती है। हिंसा मनुश्य को चेतना एवं भाव भून्य कर देती है, प्रेम, करूणा, ममता, जीवन के मूल भाव है जो आत्मा का संस्कार कर सही दिशा की ओर संकेत करते हैं। भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र 'अहिंसा परमों धर्म' है। 'हम यहाँ थे' उपन्यास में दीपि ाखा की यही इच्छा है कि समाज की समस्त व्याधियाँ नश्ट हो, सम्पूर्ण वि व मनुश्यता को केन्द्र में रखकर जीवन यापन करें दीपशिखा माओवादियों के उद्देश्य का समर्थन करती है किन्तु उनके द्वारा प्रयुक्त हिंसा के रास्ते का पुरजोर विरोध करती है। वह अदालत में कहती है कि – ''हुजूर, जिस उद्दे य के लिए वे लड़ रहे हैं मैं उसका समर्थन करती हूँ, लेकिन उनका रास्ता सही नहीं है। हिंसा से कुछ हासिल नहीं हो सकता क्योंकि हिंसा–हिंसा को

बढावा देती है। लेकिन में ये मानती हूँ कि आदिवासी समाज को सरकार ने सिर्फ हिंसा और उपेक्षा के अलावा कुछ नहीं दिया।''[12]

आज का दौर भले ही भूमंडलीकरण का हो, लेकिन भूमंडलीकरण का जो रूप दिखाई पड़ रहा है वह उनके लिए है जो विश्व बाजार के अंग है। आज हमारी संस्कृति से समाज खत्म होता जा रहा है। मनुष्य एकाकी जीवन व्यतीत करने में विश्वास करने लगा है। विकासशील और तीसरी दुनिया के देशों में सरकारें कम्पनियाँ, संस्थाएँ, माफिया आदि ही बचे है और निर्धन व आम आदमी हाशिये पर चला गया है।

भूमंडलीकरण यूरोपीय देशों द्वारा तीसरी दुनिया के देशों में व्यापार को बढावा देने के लिए विकसित नीति है। आज भूमंडलीकरण का दायरा दिनों–दिन बढता जा रहा है। भूमंडलीकृत समाज में अमीर और ज्यादा अमीर तथा गरीब और ज्यादा गरीब होते जा रहे हैं। मौजूदा दौर भूमंडलीकरण का न होकर नव उपनिवेशीकरण का है। यह सोलहवीं सदी के उपनिवे ावाद का ही विस्तार है जिसने तीसरी दुनिया के देशों को बाजार के माध्यम से पुनः गुलाम बनाना प्रारम्भ कर दिया है।

मेजर संदीप 'सूखते चिनार' उपन्यास में बहुराश्ट्रीय कम्पनी में काम करने वाले अपने छोटे भाई की हालत को देखकर चिंतित है उसके पास अपने लिए कोई समय नहीं है वह हमेशा दिमाग में कम्पनी को कैसे फायदा पहुंचाया जाए, कैसे उसका पैकेज बढ़े केवल इसी बारे में सोचता रहता है। सिद्धार्थ से कठोर वाणी में बात करने पर संदीप सोचता है कि – ''भाई अमानवीय नहीं, पर उसकी सोच की धुरी को ही उल्टा दिया गया है। भोग पर आधारित उसकी सोच ने उसे एक ऐसी तिलिस्मी दुनिया में पहुंचा दिया है जहाँ करूणा, संवेदना, इंसानी अहसास, और कोमल भावनाएँ सब माया है। सत्य है सिर्फ आमदनी का उठता हुआ ग्राफ।

पिछले दशकों में यदि किसी चीज को देश निकाला मिला है तो वह है नैतिकता। माटी की सारी काबिलियत, प्रतिभा और हुनर जाया हो रहा है मरे हुए चूहे को बेचने के कौशल में और क मीर की युवा पीढ़ी का हुनर जाया हो रहा है बन्दुक के घोड़े को दबाने में।''[13]

भूमि अधिग्रहण के माध्यम से विकास प्रेरित विस्थापन का वि लेशण करने से पता चलता है कि विकास परियोजनाओं के लिए प्रेतिकूल रूप से प्रभावित करता है। वास्तव में यह प्रक्रिया धीमी गति से किंतु सतत रूप से प्रसारित होती रहती है । पुरानी वस्तुएं धीरे–धीरे नई वस्तुओं द्वारा विस्थापित की जा रही होती है। यह विस्थापन विचार, मान्यता, व्यवस्था, परंपरा, शब्द, भाषा, वस्तु आदि कई स्तरों पर घटित होता है। यह विस्थापन व्यक्ति को उसकी संस्कृति और परंपरा की जड़ों से काट देता है।

''जमीन जो आदिवासियों के लिए माँ थी भूमाफिया और कारपोरेट्स के लिए सोने की मुर्गी। XX पहले कम्पनी वालों के लिए इनकी जमीनें छीनों, फिर कम्पनी वालों के कारखानों के लिए इन्हीं विस्थापितों को सस्ते मजदूरों में तब्दील करो। किलो के भाव खरीदो हमारा खून और पसीना, आठ घंटे की बजाय बारह घंटे काम लो।''[14]

झारखंड के आदिवासियों के जीवन का चित्रण करते हुए लेखिका कहती है कि इन आदिवासियों को एक ओर ईसाई समुदाय ईसाइयत में तब्दील करने की कोशिश करता है तो दूसरी ओर हिन्दू समुदाय इस बात का प्रतिरोध करते हुए उन्हें अपने में मिलाने की बाध्यकारी स्थितियाँ आरोपित करता है। 'हम यहाँ थे' उपन्यास में 'जंगल कुमार' दीपि ाखा से कहते हैं कि – ''बैगा के चले जाने के कारण ही महामारी फैल रही है एवं इससे बचने का एकमात्र उपाय सरना धर्म को छोड़कर ईसाई धर्म स्वीकार करने एवं चर्च की प्रार्थना में भाामिल होने से महामारी नहीं आएगी एवं सब कुछ ठीक चलेगा।''[15]

धर्मांतरण के कारण कुछ समय पश्चात् ये परिवार अपने आप को समाज से बिल्कुल कटा हुआ महसूस करते हैं। कारवणवश वे घुटन और अकेलेपन से त्रस्त जीवन काटने के लिए मजबूर होते है। किसी को जड़ों से काटकर दूर कहीं रोपित करने पर भला वह कैसे फल–फूल सकता है। आदिवासियों की गरीबी, निर्धनता, बेबसी का फायदा उठाकर उनका धर्म परिवर्तन कराने का खेल मि ानरीज खेल रहे हैं। जंगल कुमार कहते हैं कि – ''मैडम यदि धर्मांतरण को नहीं रोका गया तो वह अपने भोश समाज से कटा–पिटा अकेला पड़ जाएगा, फिर उसकी जिन्दगी में न करमा आएगा और न सरहुल की मौज–मस्ती क्योंकि एक बार उसे मि ान में लेने के बाद फिर कोई पादरी उसकी खबर लेने नहीं आएगा और जो ताकत उसे अपने समाज से मिलती है वह भी खत्म हो जाएगी।''[16]

आदिवासी समाज प्रकृति के बीच रहकर ही जीवन यापन करता है। आदिवासी समाज के लिए विकास के जो मायने है वे परम्परागत विकास से अलग है। आदिवासी समाज का विकास आदिवासी समाज के हिसाब से किया जाना जरूरी है। इसके पीछे मुख्य वजह है कि उनकी सामाजिक व्यवस्था। नेहरू अपने भाशण में इस बात पर जोर देते हैं कि – ''यदि सामान्य कारकों को अपना काम करने दिया जाए तो बाहर के बेईमान लोग उनकी सारी जमीन और जंगल हडपकर जन–जातीय लोगों के जीवन में हस्तक्षेप करने लगेंगे।''[17] लेकिन इस बात को आज खारिज कर दिया गया है। आज विकास के नाम पर आदिवासियों को जंगल से भगाया जा रहा है और यदि वह उसका प्रतिवाद कर दे तो वह सरकार की नजर में माओवादी है।

आज सम्पूर्ण वि व में ब्रांड संस्कृति का बोलबाला है। आज संसार भूमंडलीकरण अर्थात् 'विश्वग्राम' के नाम पर भूमंडलीकरण अर्थात् विश्व बाजार बन गया है। यहाँ प्रत्येक वस्तु बिकाऊ है। हमारी प्राकृतिक सम्पदा, उससे जुड़े अन्य संसाधन, हमारा सामाजिक चरित्र, हमारी सामाजिक चिन्ताएँ, चेश्टाएँ किस प्रकार छिन्न–भिन्न हो गई हैं, उन्हें फिर से कैसे संयोजित किया जाए। हमारे बन, चरागाह, जल स्त्रोत, नदी तालाब, कुएँ, आदि एक समय में सामूहिक सम्पतियाँ रही हैं और इन पर सामाजिक नियंत्रण रहा है। हमारा समाज एक ऐसा समाज रहा है जिसकी मर्यादाएँ, कर्त्तव्य और अधिकार सब सन्तुलन पर आधारित रहे हैं। आधुनिक विकास का लुभावना छल और दुनिया भर में अपने निहित हितों स्वार्थों के लिए खड़ा एक मजबूत वर्ग दुनिया भर की सरकारों को प्रभावित करने में सक्षम है। आज इस धरती को चारों हाथ लूटा जा

रहा है।

भारतीय संस्कृति में स्त्री सदैव वंदनीय, पूजनीय रही है। किन्तु समय बदलने के साथ स्त्री पर भी धर्म की चादर का लबादा बढता गया। 'सेज पर संस्कृत' उपन्यास में संघमित्रा के माध्यम से जैन धर्म में बढ़ते कर्मकांड, पाखण्ड और व्याभिचार का खुलासा किया गया है। जैन धर्म में कोई भी साध्वी संघ प्रमुख नहीं हो सकती। धर्म स्त्रियों, वंचितों के खिलाफ इसलिए रहा ताकि वे धर्म गुरूओं की सेवा–सुश्रुशा करती रहे। धर्म का डर दिखाकर स्त्रियों को नियंत्रण में रखा जाता है। जब संघमित्रा, मालविका से धर्म के विषय में पूछती है तो मालविका कहती है कि – ''यहूदी, हिन्दू, बौद्ध, जैन, ईसाई, इस्लाम और सिक्ख सभी धर्मों का स्वरूप जीवन को सुन्दर और नैतिक मूल्यों से सम्पन्न बनाने का रहा। समाज में व्याप्त, कुरीतियों, अन्याय, अराजकता एवं शोषण के विरूद्ध धर्म का जन्म हुआ। पर जिस प्रकार गंगा अपने उद्‌गम में निर्मल, पवित्र एवं पारदर्शी होती है पर धीरे–धीरे वह प्रदूशित होती जाती है, वैसे ही कालान्तर में सारे धर्म उन्हीं बुराईयों के शिकार हुए जिनके उन्मूलन के लिए उनका जन्म हुआ था। चिन्तन के दूसरे छोर पर खडी संघमित्रा सोच रही थी पर धर्म की मार सबसे अधिक सित्रयों पर ही क्यों पड़ी।''[18]

संघमित्रा की माँ और छोटी बहन जैन साध्वी बनकर सांसारिक मोह–माया से दूर होकर जीवन व्यापन करना चाहती है। किन्तु संघमित्रा धर्म के नाम पर फैले पांखड से आहत है। युवा लडके–लड़कियों को दीक्षा की ओर धकेल कर उनकी भावनाओं को जड़ करने का शडयंत्र धर्म के ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा है। सदियों से धर्म की मार की पीड़ा स्त्री भुगत रही है। संघमित्रा के प्रश्नों का जवाब देते हुए उसकी सखी मालविका कहती है कि – ''स्त्रियों पर ही नहीं, धर्म की मार उन सभी पर पड़ी जो निर्बल, अज्ञानी, वंचित, और असहाय थे। यह सिर्फ भारत में ही नहीं विश्व के सभी देशों में हुआ।

यदि स्त्रियों और वंचितों को भी उनके ही समान उड़ने को आजाद आकाश दे दिया जाता तो फिर उनकी सेवा–टहल कौन करता। XXX तुम देखों स्त्रियों पर होने वाले सभी अन्यायों को धर्म की चादर से ढॉप दिया गया क्योंकि जहाँ धर्म है, वहाँ सब कुछ वरेण्य है चाहे वह सती प्रथा हो, बहु पत्नी प्रथा हो या देवदासी प्रथा। दक्षिण के भव्य मंदिरों की संस्कृति के साथ देवदासी प्रथा का गहरा सम्बन्ध है। और क्या यह भी संयोग ही रहा कि वे यावृति का सम्बन्ध भी प्राचीन नगरी अयोध्या, काशी और मथुरा से ही रहा? और जानती हो सती प्रथा के पीछे भी बंगाल के तत्कालीन हिन्दू समाज में प्रचालित दाय भाग व्यवस्था थी जिसके अनुसार पति की मृत्यु के पश्चात् उसकी सम्पति पर पुत्रहीन विधवा का अधिकार होता था। पुत्रहीन विधवा की सम्पति को अपने अधीन करने के लिए परिवार के स्वजन विधवा को मोक्ष, स्वर्ग, पाप–मुक्ति, आदि का प्रलोभन देकर सती होने के लिए प्रोत्साहित करते थे। सीधी सी बात यह है कि सारे धार्मिक विधान चूंकि समर्थ पुरूषों द्वारा बनाए गए हैं इसलिए समर्थहीन स्त्रियों और निम्न जाति के खिलाफ ये सारे नियम बने।''[19]

समकालीन समाज भूमंडलीकरण के प्रभाव में पल–बढ़ रहा है। इसी कारण इसके सरोकार बदल गए है। इसे मूल्य परिवर्तन भी कहा जा सकता है। परम्परागत मूल्यों से आज के मूल्य एकदम बदले हुए हैं। भाव बोध बदल गया है। जाहिर है जब भाव बदला है तो भाशा भी बदलेगी। व्यक्ति और समाज के इस बदलते भाव बोध को उसकी अभिव्यक्ति से समझा जा सकता है।

भयामचरण दुबे का मत है कि – ''नगरीकरण की प्रक्रिया ने लोक संस्कृतियों को पूरी तरह विश्रृंखल और विनश्ट तो नहीं किया, पर उनके स्वरूप और गठन में महत्वपूर्ण बदलाव अव य आये। नगर और ग्राम संस्कृतियों का सह–अस्तित्व बना रहा और संसार के कई भागों में आपसी सम्बन्ध विकसित हुए। कस्बाई और छोटे भाहरों की संस्कृति ग्रामीण संस्कृति से बहुत अलग नहीं थी। बड़े नगरों और महानगरों के जीवन में भी लुके छिपे लोक संस्कृति के कुछ तत्व बने रहे।''[20]

ए.आर.देसाई का कहना है कि – ''ग्राम का जन जनजीवन टूट रहा है। गाँव जीविका की तलाश में शहरों में समा रहे है। भू स्वामी आज भी निम्न किसानों और भूमिहीन मजदूरों का भाोशण कर रहे है। धनी किसानों में उत्साह पैदा हुआ है लेकिन वही छोटे मजदूर मन ही मन निराश है, क्योंकि उनके पास काम नहीं हैं या जबरदस्त भाोशण है। दश के गाँवों में निर्धन और बेकारी की भीड़ पैदा हो रही है जो ग्राम–समाज की आर्थिक चेतना को प्रमाणित कर रही है। गाँवों की आर्थिक स्थिति बड़ी ही अनि चत सी है और उसके सामने समस्याओं, आव यकताओं और अभावों की भीड़ खड़ी है।''[21]

मधु कांकरिया ने अपने उपन्यासों में भूमंडलीय स्थितियों में ग्राम–समाज में आए परिवर्तनों को लक्षित किया है। उपभोक्तावाद ने पैसे की जो भूख और ललक जगा दी है, उसने गाँवों में जीवन भौली को बदल दिया है। भूमंडलीकरण और उदारीकरण ने हमारी सारी पारम्परिक सोच को बदलकर जीवनादर्शों को बदलकर रख दिया है।

जंगल कुमार कहते हैं कि – ''आप मुनाफा खाने वाली इन परजीवी कम्पनी वालों के झांसे में न आए। ये झांसा और लालच देकर हमारी जमीन हथियाने की चेष्टा करते हैं। XXX भारत में आजादी से लेकर आज तक अमीर कम्पनियों के लिए सारी जमीनों पर कब्जा पुलिस की लाठी और बंदूकों के दम पर किया गया है। विडम्बना देखिए कि हम शोषित एक नहीं हो सके जबकि दुनिया के सारे कम्पनी वाले एक हो गए। XX आदिवासी साफ कहते है कि जब तक पहाड़ है हमारा अस्तित्व और अस्मिता दोनों बचे हुए है। ऐसा नहीं है कि हम नहीं जानते कि इस पहाड़ में सैंकडों तरह के अयस्क है। लेकिन हमारे लिए धरती, जंगल, पहाड़ कभी लालच पूरा करने के स्त्रोत की तरह नहीं रहे। हम उन्हें अपने अस्तित्व की रक्षा में सहायक मानते हैं।''[22]

मानव की सामाजिक विकास यात्रा की भुरूआत से ही धर्म नैतिक धारणाओं का उत्स रहा है। धर्म ने मनष्य को सामाजिक हितों के लिए वैयक्तिक स्वार्थों के बलिदान की प्रेरणा दी और प्रेम, सहानुभूति, करूणा और भावनाओं को बद्धमूलकर मानव मूल्यों की आधारशिला रखी।

धर्म की व्यापक धारणा में आर्थिक–सामाजिक और नैतिक

मूल्य समाविष्ट हो जाते हैं किन्तु धर्म में जातीय–सम्प्रदायिक दृष्टि से संकीर्णता आने पर जात–पात, ऊँच–नीच, मानव–मानव में भेद जैसी सामाजिक बुराइयाँ पनपती है, विकसित होती है। जबकि धर्म की सार्थकता मानव मात्र के कल्याण के आदर्शों में ही निहित है।

धर्म से मनुष्य में सत–असत् का विवेक जाग्रत होता है और वह सत्यान्वेशी, मूल्यान्वेशी बनता है। धर्म मानव–मानव में भेद नहीं करता यह धर्म का व्यापक अर्थ है। इसमें जुड़ने का भाव है। धर्म को जीवन में धारण करने से अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति सहज ही हो जाती है। आज धर्म अपने आधुनिक रूप में आडम्बरों, पाखंडों व झूठे प्रदर्शनों का एक खेल बनकर रह गया है।

'हम यहाँ थे' उपन्यास में धर्म के नाम पर फैले आडम्बर, अंधविश्वास का चित्रण मधु कांकरिया ने दीपशिखा की माँ के माध्यम से किया है। जैन धर्म के अनुरूप जीवन यापन करने वाली दीपशिखा की अम्मा को जब पता चलता है कि काम वाली बाई काली भंगन है तो तहलका मच जाता है। ताना मारते हुए कहती है कि – ''मांजी हमपई तो आप आरती के समय सामने से नाहीं गुजरे देतू कि भगवान् जी के दोष लग जाए लेकिन भंगन के हाथों का पानी पीए में और आरती के बर्तन मंजवावे में तोहरे भगवान् के दोश नहीं लागत?

भंगन कौन भंगन? नाक सिकोड़कर वक्ष में पर्स ढूंसते हुए बोली जयंती – 'तोहार काली को! हाय रे भंगवान सबकोहू जानेला रउवा का जानेला (सब जानते हैं बस आप ही नहीं जानती)। जयंती ने माथा ठोकते हुए इतना कहा और घर में जैसे बम फूट गया।''[23]

आज पाखण्डियों ने धर्म की भावना को कर्मकांडों में उलझा दिया है, जिससे धर्म का उद्दे य मानव–कल्याण न होकर जनता का शोषण हो गया है। अतः धर्म केवल लाभ कमाने का औजार बनकर रह गया है। आज हम देख रहे हैं कि धर्म के नाम पर झूठ, वि वासघात, आडम्बर, पाखंड पनप रहे हैं।

कोई धर्म हो या वस्तु हम दो तरह से चीजों को देखते हैं। कभी हम पर प्यार का च मा चढ़ा होता है तो कभी डर का। लैंस बदलते ही हमारी पूरी सोच बदल जाती है। डर चीजों को एक रूप दे रहा होता है, तो प्रेम एक अलग ही धरातल। हमें नए सिरे से सारी समस्याओं पर विचार कर उपाय खोजने होंगे। जब तक उपाय की खोज नहीं की जाएगी और हम युग की मांग को नहीं समझेंगे तब तक न तो धर्म तेजस्वी बनेगा न धार्मिक भावना, मात्र शब्दों का व्यापार चलता रहेगा। दीपशिखा मां को समझाते हुए कहती है कि – ''अम्मा आपको मालूम होना चाहिए कि आज की तारीख में जाति के आधार पर किसी को अपमानित करना बहुत बड़ा सामाजिक अपराध है। आप इंसान को प्यार नही कर सकती तो भगवान को क्या खाक प्यार करेंगी। XXX खुद भगवान महावीर स्वामी ने चंदनबाला जो कि क्षुद्र थी उसे दीक्षा दिलाई थी और दीक्षा पूर्व उसके हाथों बनाए खाने से अपना उपवास तोड़ा था। फिर अम्मा जाति और खून की शुद्धता सिर्फ एक कल्पना है, कौन जाने किसके खून की डोर किससे बंधी हो?''[24]

धर्म के व्यवसाय बन जाने से जीवन की वास्तविक पहचान में बाधाएं आने लगी है। क्योंकि वस्तु के बाजार और धर्म के बाजार में धोखाधड़ी आज बहुत बढ़ गई है। इसलिए दानों ही जगहों पर सतर्क रहने की जरूरत है। धर्म और धार्मिक के बीच जहाँ भी पैसे कि बात आए, समझ ले कि सौदा हो रहा है। अब यह अपने आप पर निर्भर करता है कि हम धर्म को वस्तु मानकर उसे खरीदने की कोशिश करेंगे या उसे आचरणीय मानकर जीवनगत करने का प्रयास करेंगे? धर्म को लेकर हमें सावधान होने की जरूरत है।

'सेज पर संस्कृत' उपन्यास में संघमित्रा कहती है कि – ''यह देश धर्मवीरों का है; इसीलिए यहां इंटरनेट पर कुम्भ स्नान हो रहा है। भगवान दूध पी रहे है। पिछली बार गणेश जी ने दूध पिया था इस बार सीनियर देवताओं ने भी कृपा की है।''[25]

विदशी पूँजी अकेले नहीं आई। उसके साथ–साथ उसकी संस्कृति भी चली। यह एक साथ पूँजी की संस्कृति और विदे ाी संस्कृति थी, जिसे आरम्भ में अधिक देखा समझा नहीं गया। पूँजी निवेश ही दिखाई पडा और उसके साथ ही एक प्रकार का 'सांस्कृतिक निवेश' भी होता रहा। आज तक जितने भी ज्ञात–अज्ञात मुनाफा कमाने के संसाधन और क्रिया कलाप हैं उसमें धर्म सर्वोपरि है। कोई धर्म स्थल हो या बाजार सब जगह की 'नीति और रीति' एक है। अधिक से अधिक मुनाफा कमाना। इसके लिए वे आमतौर पर वाकचातुर्य की चासनी में लपेट कर झूठ और कई प्रकार की तिकडम का सहारा लेते है। वै वीकरण के बाद बाजारवाद की पहुँच घर–घर तक है। आ न समझ नही आता कि बाजार अपना धर्म निभा रहा है या धर्म ही एक बाजार बन गया है।

वैश्वीकरण ने युवाओं में धार्मिक वि वास को भी प्रभावित किया है। अधिकांश धार्मिक प्रवृतियाँ युवा वर्ग के लिए अप्रासंगिक होती जा रही है।

आज की भाग दौड़ भरी जिन्दगी में बाजारवाद और इसकी ताकतवर व्यवस्था के प्रभाव से समाज को कोई भी वर्ग अछूता नहीं रहा है। आज सनातन धर्म की संस्कृति व त्यौहारों की बेहद, गौरवशाली परम्पराएं भी बाजारवाद के आसान शिकार बन गये हैं। आज स्थिति ऐसी हो गयी है कि अब तो हम किसी दूसरी संस्कृति व विचारों को भी बिना–सोचे समझे बाजार के जादू के चलते अपना रहे हैं।

इस असीम लालसा और बाजार पोषित महत्वाकांक्षा ने व्यक्ति के मानस में भौतिकता को आवश्यकता के रूप में स्थापित कर दिया है । इस स्थापना से व्यक्ति की मानवीय संवेदनाएं लगातार क्षीण होती जा रही है । बड़ी संख्या में लोग अपनी लालसा को पूरा करने के उद्देश्य से गांव से शहरों की तरफ विस्थापित हो रहे हैं ।शहर की ओर यह विस्थापन मात्र व्यक्ति का नहीं होता बल्कि अपने परिवार गांव और समाज से भी होता है । इस क्रम में वैयक्तिक और भावनात्मक लगाव से भी विस्थापन होता जाता है । उसमें निहित समुदायिकता और परिवार से संबंध बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रेम और स्नेह भी लगातार छीजता चला जाता है । साथ ही व्यक्ति खुद लालसा के दौर में अंततः अकेलेपन का शिकार होने लगता है । एक अलगाव ,उदासीनता और तनाव व्यक्ति को लगातार घेरे रहती है ।वह यंत्रवत जीवन भाव शून्य जीवन भावशून्य जीवन जीने को विवश होता है ।हमारे परस्पर प्रेम और सद्भाव कम से कम होते जा रहे हैं ।वस्तु ज्यादा महत्वपूर्ण होती जा रही है। मधु कांकरिया के पात्र चाहे 'खुले गगन के लाल सितारे' की मणि हो

अथवा 'हम यहाँ थे' उपन्यास की दीपशिखा, 'सूखते चिनार' का मेजर संदीप हो या 'सेज पर संस्कृत उपन्यास की 'संघमित्रा' अथवा ढलती सांझ का सूरज उपन्यास का अविनाश हो सभी सदैव यही इच्छा रखते हैं कि समाज की समस्त व्याधियाँ नष्ट हो, सम्पूर्ण विश्व मनुष्यता को केन्द्र में रखकर जीवन यापन करें। 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' मन्त्र में भी भारतीय संस्कृति का मूल प्रेम, एवम् त्याग ही निहित है। भूमंडलीकरण के कारण भारतीय समाज के मूल्यों में भी परिवर्तन हो रहा है। परम्पराओं का ह्रास, बुजुर्गों का तिरस्कार, सामाजिकता का अभाव, मानवीय भावनाओं पर भौतिक साधनों का वर्चस्व, इंटरनेट से विवाह आदि सामाजिक समरसता की जगह व्यक्तिगत लाभ ने घर कर लिया है।

संदर्भ –

1. कल्याण, हिंदी संस्कृति अंक ,मानव संस्कृति लेख, श्री भगवानदास जी केत्ता पृ0 175
2. जगदीश चंद्र.निराला काव्य में सांस्कृतिक चेतना .डॉ.पृ0 11
3. डॉ .रामसजन पाण्डेय,निर्गुण काव्य की सांस्कृतिक भूमिका ,पृ0 15
4. डॉ.ज्ञानवती अरोड़ा, समकालीन हिंदी कहानी : यथार्थ के विविध आयाम,पृ0 66
5. मधु कांकरिया, ढलती सांझ का सूरज, राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली ,संस्करण 2022,पृ0 19–20
6. वही,पृ0 38–39
7. वीरेंद्र मोहन ,इतिहास और संस्कृति पृ0 17
8. मधु कांकरिया, पत्ताखोर , राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली ,प्रथम संस्करण 2000,पृ0 196
9. मधु कांकरिया ढलती सांझ का सूरज,पृ0 31
10. मधु काकरिया ,हम यहां थे, किताब घर प्रकाशन नई दिल्ली , प्रथम संस्करण 2018,पृ0 154
11. मधु काकरिया सूखते चिनार, भारतीय ज्ञानपीठ नई दिल्ली , प्रथम संस्करण 2012,पृ0 124–125
12. मधु कांकरिया ,हम यहां थे,पृ0 286
13. मधु कांकरिया,सूखते चिनार,पृ0 54
14. मधु कांकरिया ,हम यहां थे , पृ0 267
15. वही पृ0 237
16. वहीं,पृ0 240
17. सं उमाशंकर चौधरी , हाशिए की वैचारिकी पृ0 200
18. मधु कांकरिया ,सेज पर संस्कृत ,पृ0 138
19. वही,पृ0 138–140
20. मधु कांकरिया, सेज पर संस्कृत,पृ0 197
21. श्यामाचरण दुबे , समय और संस्कृति, पृ0 75
22. ए.आर.देसाई ,रूरल सोशियोलॉजी इन इंडिया,पृ0 4
23. मधु काकरिया,हम यहां थे,पृ0 128–129
24. वहीं,पृ0 130
25. मधु कांकरिया,सेज पर संस्कृत,पृ0 203

रितु रानी
शोधार्थी
हिंदी विभाग
बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय,
रोहतक (हरियाणा)
डॉ0 जयकरण यादव
प्रोफेसर,
हिंदी विभाग
बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय
अस्थल बोहर, रोहतक (हरियाणा)

7

सामंती व्यवस्था का पतन की प्रक्रिया

डॉ0 शीतल कुमारी

सारांशः–

यूरोप में सामंती व्यवस्था ने अपनी जगह जमाई और लगभग 500 वर्षों तक कायम भी रही। सामंती व्यवस्था में जमीन संपत्ति का मूल स्रोत होता था पूरे सामंती युग में एक सा माहौल नहीं रहा और परिवर्तन भी होते रहे ।इसके रखरखाव और सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में काफी परिवर्तन होता रहा।14वीं शताब्दी से सामंतवाद के पतन की प्रक्रिया अपना रूप ले रही थी। कुछ समय बाद धीरे–धीरे यह व्यवस्था लुप्त होती गई अर्थात सामंतवाद का अंत हो गया ।

सामंती व्यवस्था के अंत के अनेक कारण हो सकते हैं अलग–अलग इतिहासकारों ने इसका अलग–अलग नजरिया से विश्लेषण किया है और अलग–अलग कारण भी बताए हैं यूरोपीय सामंतवाद इतिहासकारों के बीच बहस और विचार विमर्श का केंद्र बना रहा है यूरोप के बाहर भी इसका प्रभाव फैला और भारतीय सामंतवाद की अवधारणा निर्मित करने में भी इसी सामंतवाद अवधारणा का उपयोग किया गया हालांकि सामंतवाद एक यूरोपीय अवधारणा है इसमें अलग–अलग इतिहासकार अपने अलग–अलग अवधारणा की व्याख्या करते हैं।

मार्क ब्लॉक ने सामंती व्यवस्था में हो रहे परिवर्तन को दो भागों में विभाजित किया है ।

प्रथम चरण इसमें हल और खींचे जाने वाले जानवरों की कीमत अधिक होने के कारण एक ही परिवार हल बैल का संपूर्ण खर्च नहीं उठा सकता था तथा सारे गांव के खेत एक साथ जोते जाते थे। एक दूसरे की जमीन के बीच में फर्क नहीं किया जाता था। गांव के चारों ओर खुले खेत में फसल कट जाने के बाद उन खेतों में जानवर चरते थे।प्रथम चरण में लोग लकड़ी ,फल खरगोश ,अपने जानवरों के लिए चारा आदि में उपयोग करते थे अर्थात् खेती का कार्य लोग सामूहिक रूप से करते थे। किसानों के बीच खेती का सामान वितरण नहीं था। खेत भी दो प्रकार के थे ।एक खेत को बसंत के आरंभ में जोता जाता था ।परंतु उसमें फसल नहीं लगाए जाते थे इसकी उर्वरता प्राप्त करने के लिए इन्हें प्रति छोड़ दिया जाता था और प्रति भूमि के झाड़ पतवार का चारे के लिए उपयोग किया जाता था ।

द्वितीय चरण–– कृषि योग्य भूमि का विस्तार और बेहतर प्रौद्योगिकी के विकास में खेती करने के तरीकों में परिवर्तन किया। अब किसानों के लिए सामूहिक रूप से खेती करना अनिवार्य नहीं रह गया और खेती अब किसी अब निजी तौर पर भी की जाने लगी। द्वितीय चरण के लोगों को अब आजादी का आभास होने लगा अधिपतियों की मांगों और करो में कमी लाने के लिए मजबूर किया गया। नए प्रकार की काश्तकारी व्यवस्थाएं भूमि ,कर ,लगान और बटाई पर आधारित हो गए ।सालाना लगान उपज पर आधारित होता था। जनसंख्या में कृषि के साथ–साथ कृषि उत्पादन में भी वृद्धि हुई। 9वीं शताब्दी तथा दसवीं शताब्दी में खेत के उपयोग में बढ़ोतरी की गई अब खेतों से तीन भागों में बांटकर फसल ली जाने लगी। अच्छी उत्पादकता पाने के लिए फसल चक्र की प्रक्रिया को भी अपनाया जाने लगा था। अब किसानों द्वारा बीन एवं मटर की खेती करने से मिट्टी में नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ने लगी। लोहे और पवन चक्की के उपयोग से खेती का तकनीक विकास हुआ इस प्रकार व्यक्तिगत कृषि को बढ़ावा मिलने लगा ।12वीं शताब्दी में अधिपतियों ने कुछ लोकाचार नियम बनाई अपनी वित्तीय शक्ति मजबूत करके के दास्त्व मजबूत के गठबंधन को ढीला किया जिससे कृषि को बढ़ावा मिला। जनता के पास अब धन जमा होने लगा आबादी में वृद्धि से खेती का बंटवारा शुरू हो गया ग्रामीणों के आवागमन में वृद्धि से मालिकों ने मजदूरों के आवागमन पर प्रतिबंध लगे इस तरह उत्पादकता में वृद्धि हुई और दसों की मुक्ति प्रक्रिया में भी तेजी आई ।

वही 1920 और 30 के दशक में बेल्जियन के इतिहासकार हेनरी पिरेन ने अपनी पुस्तक में मेविडाल सिटीज देयर ओरिजन एंड रिवाइवल आफ़ ट्रेड इकोनॉमिक्स एंड सोशल हिस्ट्री ऑफ़ मेडिबल यूरोप तथा मोहम्मद तथा शलमान्य में सामंतवाद के उत्थान और पतन में व्यापार की भूमिका को सर्वाधिक महत्वपूर्ण मानी थी। पिरेन के अनुसार – लंबी दूरी का व्यापार जिसे हुए ष्ब्रैंड ट्रेंडष् कहते थे सभ्यताओं के फलने– फूलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा और किन्ही कारणों से यदि इसमें बाधा पहुंचती है तो सभ्यता की प्रगति भी रुक जाती है। भूमध्य सागरीय क्षेत्र में होने वाले व्यापार ने यूरोपीय सभ्यता को शिखर पर पहुंचा दिया था क्योंकि यह न केवल समाज की आर्थिक स्थिति में सुधार लाया था बल्कि सभ्यता और संस्कृति का भी आदान–प्रदान हुआ और अरबों द्वारा भूमध्य सागरीय क्षेत्र में आक्रमण के कारण व्यापार वाणिज्य बाधित हुआ।पूर्व(एलेक्जेंड्रिया) पश्चिम की (जिब्राल्टर) और मध्य स्थित सारडिया में मुसलमान ने कब्जा जमा लिया यूरोपीय अर्थव्यवस्था अंतर मुखी हो गई ।व्यापार वाणिज्य सीमित रूपों में होता था ,लंबे व्यापार के समाप्त होने से विचारों का आदान–प्रदान भी समाप्त हो गया। 11 वीं शताब्दी में धर्म युद्धों के द्वारा अरबों को उनके घर मध्य पूर्व धकेल दिया गया। पुनः लंबी दूरी के व्यापार शुरू हुए ।शहरी केंद्र एक बार फिर से जी उठा यह सामंतवाद के अंत का आरंभ रहा। उन्होंने इस का रूपांतरण का महत्व दिखाने के लिए शहरी जीवन व्यक्ति को स्वतंत्र बनता है ष्जैसी कहावतें को उदित किया।

जबकि इतिहास का डयूबी ने अपनी पुस्तक ष्रोलर इकोनामिक एंड कंट्री लाइफ इन द मेडिकल वेस्ट और अर्ली ग्रोथ ऑफ़ यूरोपीय इकोनॉमी के माध्यम से सामंतवाद की धारा ही बदल दी।

उन्होंने श्रम के क्षेत्र में होने वाले बदलावों ने जो ग्रामीण परिदृष्य को पूरी तरह बदल दिया ने सामंती व्यवस्था के पतन का कारण माना ।उनके अनुसार श्रम परिवर्तन के कारण कृषक वर्ग के

भीतर आपसी अंतर बढ़ता गया। सतत और प्रबल परिवर्तनों ने सामान्य परिदुश्य बदल दिया। धीमी विकास ने लगभग सभी लोगों को प्रभावित किया। कुछ दूसरों की अपेक्षा तेजी से ऊपर उठ गए। पूरे प्रदेश में एक नई अर्थव्यवस्था और एक नए वर्ग का उदय हुआ क्योंकि इसने सामंती व्यवस्था पर जड़ से प्रहार किया था। सामंतवाद का पतन सामंती व्यवस्था की आंतरिक प्रक्रिया के कारण हुआ था। जॉर्ज डयूबी के विचार थे कि– सामाजिक भेद एक ऐसी प्रक्रिया है जो एक दिन या 1 साल या एक दशक में पैदा नहीं होती बल्कि इसमें सदियों लग जाती है। उन्होंने शहरी शहरी क्रेंदो का उदय और व्यापार का उदय अपने आप में स्वतंत्र परीघटना न होकर इसे आंतरिक विकास क्रम और बदलाव का ही एक भाग माना था।

जबकि मार्क्सवादी विश्लेषण के आधार बनाते हुए डॉब ने अपना मत प्रस्तुत किया और कहा कि पश्चिमी यूरोप के सामंतवाद के पतन के कारण इसका अंदरूनी संकट था। 11वीं शताब्दी में धर्म योद्धाओं ने अर्बन को यूरोप से भगाकर उनको अपने क्षेत्र में धकेल दिया। इस युद्ध के दौरान यूरोपीय पूर्व के एशो आराम की वस्तुएं जैसे की –इत्र, रेशम और मसाले जैसी वस्तुओं के संपर्क में आए जिनके बारे में उन्होंने पहले कभी सुना नहीं था ।धर्म योद्धा व्यापारी बन गए और लौटकर ऐसा आराम की वस्तुओं अभिजात वर्ग को ऊंची कीमत पर बेचने लगे। पूर्वी ऐशो आराम के समान ने पश्चिमी संस्कृति और आर्थिक परिवेश पर बहुत गहरा असर डाला। अब अभिजात वर्ग के लोग इस सुख सुविधा के लिए कोई भी कीमत चुकाने को तैयार थे। इस मिलन से पश्चिम यूरोप और मध्य पूर्व के बीच हालांकि मात्रा में काम परंतु मूल्य में काफी अधिक व्यापार होने लगे और इसके कारण यूरोप में संसाधनों का संकट उत्पन्न हो गया क्योंकि भूमि पति वर्ग की आए कृषि पर निर्भर करती थी। प्रौद्योगिकी के निम्न स्तर के कारण स्थिर हो चुकी थी उनके शौक और खर्च दोनों काफी बढ़ गए थे। लेकिन आमदनी का जरिया मात्र एक किसानों का कर था।इसलिए इन्होंने अब किसानों को ज्यादा चूसना शुरू कर दिया क्योंकि किसान धन का प्रथम उत्पादन करता था परिणाम स्वरुप एक तीखा विभाजन हुआ और समाज के सभी वर्ग इससे प्रभावित हुए। डॉब शहरी केंद्र के पुनरुत्थान को भी सामंतवाद का पतन का कारण मानते हैं।शहरों के उदय ने शोषित किसानों को रोजगार के लिए विकल्प उपलब्ध कराया। किसानों ने शोषण से मुक्त होने के लिए शहरों की ओर पलायन किया।जिसमें अधिकारी और कृषि दास तथा अधिपति और शहरी बिजुआ वर्ग एक– दूसरे के आमने–सामने थे। आर्थिक क्षेत्र में वर्चस्व बढ़ रहा था गरीब किसानों का ग्रामीण क्षेत्र से शहर की ओर पलायन कर रहे थे। अधिपति अपने आप को लाचार महसूस कर रहे थे और सामंतवाद ढह रहा था।

डॉब ने माना कि शहरी केंद्र का उदय हो रहा था ।लेकिन व्यापार वृद्धि की वजह से नहीं ।

निष्कर्ष –

कहा जा सकता है कि अधिपतियों और किसानों के बीच हुआ वर्ग संघर्ष को इस पतन का सिर्फ एकमात्र कारण नहीं माना जा सकता वास्तव में केवल ऐतिहासिक अनुशासन के दायरे में विभिन्न दृष्टिकोण से भी इसका अंतिम उत्तर नहीं प्राप्त किया जा सकता है अर्थात सामंतवाद का पतन एक धीमी प्रक्रिया थी इसके पतन में लगभग तीन शताब्दियों का समय लग गया ।सीधे शब्दों में वाणिज्य क्रांति
पूंजीवाद का उदय
राष्ट्रीय राज्य का उदय
धर्म युद्ध
आदि जैसी अनेक घटनाओं ने मिल–जुलकर सामंतवाद के पतन में अपना योगदान दिया।

संदर्भ ग्रंथ –

संक्रांति कालीन यूरोप अरविंद सिन्हा
यूरोप में सामंतवाद यूपीएससी डीयू
इग्नू डभ्प–1
यूरोपीय संस्कृति

पता– **डॉ0 शीतल कुमारी**
कांके रोड 2104/C2 ,रांची।
पिन– 834008
झारखण्ड,
मोबाइल नंबर– 82109 45031

8

औद्योगिक क्षेत्र में गंदी बस्तियों में महिलाओं की स्थितिः झुंझुनू एवं सीकर जिले का एक अध्ययन

सरिता जांगिड, डॉ0 धीरज कुमार

सारांशः–

भारत 130 करोड़ की कुल आबादी वाला एक विकासशील देश है असंतुलित सामाजिक और आर्थिक विकास भारत में पर्यावरण चुनौतियों और विकास को प्रभावित करने वाले मुद्दों का प्राथमिक कारण है। ग्रामीण से नगरीय क्षेत्रों में आबादी के स्थानांतरण के कारण तेजी से हो रहे नगरीकरण ने इन चुनौतियों को और अधिक जटिल बना दिया है। औद्योगिक क्षेत्रों में गंदी या मलिन बस्तियां हैं, जहाँ मकान टूटे–फूटे, निम्न स्तर के तथा बहुत गंदे हैं और जहाँ रहना स्वास्थ्य, सुरक्षा, नैतिकता तथा सामान्य सुख–सुविधाओं के लिहाज से बहुत ही हानिकारक तथा खतरनाक है। मानव रहने के लिए ऐसे भी स्थान हो सकते हैं, यह मलिन बस्तियों की हालत देखकर आसानी से नहीं सोचा जा सकता। महिलाएं इन गंदी बस्तियों में रहने वाले परिवारों में सबसे कमजोर होती हैं। महिलाएं उस नगर विशेष में स्थित छोटे उद्योगों, निर्माण स्थलों आदि में जाकर काम करती हैं या अपने आसपास के संपन्न परिवारों में काम करती हैं।

मुख्य शब्द : शहरीकरण, अनियोजित, जनसंख्या, पर्यावरणीय विचार–विमर्श

प्रस्तावना : औद्योगिक क्षेत्र की गंदी या मलिन बस्तियां वे आवासीय क्षेत्र मानी जाती है, जहाँ के मकान टूटे–फूटे, निम्न स्तर के तथा बहुत गन्दे हो और जहाँ का रहना स्वास्थ्य, सुरक्षा, नैतिकता तथा सामान्य सुख–सुविधाओं के लिहाज से बहुत ही हानिकारक तथा खतरनाक हो । मलिन बस्तियों की दशा को देखने से सहज में यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता है कि मनुष्य के रहने के लिए ऐसे भी स्थान हो सकते है । इस प्रकार की गंदी बस्तियों में रहने वाले परिवारों में सबसे दयनीय दशा महिलाओं की होती है। महिलाएं अपने क्षेत्र के आस पास के सम्पन्न लोगों के परिवार में कार्य करती है, अथवा अपने आवास के क्षेत्र से हटकर उस नगर विशेष में स्थित लघु उद्योगों, निर्माण स्थलों आदि में जाकर कार्य करती है । आज समस्त विश्व के नगरों में गंदी बस्तियों की समस्या विकट रूप धारण कर चुकी है। औद्यौगिक क्रांति के फलस्वरूप गंदी बस्तियां प्रायः प्रत्येक नगर का एक भाग बन गई है। कल–कारखानों, रेलवे मार्गों तथा गंदी बस्तियों की स्थिति साथ–साथ चलती है । औद्योगीकरण, आवासों का अभाव, संसाधनों की अपर्याप्तता, नगरीय आंतरिक संरचना की अनियोजित वृद्धि दर को गंदी बस्तियों की उत्पत्ति का मुख्य कारण माना जाता है। बॉल्कर (1938) के अनुसार गंदी बस्ती वह स्थान है,जो शहर के औद्यौगिक क्षेत्र में गन्दी तथा अव्यवस्थित सडक के किनारे स्थित है और जहां मैले कुचौले तथा दुराचारी प्रवृत्ति के लोग बसें हुए है तथा जहां का पूरा पडोस निम्न कोटी के गन्दे लोगों का है । इस प्रकार गंदी बस्ती वह आवासीय क्षेत्र मानी गयी है, जहां की आबादी बहुत घनी हो, मकान टूटे–फूटे, निम्नस्तर के तथा बहुत गन्दे हो और जहां पर रहना स्वास्थ्य सुरक्षा, नैतिकता तथा सामान्य सुख–सुविधाओं के लिहाज से बहुत ही हानिकारक तथा खतरनाक हो । मलिन बस्ती इस प्रकार सबसे खराब आवासीय तथा अस्वास्थ्यकर बस्ती को परिलक्षित करती है । जहां अधिकांश निम्न आय वर्ग के लोग आकर बस गये है । वे महिलाऐं जो मलिन बस्ती, दूषित वातावरण में रहने को विवश होती है, वे थकान, श्वास क्रिया में अनियमितता, हैजा, कैंसर, उच्च रक्तचाप तथा बेहरेपन से पीडित हो जाती है। यहां का प्रदूषण युक्त वातावरण महिलाओं के साथ–साथ उनके अजन्में बच्चों को प्रभावित करता है । गंदी या मलिन बस्तियां अब सिर्फ स्थूल आकार या आर्थिक संदर्भ में ही नहीं देखी जा रही है, बल्किये ऐसी सामाजिक स्थिति को सूचित करती है, जिसमें मनुष्य के स्वभाव, विचारधारा, आर्दश तथा व्यवहारिकता को बहुत महत्वपूर्ण समझा जाता है

अध्ययन क्षेत्रः झुंझुनू जिला अनियमित षटकोणीय आकार का है जो 270′38′ और 280′31′ उत्तरी अक्षांशों और 750′2′ से 760′6′ पूर्वी देशांतरों के बीच स्थित है। यह जिला राजस्थान के उत्तरी–पूर्वी भाग में है। यह उत्तर–पश्चिम दिशा में चुरू जिले, उत्तर–पूर्व में हरियाणा के हिसार और महेंद्रगढ़ जिले, दक्षिण और दक्षिण–पूर्वी भाग में सीकर जिले से घिरा हुआ है।यह जिला दिल्ली से 250 किलोमीटर और जयपुर से 180 किलोमीटर दूर है।

सीकर जिला राजस्थान के उत्तर–पूर्वी भाग में 27^{o} 21′ और 28^{o} 12′ उत्तरी अक्षांश तथा 74^{o} 44′ से 75^{o} 25′ पूर्वी देशान्तर के मध्य फैला हुआ है। इसके उत्तर में झुन्झुनूं , उत्तर–पश्चिम में चूरू, दक्षिण–पश्चिम में नागौर और दक्षिण–पूर्व में जयपुर जिले की सीमायें लगती हैं। यह जिला दिल्ली से 250 किलोमीटर और जयपुर से 180 किलोमीटर दूर है।

विधितंत्र :– प्रस्तुत शोध कार्य का उद्देश्य विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों मे रहने वाली ऐसी आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं की दशाओं का अध्ययन करना था। इस शोध कार्य राजस्थान के औद्यौगिक क्षेत्र क्रमांक–1, औद्योगिक क्षेत्र झुंझुनू तथा औद्योगिक क्षेत्र सीकर की मलिन बस्तियों में रहने वाली लगभग 150 महिलाओं का चयन उद्देश्य मूलक निदर्शन पद्धति के आधार पर किया गया तथा तथ्यों का संकलन साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से किया गया। इसके पश्चात सारणीयन एवं विश्लेषण किया गया। मलिन वस्ती की महिलाओं के जीवन के विभिन्न पक्षों की आदतें एवं दशाऐं व्यक्ति के जीवन के सामाजिक मनोवैज्ञानिक, आर्थिक तथा नैतिक पक्ष उसके पर्यावरणीय

दशाओं एवं आदतों द्वारा निर्धारित है । व्यक्ति को जिस प्रकार की परिवेशीय दशाऐं प्राप्त होती है, उसी के अनुरूप उसमें आदतें विकसित होती है। यहीं आदतें आगे चलकर मनुष्य के स्वभाव का अंग बन जाती है। आदतें व्यक्ति के समायोजन तथा उसके व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

1. भविष्य में धन का संचयः सामाजिक प्रस्थिति की उच्चता और निम्नता के निर्धारण का प्रमुख कारण अर्थव्यवस्था को माना जा सकता है। पारिवारिक व्यवस्था को सुनियोजित ढंग से चलाने के लिये यह आवश्यक है कि धन के व्यय की एक योजना निर्धारित हो तभी भविष्य के लिये भी थोडा धन संचीत किया जा सकता है। इस आधार पर जब उत्तरदाताओं से यह ज्ञात किया गया कि क्या आप अपने भविष्य के लिये धन का संचय करती है, तो इस संदर्भ निम्न उत्तर प्राप्त हुऐ :–

तालिका संख्याः 01: झुंझुनू एवं सीकर में मलिन बस्तियों द्वारा भविष्य में धन का संचय :

	उत्तरदाताओं की प्रतिक्रिया	आवृत्ति	प्रतिशत
1	हाँ	33	22
2	नही	101	67.33
3	कभी– कभी	16	10.67
4	योग	150	100

स्रोतः फील्ड सर्वे पर आधारित

आरेख संख्याः 01: झुंझुनू एवं सीकर में मलिन बस्तियों द्वारा भविष्य में धन का संचय



स्रोतः तालिका संख्या 1 पर आधारित

लगभग 67.33 प्रतिशत महिलाओं ने बताया कि धन का संचय नहीं कर पाती है लगभग 22 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वे थोडा बहुत भविष्य के लिये धन संचित करती है, जबकि मात्र 10.67 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वे कभी–कभी धन को भविष्य के लिये संचित करती है।

2. आर्थिक सुदृढता के लिए समाज द्वारा निषिद्ध (वर्जित) कार्य :– धन संचय करने का तरीका यह प्रमाणित करता है, कि व्यक्ति के द्वारा किया जाने वाला कार्य सामाजिक नियमों प्रतिमानों के अनुरूप है, अथवा हम समाज विरोधी तरीकों से धन संचय को अपना रहें हैं। मलिन बस्तियों में अर्थाभाव की महामारी के कारण अकसर यह देखा जाता है कि वहां के लोग अपराधिक एवं अनैतिक व्यवहारों के द्वारा धन संचय कर रहे है ।

अध्ययन के समय जब उत्तरदाताओं से यह पूछा गया कि क्या आपको लगता है कि अपनी आर्थिक सुदृढता के लिए समाज द्वारा निशिद्ध कार्य करना चाहिए तो इस संदर्भ निम्न उत्तर प्राप्त हुऐ

तालिका संख्या 2: झुंझुनू एवं सीकर में मलिन बस्तियों द्वारा आर्थिक सुदृढता के लिए समाज द्वारा निषिद्ध कार्य

क्रम संख्या	उत्तरदाताओं की प्रतिक्रिया	आवृत्ति	प्रतिशत
1	सहमत	25	16.66
2	असहमत	103	68.67
3	अनिश्चित	22	14.67
4	योग	150	100

स्रोतः फील्ड सर्वे पर आधारित

आरेख संख्या 2: झुंझुनू एवं सीकर में मलिन बस्तियों द्वारा आर्थिक सुदृढता के लिए समाज द्वारा निषिद्ध कार्य



स्रोतः तालिका संख्या 1 पर आधारित

लगभग 69 प्रतिशत उत्तरदाता इस कथन से असहमत थे, 14.67 प्रतिशत उत्तरदाता इस कथन से अनिश्चित थे, कि आर्थिक सुदृढता के लिए समाज द्वारा वर्जित कार्य करना चाहिए या नहीं जबकि 16. 66 प्रतिशत उत्तरदाता इस कथन से सहमत थे कि आर्थिक सुदृढता के लिए समाज द्वारा वर्जित कार्य करना चाहिए ।

3. आमदनी का उपयोगः अल्प से अल्पतम आय में व्यय की प्रवृत्ति का व्यवहारिक स्वरूप मलिन बस्तियों की कान्पनिक स्थिति का व्यवहारिक चित्रकल्प प्रस्तुत करते है । अध्ययन में उत्तरदाताओं से पूछा गया कि वे अपनी आमदनी का उपयोग कहाँ करती हैं, तो निम्न उत्तर प्राप्त हुऐ :–

तालिका संख्या 3: झुंझुनू एवं सीकर में मलिन बस्तियों द्वारा आमदनी का उपयोग

क्रम संख्या	उत्तरदाताओं की प्रतिक्रिया	आवृत्ति	प्रतिशत
1	घर का खर्च चलाने में	32	21.33
2	घर का खर्च एवं बच्चों के पालन पोषण में	106	70.67
3	अपने रहन–सहन के स्तर को ऊंचा उठाने के प्रयास में	12	08
4	योग	150	100

स्रोतः फील्ड सर्वे पर आधारित

आरेख संख्या 3: झुंझुनू एवं सीकर में मलिन बस्तियों द्वारा आमदनी का उपयोग



स्रोतः तालिका संख्या 3 पर आधारित

विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि अधिकांश 71 प्रतिशत उत्तरदाता अपनी आमदनी का उपयोग घर खर्च एवं बच्चों के पालन पोषण में करती है । 21.33 प्रतिशत उत्तरदाता अपनी आमदनी उपयोग घर खर्च चलाने में करती है, जबकि मात्र 8 प्रतिशत उत्तरदाता अपनी आमदनी का उपयोग अपने रहन–सहन के स्तर को ऊंचा उठाने के प्रयास में खर्च करती है ।

4. आमदनी में से पति के दुर्व्यसन (शराब, गांजा) पर खर्च – पितृसत्तात्मक पारिवारिक व्यवस्था में पुरुषों का वर्चस्व और श्रेष्ठता स्वाभाविक कारक होता है। परिवार की आमदनी में से कौन–सा भाग पारिवारिक जरूरतों पर खर्च होगा और कौन–सा भाग पुरूष अपने द्रव्य व्यसन में व्यय करेगा। यह प्रश्न मलिन बस्ती की महिला के सामने हर समय खडा रहता है, जब आमदनी के रूपये घर आते है । इस प्रश्न के संबन्ध में निम्न उत्तर प्राप्त हुऐ :–

तालिका संख्या 4 : झुंझुनू एवं सीकर में मलिन बस्तियों द्वारा आमदनी में से पति के दुर्व्यसन (शराब, गांजा) पर खर्च

क्रम संख्या	उत्तरदाताओं की प्रतिक्रिया	आवृत्ति	प्रतिशत
1	हाँ	41	27.33
2	नही	52	34.67
3	कभी– कभी	57	38
4	योग	150	100

स्रोतः फील्ड सर्वे पर आधारित

इस अध्ययन से स्पष्ट हुआ है कि 34.67 प्रतिशत उत्तरदाता अपनी आमदनी में से पति के दुर्व्यसन जैसे शराब, गांजा, तम्बाकू, गुटखा आदि पर खर्च नहीं करती है, जबकि 38 प्रतिशत उत्तरदाता अपनी आमदनी में से पति के दुर्व्यसन पर कभी–कभी खर्च का वहन करती है, जबकि 27.33 प्रतिशत उत्तरदाता ऐसी है, जो अपनी आमदनी में से पति के दुर्व्यसन पर खर्च का वहन करती है ।

निष्कर्ष – अध्ययन से स्पष्ट होता है कि अधिकांश 67.33 प्रतिशत महिलायें भविष्य के लिये धन संचय नहीं करती है, या इसके लिये सक्षम नहीं है क्योंकि जहां दैनिक जीवन की आवश्यकताओं को पूर्ण करना ही एक चुनौती हो, वहां भविष्य के लिये धन संचय एक असम्भव प्रयास है । इसके साथ ही जहां अपने अस्तित्व की जीवन्तता का प्रश्न ही सर्वोपरि हो वहां नैतिकता और अनैतिकता का मापदण्ड केवल सैद्धांतिक कल्पना मात्र प्रतीत होता है । इस तथ्य की पुष्टि 14.67 प्रतिशत अनिश्चित मत से भी होती है, जो यद्यपि संख्या की दृष्टि से अत्यंत कम है किन्तु अनैतिक एवं समाज विरोधी कार्य को कभी भी कर गुजरने की मौन स्वीकृति तत्परता पूर्वक देता है। पति के दुर्व्यसन जैसे शराब, गांजा, तम्बाकू आदि पर खर्च से संबंधित तथ्य के विश्लेषण स्पष्ट होता है कि 34.67 प्रतिशत महिलाऐं कभी–कभी खर्च का वहन करती है, जबकि 27.33 प्रतिशत महिलाएं आमदनी में से पति के दुर्व्यसन पर खर्च करती है । यद्यपि आंकडे से यह प्रतीत होता है, कि आमदनी का व्यय अत्यंत साधारण ढंग से हो रहा है, परन्तु साक्षात्कार के दौरान यह तथ्य सामने आया कि व्यय की मात्रा केवल पुरुष सदस्यों की सहमति पर निर्भर करती है, जहां कोई महिला सक्षम व शिक्षित थी तो वहां पारिवारिक कलह का मुख्य कारण भी यही था । जिसके लिऐ हिंसात्मक तरीकों का प्रयोग भी किया गया। इस स्थिति में महिलाओं के पास बहुत कुछ सोचने विचारने का अवसर प्राप्त नहीं हो पाता है । परिणामस्वरूप महिलायें मलिन बस्तियों के कुठाराघात से आकांत रहती है, और किसी प्रकार के विकास प्रक्रिया से अपने आप को जोड़ नहीं पाती है। मलिन बस्तियों में महिलाओं के शिक्षा का प्रतिशत कम होने तथा उन्हें अपने अधिकारों का समुचित ज्ञान ना होने के कारण भी महिलाओं की स्थिति निम्न बनी हुई। है। इसके साथ ही शासन स्तर पर योजनाओं को समुचित रूप से लागू

ना कर पाना तथा इस प्रकार के क्षेत्रों में शिक्षा तथा जागृति अभियानों का प्रचार ना किया जाना भी महिलाओं की स्थिति को निम्न बनाऐ हुए है।

संदर्भ सूची :

1. डॉ. आर. एन. त्रिवेदी(2011) – रिसर्च मेथ्डोलॉजी, कालेज बुक डिपो, जयपुर
2. अशोक कुमार गुप्ता (2014): नऐ औद्यौगिक शहरी क्षेत्रों में गंदी बस्तियों, विवेक प्रकाशन, दिल्ली
3. आरती मिश्रा (2009) – गंदी बस्तियों में महिलाऐं: पर्यावरण का प्रभाव, क्लासिकल पब्लिशिंग कं.
4. जेम्स फोर्ड (1936) – स्लम्स एन्ड हाउसिंग, हिस्ट्री, कन्डीशन, पालिसी, हावर्ड युनिवर्सिटी प्रेस, केम्ब्रीज 5 एन.
5. जे. हेमेन (1934) दृ स्लम्स एनस्लायकोपेडिया ऑफ सोश्यल साईन्सेस, अंक 13, मेकमिलन क. न्यूयार्क पृष्ठ 93–98
6. विश्व स्वास्थ्य संगठन, जेनेवा – वुमेन, हेल्थ एण्ड डेवलपमेन्ट,1985, पृष्ठ 10
7. राम आहुजा (1997)– काइम अगेन्स्ट वीमेन, रावत प्रकाशन, जयपुर
8. अमर्त्य सेन (2011)– भारत : विकास की दिशाएँ पृष्ठ 36

सरिता जांगिड़

(यूजीसी नेट)

डॉ.धीरज कुमार

सहायक प्रोफेसर (वी.एस.वाई)

भूगोल विभाग

एस.बी.डी राजकीय महाविद्यालय सरदारशहर

9

समकालीन हिंदी कविता में वैयक्तिक और सामाजिक जीवन–मूल्य

Manju Bala

सारांशः–

व्यक्ति सामाजिक संरचना की सबसे छोटी इकाई है। सामाजिक जीवन मनुष्य से होकर ही शुरू होता है। मनुष्य का अस्तित्व समाज में ही साकार हो उठता है। उनमें जिन मानवीय संवेदनाओं का विकास हुआ है उससे ही सभी संबंधों को (पारिवारिक या सामाजिक) बनाए रखने में वह सक्षम बन जाता है। मानवीय संवेदनाओं की अनुपस्थिति में सारे संबंध निरर्थक सिद्ध होता है।

समकालीन हिंदी कविताओं में कवियों ने व्यक्ति और के सापेक्ष संबंध को ध्यान में रखकर जीवन–मूल्यों पर चर्चा की है। सबसे चिंता की बात यह है कि आजकल समाज में मानवता का गुण खत्म होता जा रहा है। आज हम सभी संवेदनाओं को, सभी संबंधों को, सभी सामाजिक व्यवस्थाओं को मानते तो हैं, लेकिन व्यावहारिक जीवन में इसका निर्वाह नही हो रहा है। आज का मानव जीवन प्यार का महिमागान, दोस्ती की आत्मीयता, ममता की महनीयता आदि के आदर्शात्मक स्वरूप को लेकर चिंतित हैं, फिर भी व्यवहारिक जीवन में इन तमाम मूल्यों को स्वार्थ के घेरे में बाँध कर रखना चाहते हैं। मौजूदा हालात को देखकर लगता है कि अब किसी के दिल में अपनों के प्रति या दूसरों के लिए हमदर्दी, प्यार, इनसानियत, कोई भी सकारात्मक भावनाएं नहीं रही हैं, समकालीन हिंदी कविताएँ इसका प्रमाण हैं। जब व्यक्ति का वैयक्तिक जीवन–मूल्य संकट में पड़ जाता है तो इसका स्वाभाविक प्रभाव सामाजिक जीवन मूल्यों पर भी होता है।

व्यक्ति समाज और जीवन मूल्य

व्यक्ति अपनी खास पहचान समाज मे रहकर ही करता है। वह अपनी इसी पहचान से समाज को प्रभावित करता है। मनुष्य और समाज के सापेक्ष संबंध को व्यक्त करते हुए महादेवी वर्मा जी कहती हैं– ''व्यक्ति तथा समाज का संबंध सापेक्ष कहा जा सकता है, क्योंकि एक के अभाव में दूसरे की उपस्थिति संभव नहीं। व्यक्ति के स्वत्वों की रक्षा के लिए समाज बना है। एक सामाजिक प्राणी स्वतंत्र और परतंत्र दोनों ही है। जहाँ तक वैयक्तिक हितों की रक्षा के लिए निर्मित नियमों का संबंध है, व्यक्ति परतंत्र ही कहा जाएगा; क्योंकि वह ऐसा कोई कार्य करने के लिए स्वच्छन्द नहीं जिससे अन्य सदस्यों को हानि पहुँचे, परंतु अपने और समाज के व्यक्तिगत और सामाजिक विकास के क्षेत्र में व्यक्ति पूर्णतः स्वतंत्र रहता है।'' समाज की मुक्ति मनुष्य की मुक्ति की शर्त है। समाज से बाहर, उससे अलग रहकर व्यक्ति की स्वतंत्रता कल्पना से परे से है। समाज कहने से इसके अंतर्गत सभ्यता, संस्कृति, धर्म आदि बहुत सारी बातें आ जाती है। अतः इसी सामाजिक चेतना से सामाजिक मूल्य परिवर्तित होता है।

समाज में मूल्य सदा बनते मिटते आए हैं। प्रत्येक समाज अपनी आवश्यकतानुरूप मूल्यों का निर्धारण करता है। समाज का संबंध व्यक्ति से है, व्यक्ति स्वभावतः स्वच्छन्द प्रिय या स्वतन्त्र है। उसकी स्वतंत्रता जब मर्यादा की सीमा पार करती है तो व्यक्ति चैतना विद्रोह के लिए बाध्य हो जाती है। विद्रोह की इसी बाध्यता के फलस्वरूप है। सामाजिकता का विजडित घेरा टूटता है और जीवन में दोबारा नये मूल्यों की स्थापना होती है। जीवन के उचयन में 'मूल्य' मुख्य साधन है। प्रत्येक युग में उसके अलग मूल्य होते हैं ये काल के अनुसार होते हैं लेकिन इसके कुछ आधार होते हैं। ये आधार सनातन है जीवन एवं संस्कृति की जड़े हैं।

मूल्य हीनता समाज में अराजकता का कारण होती है। अतः प्रत्येक समाज एक निश्चित मूल्यों के अंतर्गत ही चल सकता है। वैयक्तिक एवं सामाजिक मूल्यों में व्यक्ति के जीवन में क्या हो रहा है, इसका प्रभाव समाज पर कैसे पड़ रहा है, इसमें सही क्या है और गलत क्या है के निर्णय के साथ व्यक्ति और समाज दोनों जीवन स्तरों पर क्या होना चाहिए इस पर विचार किया गया।

वैयक्तिक जीवन–मूल्य

मनुष्य का सबसे श्रेष्ठ गुण है उसकी संवेदनशीलता। इसके सहारे वह जीवन को नैतिकता की दिशा में प्रवाहित करता है और मानवता एवं सार्वभौमिक कल्याण की ओर प्रयत्नरत रहता है। वह अपने स्वार्थ को भूलकर सबके हित की सोचने लगता है। वह समन्वयवादी, सहनशील, प्रतिबद्ध, विवेक युक्त निर्णय लेने में सक्षम बन जाता है।

वैयक्तिक जीवन मूल्य के दो प्रकार होते है– सात्विक और व्यवहारिक। पुरुषार्थ में धर्म, अर्थ और काम व्यावहारिक एंव मोक्ष सात्विक मूल्यों की श्रेणी में आ जाते हैं। व्यावहारिक कर्म अंहकारमूलक होता है जबकि सात्विक कर्म अहंकार से मुक्त समाज के हित के लिए कल्याणकारी होता है। इसलिए ही व्यक्ति के जीवन में इन चार पुरुषार्थो का होना अनिवार्य माना जाता है। मनुष्य अपने जीवन में सुख की कामना को श्रेष्ठता प्रदान करता है और उसी के लिए कर्म करता है। वह अपने स्वाभाविक प्रेरणाओं का गुलाम होता है। अर्थ एवं काम मनुष्य की सुख प्राप्ति की लिप्सा को बढ़ावा देने वाले माध्यम है। और इसमें उसकी मुक्ति मोक्ष की कामना से ही संभव होता है। आज का व्यक्ति एवं उनका जीवन व्यावहारिक कर्मों को प्रमुखता दे रहा है। इससे वैयक्तिक जीवन मुल्यों का पतन हो रहा है।

व्यक्तिक जीवन के संदर्भ में सबसे प्रमुख मूल्य है व्यक्ति की स्वतंत्रता। व्यक्ति की इच्छा होती है कि वह संसार के बंधनों से मुक्त

हो जाए स्वतंत्र रहे। अपने खुशी और अपने आप पर निर्भर रह सकें। यही आधुनिकता और 21वीं सदी में जीने वाले व्यक्ति के लिए वैयक्तिक मूल्य बन गया है। जिंदगी की भाग–दौड़ में वह जीना भूल गया। वह संबंधों को मन में अपनाने की बजाय बुद्धि से सोचने लगा। वह अपनी खुशियों को पाने के लिए गलत तरीकों का प्रयोग करने लगा। सत्य, धर्म, न्याय, अहिंसा, प्रेम, करुणा आदि भावनाओं के स्थान पर असत्य, अहिंसा, अन्याय, घृणा, क्रूरता, द्वेष, जलन आदि भावनाओं को मन में पालने लगा। जिससे व्यक्ति के सभी मानवीय संबंध टूट गए। वैयक्तिक जीवन मूल्यों में आये संकट की स्थिति की व्याख्या देने में कुँवर नारायण, कात्यायनी, उदय प्रकाश, विजय कुमार, प्रभात त्रिपाठी, वीरा, अनामिका, राजेन्द्र कुमार, चंद्रकांत देवताले जैसे कवियों की कविताएँ सफल बन पायी है। इन कवियों की कविताओं के माध्यम से वैयक्तिक जीवन मूल्यों में हुए बदलाव को देखने की जरूरत है।

मानवीय संवेदनाएँ

संवेदनाएँ वह गुण है जिसके सहारे सक्ति अन्य प्राणियों के जीवन की महता को भी स्वीकार कर लेते हैं और उसके अंदर दूसरों के लिए दुख, स्नेह, दया, करुणा, प्रतिबद्धता, अन्याय के विरुद्ध प्रतिक्रियात्मकता आदि सभी भावनाएँ विकसित होती हैं। उसका हर एक कदम विवेकसम्मत एवं लोक कल्याण पर आधारित होता है। वर्तमान समय में मानवीय संवेदनाओं से मानव जीवन से लुप्त हो गई है। प्रारंभिक काल में मनुष्य में ये सभी भावनाएं स्वाभाविक एवं सहज रूप से विकसित हुई। उस समय वह यह भी जानता था कि अकेले में उसका जीवन सुरक्षित एवं पूर्ण नहीं। इसलिए उन्होंने दूसरों के साथ सहसंबंध स्थापित किए। वे आपस में सब कुछ बाँटकर खुश थे। लेकिन जब से मनुष्य अपनी आवश्यकताओं से बढ़कर उत्पादन करने लगा और वह लोभी प्रवृति का हो गया। वैज्ञानिक प्रगति ने आधुनिक युग में मानव की इस भोग लिप्सा को बढ़ावा दिया। आज का मनुष्य धन केंद्रित और स्वार्थी हो गया। इसका परिणाम यह हुआ कि वह एकदम अराजक वृतियों एवं अमानवीय क्रियाकलापों के घेरे में फँस गया। चाहते हुए भी वह अब इस बंधन से मुक्त नहीं हो पा रहा है। आज वह जिंदगी के फैसले लेने में सक्षम नहीं, गलत सही की चिंता उसे सताती रहती है।

परदु:खकारता

परदु:खकारता से तात्पर्य है, दूसरों के दुख को भी अपना दुख समझ लेना। हजारी प्रसाद द्विवेदी साहित्य को मनुष्य के लिए मानने के पक्षधर हैं। उनका मानना है कि ''मैं साहित्य को मनुष्य की दृष्टि से देखने का पक्षपाती हूँ। जो बागजाल मनुष्य को दुर्गति, हीनता और परमुखापेक्षिता से बचा न सके, जो उसकी आत्मा को तेजोद्वीप न बना सके, जो उसके हृदय को परदु:खकारता और संवेदनशील न बना सके, उसे साहित्य कहने में मुझे संकोच होता है।

द्विवेदी जी का मानना है कि साहित्य का उद्देश्य मनुष्य के हृदय को परदु:खकारता बनाना है, आज तक इस लक्ष्य को पाने में हमारा समाज काबिल नहीं हो पाया। अपने मतलब को पाने के लिए लोग भावनाओं के साथ बेईमानी करने लगे हैं। दुख न होते हुए भी दुखी होने का दिखावा करते हैं। मन ही मन में दूसरों को कोसते हैं और आँखों के सामने आते ही प्रेम छलकाते हैं। वर्तमान समय में जीने वाले व्यक्ति नैतिक नहीं है, वे नैतिक आचरण को नहीं मानते हैं। वे अपने स्वार्थ के लिए दूसरों पर अत्याचार कर करने पर तैयार हो जाते है। उसका प्रारंभ व्यक्ति के वैयक्तिक जीवन से ही होता है। सबसे पहले हमें अपना आचरण सुधारना चाहिए। सुरक्षित समाज में रहने वाले लोगों की संवेदनमूल्यता को दिखाने वाली कविता है शिवकुमार श्रीवास्तव की 'सूखा : एक प्रतिक्रिया' इसमें कवि कहते हैं–

''निरूद्धेय
लक्ष्यहीन भाग रहे हैं सब
कोई किसी से
किसी का दर्द बुझेगा नहीं।
रास्ता हो भी तो
ऐसी विलक्षण घड़ी है कि सूझेगा नहीं।
क्योंकि सूझना–बूमना समझने से,
और समझना सोचने से संबंध रखता है।
किंतु सोचने से हमारा संबंध टूट गया है।
इसकी किसी को कोई चिंता नहीं है।
सब चाहते है–
एक दूसरे की चिंता पर रोटी सेंकना
जिसके लिए आटा नहीं है
मगर हर मूर्ख समझता है
कि इस व्यापार में घाटा नहीं है।''

आज व्यक्ति में नजर आने वाली बड़ी खामी है उसकी संवेदनशून्यता। समकालीन परिवेश में पलने वाले व्यक्ति अपने चरित्र को सबसे महत्वपूर्ण स्थान देते है। हम दूसरों के ऊपर बिना सच्चाई पता कुछ भी इल्जाम लगा देते हैं। इस पर प्रयाग शुक्ल जी ने अपनी 'नाम का खतरा' नामक कविता में भी कहा है –

''नाम का सबसे बड़ा खतरा यह
है कि सुना सकता है तुम्हारे नाम पर
कोई भी सच्ची–झूठी कहानियाँ
और पता भी नहीं चल सकता तुम्हे।''

वैयक्तिक जीवन इतना संकुचित हो गया है कि व्यक्ति अकेला रहना चाहता है। इस संकुचित स्वार्थ घेरे से बाहर भी ना आ पा रहा है। वह अपनी पंसद ना पसंद खुद चुनता है और उसमें भी वह खुश नहीं हैं।

प्यार

प्यार ही मनुष्य को मनुष्य का स्वरूप प्रदान करता है। विश्व कल्याण के लिए मूल्यों के बचाव के लिए व्यक्ति में प्यार का होना अनिवार्य है। लेकिन वर्तमान समय में सभी संबंधों में प्यार का स्वरूप बदलता देख सकते हैं। प्यार के नाम पर धोखा देना किसी का शोषण करना आदि मनुष्य के लिए आम बात हो गई है। इसका परिणाम आज समाज में सभी भुगत रहे हैं। इसका कारण समाज में प्यार की कमी है। कवि कुँवर नारायण जी ने अपनी कविता 'इतना कुछ था दुनिया में' में इसकी अभिव्यक्ति प्रस्तुत पंक्तियों के द्वारा की है–

संदर्भः

1. महादेवी वर्मा, श्रृंखला की कड़ियाँ, पृ० 113
2. हजारी प्रसाद द्विवेदी, अशोक के फूल, पृ० 148
3. शिव कुमार श्रीवास्तव – तुम ऋचा हो, पृ० 105
4. प्रयाग शुक्ल – बीते कितने बरस, पृ० 18
5. कुँवर नारायण – हाशिए का गवाह, पृ० 71
6. राजेश जाशी, नेपथ्य में हँसी, पृ० 67
7. कुँवर नारायण, हाशिए का गवाह, पृ० 12
8. कुँवर नारायण, हाशिए का गवाह, पृ० 88
9. रेखा मैत्त, रिशतों की पगडंडियों, पृ० 20

Name - Manju Bala
Mobile - +91 93151 94510
Mail id - manjubala9291@gmail.com
Address - House no. 1785 ,
Sector 2 Rohtak , Haryana
Pin code 124001

10

संत रज्जब हिन्दी जगत् की एक अद्भुत प्रतिभा

डॉ0 निर्भय शर्मा

सारांश –

प्रस्तुत शोध आलेख में महान् संत रज्जब की अद्भुत प्रतिभा द्वारा सामाजिक परिवर्तन को विश्लेषित करने का प्रयास किया गया है, क्योंकि भारतवर्ष में भक्ति आंदोलन की यात्रा सामाजिक परिवर्तन की एक प्रमुख यात्रा रही है, जिसकी प्रमुख कड़ी के रूप में संत रज्जब को भी देखा–परखा जा सकता है। संत रज्जब ने धार्मिक विविधता एवं उसकी सर्वोपरिता के आधार पर विभिन्न खेमों में बंटे हुए विचारों को एक खेमें में लाने का सार्थक प्रयास किया। मुस्लिम धर्म से ताल्लुक रखने के बावजूद भी संत रज्जब का हिन्दू धर्म में विश्वास रखना वास्तव में सर्वधर्म समन्वय को प्रतिस्थापित करता है। संत रज्जब ने आज से 400 सौ वर्ष पूर्व सर्वधर्म समन्वय के साथ मजबूत सामाजिक संबंधों का ताना–बाना बुना था, जो कि आज उत्तर आधुनिकता के पायदान पर भी रज्जब पंथ के रूप में गतिमान है और लोकजन को जीवन का सही फलसफा बताता है। संत रज्जब की सामाजिक विरासत धार्मिक कृत्यों की जगह कर्तव्य की अवधारणा पर आधारित है। संत रज्जब का लेखन कार्य आमजन के जीवन की घटनाओं पर आधारित है। उन्हीं घटनाओं को आधार बनाकर संत रज्जब लोगों को मूल्यों के अनुरुप जीना सिखाते हैं। संत रज्जब का यह कार्य उन्हें एक महान् क्रिया समाज वैज्ञानिक के रूप में स्थापित करता है। आज के परिप्रेक्ष्य में संत रज्जब की सामाजिक विरासत 'रज्जब पंथश के रूप में स्थापित है। इनकी यह विरासत लोकजन को धर्म एवं जाति के आधार पर तोड़ने का नहीं बाल्क जोड़ने का काम करती है।

मुख्य शब्द– विरासत, रंग, ज्ञानीयता, अभिकरण, पुनर्जागरण, अस्पृश्यता, उत्सर्ग, पीठाधीश्वर, निराकार, सुमिरन, भजन, ध्यान, गति–मति, सद्गुरु।

प्रस्तावना – संत रज्जब का जन्म जयपुर के सांगनेर में संवत् 1624 में एक पठान परिवार में हुआ था। इनके पिता राजा भगवंत राय और मान सिंह की सेना में नायक के पद पर कार्यरत थे। रज्जब अपने परिवार में सबसे बड़े थे। यह शारीरिक रूप से बहुत ही स्वस्थ थे। यह आजीवन अविवाहित रहे, क्योंकि जिस दिन इनका विवाह होने वाला था उस दिन एक घटना घटी। रज्जब मौर बाँधकर घोड़े पर सवार होकर बैंड–बाजे और बारातियों के साथ जैसे ही विवाह करने जा रहे थे तभी रास्ते में उनका मिलन संत दादू दयाल से हो गया। वह संत दादू दयाल के गूढ़ ज्ञान के बारे में जानते थे। अतः वह संत से साक्षात् करने के लिए लालायित थे। संत दादू दयाल उस समय ध्यान की मुद्रा में लीन थे इसलिए वार्तालाप संभव नहीं हुआ, ऐसी स्थिति में रज्जब वहीं बैठ गये और फिर बाराती भी रुकने को मजबूर हो गये। क्योंकि दुल्हे के बगैर बाराती जायें तो कहां जायें। काफी समय के पश्चात् संत दादू दयाल का ध्यान टूटा तो उन्होंने अपने सामने रज्जब को खड़ा देखा तो सदा–सदा के लिए उन्हें अपना बना लिया और फिर गुरु ने दुनियादारी के चक्कर में न पड़ने की बात करते हुए यह कहा–

रज्जब तैं गज्जब किया, सिर पर बांधा मौर ।
आया था हरि भजन कुं, करे नरक की ठौर ।।1

फिर क्या था रज्जब ने अपने सिर पर बंधा मौर उतारकर वहीं फेंक दिया और अपने छोटे भाई को विवाह करने के लिए बारातियों के साथ कन्या के घर भेज दिया और उसी दिन से रज्जब अपने गुरु दादू दयाल के अनन्य भक्त हो गये। संत रज्जब निःस्वार्थ सेवा, कठिन तपस्या एवं साधना के बल पर कुछ ही समय में वह दादू दयाल केश आत्मीय शिष्य बन गये। इस संदर्भ में परशुराम चतुर्वेदी कहते हैं कि – "संत रज्जब का स्थान संत दादू दयाल के शिष्य में सबसे ऊंचा समझा जाता है।" रज्जब अपनी अनन्य भक्ति के चलते गुरु दादू दयाल के साथ एक छाया की तरह उनके साथ रहने लगे। गुरु के प्रयाण के पश्चात् शिष्य रज्जब ने अपनी आँखें बंद कर लीं। लोगों के लाख समझाने के बाबजूद भी रज्जब ने फिर आँखें नहीं खोलीं और कहा कि इस संसार में जो दर्शनीय था उसका दर्शन कर तो लिया अर्थात् इन आँखों ने पूर्णतः का सौंदर्य देख लिया है और अब इस संसार में देखने योग्य बचा ही क्या है।

संत रज्जब की पारिवारिक संरचना पठान परिवार से संबंध रखने के कारण मुस्लिम धर्म के विचारों से पोषित थी। तत्कालीन समय में देश में मुस्लिम आक्रांताओं का बहुत बड़ा हस्तक्षेप था। इन सब पक्षों को दरकिनार करते हुए संत रज्जब ने एक हिंदू धर्मावलंबी व्यक्ति को अपना गुरु बनाया। ऐसी स्थिति में संत रज्जब ने सनातन धर्म के विचारों को पुष्पित और पल्लवित करने का काम किया। लेकिन यह सब करना सूर्य को पूरब की बजाय पश्चिम में उगाने के समान था। मुस्लिम धर्म त्यागकर हिंदू धर्म स्वीकार करने के कारण उन्हें कई लोगों का आक्रोश झेलना पड़ा। जिसमें स्वयं अपने पिता के साथ–साथ अपने सगे संबंधियों व धर्मावलंबियों से भी काफी वैचारिक संघर्ष करना पड़ा। कहने का तात्पर्य यह है कि सनातन जीवन के साथ आगे बढ़ना संत रज्जब के लिए कोई सहज नहीं था। लेकिन कठिन साधना, भक्ति एवं प्रेम के द्वारा उन्होंने अपना उत्सर्ग किया। संत रज्जब के बारे में यह कहा जाता है कि संत दादू दयाल एवं संत रज्जब की अस्मिता एवं पहचान एक–दूसरे पर आश्रित रही है।

भक्ति आंदोलन की एक प्रमुख कड़ी के रूप में संत रज्जब को देखा जाता है। संत रज्जब ने तत्कालीन समय में हिंदू और मुस्लिम के रूप में भेद की एक मजबूत दीवार को पूरी तरह से तोड़ने का प्रयास किया और स्वयं मुस्लिम धर्म से होते हुए भी हिंदू संत दादू दयाल का शिष्यत्व ग्रहण किया। वास्तव में संत रज्जब का यह कार्य मानव–मानव को जोड़ने का काम करता है। तत्कालीन समय में भारतवर्ष पर मुस्लिम हुकूमत का अंतिम दौर था जहाँ तलवार की नोक पर धर्म परिवर्तन हेतु दबाव बनाए जाते थे। ऐसी स्थिति में संत रज्जब का हिंदू धर्म की ओर मुड़ना और हिंदू धर्म के सामाजिक पक्ष को स्वीकार करना उनका एक क्रांतिकारी कदम था। वास्तव में संत रज्जब

ने हिंदू धर्म के सामाजिक पक्ष को स्वीकार करके एक महत्वपूर्ण सामाजिक विरासत को खड़ा किया। संत रज्जब ने अपनी रचनाओं के माध्यम से हिंदू–मुस्लिम के रूप में उत्पन्न दीवारों के साथ–साथ समाज में व्याप्त अस्पृश्यता, छुआछूत, पाखण्ड एवं अंधविश्वास के साथ विविध स्तरों पर करारा प्रहार किया है। संत रज्जब लोकजन के बीच प्राथमिक संबंध कैसे मजबूत हों, साथ ही उनके बीच भेद की खाईयों को कैसे कम किया जा सके। इस कार्य हेतु यह निरंतर प्रयत्नशील रहे। उनका मानना है कि जिस कार्य से समाज को पीड़ा पहुँचे वह पाप है और जिससे समाज को सुख प्राप्त हो वह पुण्य है।

संत रज्जब ने अपने ज्ञान और अस्मिता के बल पर जीवन के वास्तविक मर्म को लोकजन के समक्ष रखा। संत रज्जब ने अपना पूरा जीवन सामाजिक समानता एवं भाईचारे को वास्तविक धरातल पर उतारने के लिए व्यतीत किया। मुस्लिम धर्म के होते हुए भी एक हिंदू पीठाधीश्वर को अपना गुरु स्वीकार करना वास्तव में संत रज्जब का सर्वधर्म समन्वय हेतु एक अहम कदम था। रज्जब के समय में समाज जाति और धर्म के नाम पर विभिन्न खेमों में बटा था। एक ओर सामाजिक भेदभाव चरमोत्कर्ष पर था तो दूसरी ओर लोग एक–दूसरे समुदाय की परछाई से भी परहेज रख रहे थे तथा एक–दूसरे को अपवित्र मानकर उनसे दूर भाग रहे थे। छुआछूत एवं अस्पृश्यता के कारण जनसंख्या का एक बड़ा भाग समाज की मुख्य धारा से अलग–थलग था। ऐसे विषम परिवेश में समानता की बात करना बहुत कठिन कार्य था। इन परिस्थितियों के बावजूद भी संत रज्जब द्वारा लोकजन को एक खेमे में लाने की कोशिश जारी रखना अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है। रज्जब लगभग 122 वर्ष का दीर्घायु जीवन जीने में सफल रहे। इन्होंने श्वाणीश एवं श्सर्वगीश नामक दो ग्रंथ लिखे । विक्रम संवत 1746 में संत रज्जब ने अपने नाशवान शरीर का परित्याग कर दिया और बह्मलीन हो गये।

संत रज्जब की सोच बहुत ही सकारात्मक थी। उनका मानना था कि हम सब ईश्वर की ही संतानें हैं तो भला फिर मानव–मानव के बीच भेद करने का अधिकार किसे है। इन्होंने इस धारणा के माध्यम से जाति–पांति एवं अस्पृश्यता के खिलाफ अपने काव्य के माध्यम से एक अच्छे और सकारात्मक विमर्श को लोकजन के बीच प्रस्तुत करने का काम किया है। संत रज्जब का मन दया और करुणा के भाव से परिपूर्ण था। इस संदर्भ में डॉ निर्भय शर्मा का मानना है है कि– "दया और करुणा का भाव मनुष्यता को परखने की सच्ची कसोटी कही जा सकती है। इसमें किसी को टिप्पणी करने की गुंजाइश नहीं होती।" संत रज्जब ने समाज में व्याप्त अंधविश्वासों एवं धर्मगत भेद को पूरी तरह से खारिज किया है। साथ ही साथ लोकजन को भी इस तरह के अंधविश्वास एवं भेद को स्वीकार न करने के लिए बड़े स्तर पर दिन–प्रतिदिन की घटनाओं से संबंधित रूपकों को उकेरा है।

जिस प्रकार एक कुम्भकार अनेक प्रकार से परिश्रम करके अपने पात्रों के लिए मिट्टी तैयार करता है, ठीक उसी प्रकार से एक श्रेष्ठ गुरु अपनी ताड़ना से शिष्य को निम्न अवस्था से उच्चतम अवस्था की ओर ले जाता है। कुम्भकार मिट्टी को पूजने योग्य बनाता है। गुरु की ताड़ना शिष्य को अन्दर से श्रेष्ठ बनाने का काम करती है अर्थात् उसे ईश्वर के समीप लाने का काम करती है। जिस प्रकार गुणों से भरपूर कलश को कठोर प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है, ठीक उसी प्रकार एक श्रेष्ठ शिष्य बनने के लिए गुरु के सानिध्य में अनेक प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। इसे सिद्ध करते हुए संत रज्जब कहते हैं–

सेवक कुंभ कुभार गुरु धड़–धड़ काढ़े खोट ।
रज्जब मांहि सहाय कर, तब बाहर दे चोट ।।2

पारस पत्थर की अपनी एक विशेषता होती है कि उसके सम्पर्क में आने से लोहा भी मूल्यवान हो जाता है। ठीक उसी प्रकार संतों की संगति में रहने से जीव की आध्यात्मिक उन्नति होती है। इसलिए संतों की शरण लेनी चाहिए, क्योंकि साधारण मनुष्य के सम्पर्क में रहने से हम लोभ, मोह, तृष्णा, माया, निंदा आदि के चक्कर में पड़े रहते हैं। परन्तु संत जन इन सबसे परे हैं। अतः ऐसे जनों की ही संगति करनी चाहिए। इस तथ्य को प्रमाणित करने के लिए संत रज्जब लिखते हैं –

पारस परसत लोह, सौंधे सौं महँगा भया।
तो क्यों न करीजे मोह, रज्जब सांचे साधु सौं ।।3

संत रज्जब सतगुरु की तुलना लोहार से करते हुए कहते हैं कि एक लोहार लोहे पर प्रहार करते समय यह नहीं सोचता कि यह नष्ट हो जाएगा बल्कि लोहे को उपयोगी बनाने के लिए उसे लगातार तपाकर श्रेष्ठ बनाने का काम करता है। इसी तरह से एक गुरु भी अपने शिष्य को आत्म–संयम, मौन और सांसारिक माया–मोह से दूर रहने के लिए अनेक कठिन साधनाएँ बताते हुए शिष्य को कष्ट देने का अभिप्राय नहीं होता। बल्कि ज्ञानाग्नि से तपाकर ब्रह्मनिष्ठ बनाना ही अभिप्राय होता है। इस संदर्भ में यह उद्धरण पर्याप्त होगा –

कालबूत कसणी भई, सवब साठी जाणि।
रज्जब तावै तरीगर, त्यौं सदगुरु की वाणि ।।4

माया–मोह से भरे इस संसार में एक नट अपने तमाशे से अज्ञानियों को भ्रम में डाल देता है और स्वांग की प्रक्रिया लगातार चलती रहती है। लोग नट के तमाशे में फंसकर मतिभ्रम में पड़ जाते हैं। ठीक उसी प्रकार बाजीगर रुपी ईश्वर ने इस संसार में माया का प्रपंच रच दिया है। इस असार संसार में कोई जन्म ले रहा है तो कोई जन्म लेकर मर रहा है और आगे भी जन्म होते रहेंगे और उसके साथ मरण भी। जैसे एक वृक्ष में एक पत्ता उत्पन्न होता है और गिर जाता है वैसे ही इस माया रुपी संसार में एक शरीर जन्मता है, एक मरता है, किन्तु दसों दिशाओं में यह संसार रूपी माया मनुष्यों से परिपूर्ण है और यह कभी भी रिक्त नहीं होती। ऐसी माया ईश्वर रूपी बाजीगर ने ही रची है। इस संदर्भ में संत रज्जब जी लिखते हैं–

एक गये नट नाच करि, एक कछे अब आइ।
जन रज्जब एक आइये, बाजी रची खुदाय ।।5

संत रज्जब ने लगभग जीवन के सभी पक्षों को स्पर्श किया है। इनका लौकिक पक्ष लोकजन के दैनिक जीवन की घटनाओं पर आधारित है। इनका दर्शन कोई गूढ़ नहीं है बल्कि सरल, आकार्षिक एवं ह्रदयग्राही है। लोक प्रसंगों में उन्होंने जगत्,

अध्यात्म एवं दर्शन को खोजने का प्रयास किया है। संत रज्जब का दार्शनिक पक्ष उस कुंभकार की तरह है जो पहले मिट्टी को तैयार करता है अर्थात् मिट्टी के निर्माण के अभाव में हम मिट्टी से बनी वस्तुओं की कल्पना नहीं कर सकते। उसी तरह जब तक हमारा मन, शरीर शोधित न हो जाये तब तक हम स्वयं को ईश्वर से वास्तविक रूप में नहीं जोड़ सकते। संत रज्जब उस ब्रह्म अर्थात् साईं को आकाशवत् मानते हैं। आकाश शून्य है, निराकार है, निर्गुण है, किन्तु उसमें बादल सगुण एवं साकार भाव से प्रकट होते और विलुप्त होते रहते हैं। जो उपजे और विनिष्ट हो वह माया है। इस संदर्भ में संत रज्जब कहते हैं –

रज्जब साईं सुन्नि में, आभा वो औतार ।
सो माया उपजै खपै, पाया भेद विचार ।।6

संत रज्जब के जीवन का आधार सेवा और सत्संग था। उन्होंने अपने काव्य में अनेक स्थलों पर सेवा और सत्संग की चर्चा की है तथा मानव जीवन में इसे सर्वोपरि माना है। उनका मानना है कि सेवा ही जीवन का आधार है और जिस व्यक्ति के हृदय में सेवा का भाव है, तो उसे कोई भी आघात या पीड़ा नहीं पहुँचा सकता। यहाँ तक कि साधु, संत एवं आम लोकजन के लिए सेवा से बड़ा कोई भी कर्तव्य नहीं है। जिसके अंदर सेवा का भाव है वास्तव में वहीं ब्रह्मा की वास्तविक अनुभूति भी है। जिस तरह से राम सबरी के सेवा भाव से उसके जूठे बेर भी खाते हैं, वस्तुतः यही सेवा का असली स्वरुप है। सेवा से जगत् की समस्त सिद्धियां प्राप्त की जा सकती हैं, यहाँ तक कि ब्रह्मा को भी सेवा के द्वारा वश में किया जा सकता है, क्योंकि सेवा और सुमिरन ब्रह्म साधना के लिए नितांत आवश्यक है। गुरु की सेवा और गोविंद का सुमिरन दोनों मिलकर ही उस ब्रह्म का साक्षात्कार कराते हैं।

संत रज्जब का सत्संग भी सेवा भाव पर आधारित है। सत्संग को वे सुमिरन के रूप में देखते हैं। उनका मानना है कि सत्संग के द्वारा समस्त दुःखों पर विजय प्राप्त की जा सकती है। भगवान् श्रीकृष्ण ने भी सत्संग को महत्वपूर्ण माना है। वे कहते हैं कि क्लेश और बुराइयों को सत्संग के माध्यम से समाप्त किया जा सकता है। सत्संग का संदर्भ भगवदगीता के साथ– साथ रामचरितमानस में भी मिलता है। सत्संग के द्वारा कमजोर से कमजोर व्यक्ति भी मूल्यवान बन जाता है। इस प्रकार से देखा जाये तो संत रज्जब ने सेवा, सत्संग एवं उपासना को जीवन में एक महत्वपूर्ण अभिकरण के रूप में स्वीकार किया है और इसके साथ ही यह संदेश भी दिया है कि इसके माध्यम से हम अपने उत्सर्ग के साथ–साथ लोकजन का भी उत्सर्ग कर सकते हैं। सेवा, सत्संग एवं उपासना भगवत् भक्ति के प्रमुख अंग स्वीकार किये गये हैं।

संत रज्जब को निर्गुण संत परंपरा का महान् संत स्वीकार किया गया है। निर्गुण संत परंपरा में योग दर्शन का काफी महत्व है। हमारे प्राचीन धर्मग्रंथों में योग की एक महान् एवं समृद्ध परंपरा का उल्लेख मिलता है। ऋग्वेद एवं गीता के साथ–साथ अन्य धर्म ग्रंथों में भी इसका उल्लेख मिलता है। भारतवर्ष की यह एक अमूल्य निधि के रूप में आज हमारे शीर्ष नेतृत्व द्वारा इसको एक वैश्विक मंच प्रदान किया जा रहा है, जो कि भारत एवं भारतवासियों के लिए एक गौरव की बात है। भारत में योगशास्त्र के आदि पुरुष के रूप में महर्षि पतंजलि का नाम विख्यात है। इस संदर्भ में रज्जब का एक पद बड़ा ही प्रचलित है–

मन तुरग चेतन चढ़े, पवनी पखि सो जाय।
रज्जब बैठें शून्य में, महि मिलै खुदाय ।7

संत रज्जब का समस्त जीवन दर्शन योग की अवधारणा पर आधारित है। संत रज्जब का मानना है कि ब्रह्म को प्राप्त करना हमारे शरीर और मन द्वारा ही संभव है। ध्यान और योग के लिए धैर्य एवं अभ्यास की महती आवश्यकता है। इसके अभाव में हम अपने इष्ट को प्राप्त नहीं कर सकते। संत रज्जब ने योग को जीवन का महत्वपूर्ण आधार माना है। लेकिन वह कभी भी बाह्य आडंबर स्वीकार नहीं करते। रज्जब का मानना है कि ध्यान जैसा रहेगा गति और मति भी वैसी ही हो जायेगी। इस संदर्भ में रज्जब जी लिखते हैं –

पांच तत्व पचरस, प्राण तत्व धरि ध्यान ।
रज्जब रचे बखानियहि, जेहि ठाहर ठान।।8

संत रज्जब अवतारवाद को स्वीकार नहीं करते बल्कि वह इस तरह की बातों का सदैव खण्डन करते हैं। उनके विचार से अवतार से यह आशा रखना कि वह भव सागर से पार लगा देगा, केवल भ्रम मात्र है। अवतार तो स्वयं मायाग्रस्त है। रज्जब का ब्रह्म अवतारी ब्रह्मा, विष्णु और महेश से काफी ऊपर है। उनका जीवन दर्शन सामाजिक विरासत एवं लोक व्यवहारों पर आधारित है।

निष्कर्ष –

संत रज्जब 17 वीं शताब्दी के एक क्रांतिकारी लेखक थे, जोकि मानव जीवन के दिन–प्रतिदिन की घटनाओं को आधार बनाकर एक समन्वयवादी व्यवस्था को बनाने हेतु, सामाजिक संबंधों का ताना–बाना बुनते हैं। संत रज्जब अपने मानवतावादी अवदानों में धर्मों की सर्वोपरिता जैसी वैचारिकी के कारण विभिन्न खेमों में बंटे लोकजन को एक खेमे में लाने की कोशिश करते हुए दिखते हैं। वास्तव में ये उनकी महत्वपूर्ण सामाजिक विरासत है। संत रज्जब द्वारा स्वयं मुस्लिम धर्मावलंबी होने के बावजूद भी हिंदू धर्म को स्वीकार करके एक हिंदू पीठाधीश्वर को अपना गुरु बनाना धार्मिक सौहार्द का ऐसा प्रतीक है। जो कि उत्तर आधुनिकता के पायदान तक मिट नहीं पाया बल्कि वह सौहार्द की यात्रा आज भी देखी जा सकती है। संत रज्जब का आज भौतिक शरीर नहीं है, लेकिन उनके विचार श्रज्जब पंथश के रूप में सम्पूर्ण भारतवर्ष में जीवन्त हैं। जो कि हिन्दू–मुस्लिम ऐक्य एवं सौहार्द का प्रतीक है। यह शोध आलेख अवश्य ही भविष्य में एक मुस्लिम कवि की छवि को उजागर करने वाला सिद्ध होगा।

संदर्भ ग्रंथ –

1.रज्जब बानी, टीकाकार स्वामी नारायणदास, पृ० सं० 04, नारायण प्रकाशन, अजमेर, राजस्थान।
2. रज्जब बानी, संपादक डॉ० ब्रजलाल वर्मा, पृ० सं० 19, उपमा प्रकाशन, प्रा०लि० कानपुर।

3. वही, पृ०सं० 206
4. वही, पृ०सं० 19
5. वही, पृ०सं० 228
6. संत कवि रज्जब (संप्रदाय और साहित्य) डॉ ब्रजलाल वर्मा, पृ० सं० 125, प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, राजस्थान ।
7. वही, पृ० सं० 140
8. वही, पृ०सं० 149

डॉ0 निर्भय शर्मा
असिस्टेंट प्रोफेसर (हिन्दी)
संघटक राजकीय महाविद्यालय भदपुरा,
नवाबगंज,
एम०जे०पी० रूहेलखंड वि०वि०बरेली,
पिन कोड–262406 (उ0प्र0)
मो० न० 9634160016
Email&dr-nirbhaysharma@gmail-com

11

डॉ० ज्ञानी देवी गुप्ता के कहानी संग्रह 'अनुभव की दहलीज' में नैतिक मूल्यों का विघटन

शिवानी यादव

सारांश –

साहित्य व समाज का गहरा संबंध है। साहित्य को समाज का दर्पण कहा जाता है। साहित्यकार प्रत्येक स्तर पर समाज से जुड़ा हुआ होता है। समाज में जो कुछ भी घटित होता है वही साहित्यकार की रचना का विषय बन जाता है। कहानी समाज की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। वर्तमान युग में कहानी ने प्रमुख विद्या के रूप में अपनी लोकप्रियता अर्जित की। प्रत्येक मनुश्य अनेक विधाओं का अध्ययन करता है, परन्तु किसी एक विधा में उसकी विषेश रूचि होती है। कहानी पढ़ना मेरी भी प्रिय विधा रही है। हिन्दी साहित्य जगत की प्रसिद्ध लेखिका डॉ० ज्ञानी देवी गुप्ता की रचनाएं इनके अध्ययन काल से ही प्रकाशित हो रही है। अपनी सृजनात्मक क्षमता के आधार पर इन्होनें समाज को श्रेष्ठ रचनाएं देने का प्रयास किया है। लेखिका ने समाज व परिवार के बारे में गहराई से चिंतन किया। लेखिका ने इस कहानी संग्रह में नैतिक मूल्यों की चर्चा की है साथ–साथ नैतिक मूल्यों को विघटित होते दिखाया है।

मूल्य

मनुष्य समाज की सर्वश्रेश्ठ कृति है। मनुष्य की यह श्रेश्ठता मूल्य पर आधारित है। क्योंकि मूल्य ही किसी वस्तु को मूल्यवान बनाता है। मूल्य कभी भी विनिष्ट या जर्जर नही होते। वह प्रत्येक युग तथा समाज में विद्यमान होते है। मूल्य की प्रक्रिया लंबी है। मूल्य की प्रक्रिया को प्रकृति द्वारा दी गई रक्त प्रक्रिया के समान कहा जा सकता है। मूल्य के द्वारा ही सभ्यता व संस्कृति का निर्माण होता है।

भारतीय विचारकों का मूल्य संबंधी दृष्टिकोण

भृर्तहरि ने ''मूल्यों को नैतिक गुणों के रूप में स्वीकार किया है। इसके अभाव में मानव को पशु माना है तथा उसे धरती का बोझ भी कहा है। इस परिभाषा से स्पष्ट है कि मनुश्य में विद्या, तप, भील धर्म इत्यादि गुण होने चाहिए किंतु मानव यदि सर्वगुण संपन्न हो गया तो वह देव तुल्य हो जाएगा। मनुष्य में कुछ ही गुण पाए जाते है।''

डॉ० हुकुमचंद ने मूल्यों को आवश्यक मानते हुए कहा – ''जीवन को सम्यक एवं संयमित ढ़ंग से चलाने के लिए विचारकों ने अनुभव किया कि जीवन के कुछ मानदंड रहने चाहिए। उन्ही के आधार पर मूल्यों की बात की जाने लगी और जीवन के आंतरिक एवं बाह्य आव यकताओं पर कुछ कसौटियां बनाई गई।''

मूल्य शब्द मूल+यत् धातु से निष्पन्न है। यह शब्द वैल्यू का पर्यायवाची है। अर्थशास्त्र में यह शब्द बाजार दर के अर्थ विनिमय के एक आवश्यक प्रतिमान के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। मानवीय क्रियाओं में आचार व्यवहार में अच्छाई या शिवतत्व का क्या मूल्य है नीति शास्त्र में उस पर विचार किया गया है।

मूल्य किसी भी मनुष्य के अस्तित्व के लिए अत्यंत आव यक है। मूल्यों के कारण ही मनुष्य पशु से अलग समझा जाता है। यदि मनुष्य अपने जीवन में नैतिक मूल्यों को न अपनाए तो वह आज भी आदिमानव की श्रेणी में रहे। मूल्य निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण योगदान परिवार व समाज का होता है। मूल्य निर्माण में परिवार पहली सीढी है। परिवार में रहकर ही बच्चा अपने मूल्य की पहचान करता है व नैतिक अनैतिक को समझता है। परिवार के बाद मूल्य निर्माण में समाज का महत्वपूर्ण स्थान है। समाज में रहकर नैतिक मूल्यों में परिपक्वता आ जाती है।

मूल्य विघटन

मूल्य विघटन का अर्थ होता है दो वस्तुओं के मूल्यों की तुलना करना। मूल्यांकन उस वस्तु के मूल्य पर निर्भर करता है जिससे तुलना की जाती है। उदाहरण के लिए किसी भी दो व्यक्ति में तुलना करने के लिए उनकी उम्र व शिक्षा अनुभव और कार्य के अधिकतम मूल्य को विवेचित किया जाएगा।

विघटन का शाब्दिक अर्थ : किसी वस्तु या तत्व के संयोजक अंगों का इस प्रकार घटना या नश्ट होना कि उसका अपना अस्तित्व ही नष्ट हो जाए। मूल्य परिवर्तन युग परिवर्तन के साथ होना स्वभाविक है। मूल्य परिवर्तन देश व समाज के अनुसार बदलते रहते है। जो मूल्य आज समाज में नैतिक प्रतीत होते है वह कुछ दिन बाद समाज में अनैतिक प्रतीत होते है। समाज में व्यवस्था को बनाए रखने के लिए मूल्यों का होना अति आवश्यक है। समाज का नैतिक पतन हो रहा है। आज समाज द्वारा मूल्यों की उपेक्षा की जा रही है। मूल्य विघटन के कारण समाज अवनति की तरफ अग्रसर हो रहा है। मूल्य विघटन के इस युग में ईमानदार व्यक्ति को संघर्ष पीड़ा व निराशा का सामना करना पड़ता है। आधुनिक युग में मूल्य विघटन की प्रक्रिया बढ़ती जा रही है। जिसके कारण कही युद्ध कही लूटपाट जैसी प्रवृतियां देखे को मिल रही है। अपराध दिन प्रतिदिन बढते जा रहे है। अपराधी लोग बेगुनाह लोगों की हत्या कर रहे है।

विघटन का क्षेत्र अत्यंत व्यापक है। मूल्य विघटन कही न कही मानवता के लिए बाधक सिद्ध हो रहे है। विघटन की इस प्रक्रिया के कारण मनुष्य दिशाहीन व लक्ष्यहीन हो गया है। आज के इस भौतिकतावादी युग में प्रत्येक व्यक्ति अपने तक सीमित हो गया है। समाज की एक महत्वपूर्ण इकाई मनुष्य का विघटन हो रहा है। व्यक्ति के विघटन के कारण समाज का विघटन हो रहा है।

गोविन्द चन्द पाण्डे के अनुसार – ''समाज या समुदाय के स्तर का विघटन हो रहा है। निर्धनता बेकारी व भ्रष्टाचार का संबंध मानव समुदाय से है जो संपूर्ण समाज को अपनी चपेट में ले रहा है।

सामाजिक विघटन के कारण राजनीतिक विघटन हो रहा है। राजनीति भी छल व शोषण का माध्यम बन गई है। राजनीति भ्रष्टाचारी बन बैठे है। वे भ्रष्टाचार को शिष्टाचार मानने लगे है। त्याग की राजनीति के स्थान पर केवल स्वार्थ सिद्धि का मार्ग अपनाया गया है।

आज विघटन प्रत्येक क्षेत्र में व्यापक है। जीवन व समाज का कोई भी क्षेत्र इससे अछूता न रह सका।

आज की युवा पीढ़ी अपने संस्कारो को भूलती जा रही है। नैतिक मूल्यों में दिन प्रतिदिन गिरावट आ रही है। आज प्रत्येक व्यक्ति केवल अपने तक सीमित है किसी को किसी के दुखः सुखः में जाने के लिए भी समय नही है। ''अनुभव की दहलीज पर'' कहानी संग्रह का प्रकाशन 2018 में हुआ। यह लेखिका का तीसरा कहानी संग्रह है। इस संग्रह में कुल 19 कहानियां है। जिसमें अनेक कहानियों के माध्यम से नैतिक मूल्यों का हनन् किया गया है–

वंश का चिराग – कहानी के माध्यम से माँ–बाप पुत्र प्राप्ति के लिए अनेक प्रकार के कष्ट उठाते है। बेटे की चाहत के लिए वे लगातार चार बेटियों को जन्म देते है। जिस बेटे को वे वंश का चिराग समझते है वह बेटा शादी के बाद उन्हें छोड़ कर दिल्ली चला जाता है। एक दिन अचानक नेकचन्द की तबीयत खराब हो गई तो चिराग अपने पिता को दिल्ली ले जाने के लिए आया। पिता ने दिल्ली जाने से इंकार कर दिया। माँ–बेटे में गहरी नोक–झोक हुई। गिरते हुए मानवीय मूल्यों को निम्न पंक्ति में में दिखाया गया है–

''आशा के विपरित माँ–बेटे में तीखी नोक–झोक और बहस हुई और बिना कुछ खाये–पिये चिराग वहां से रूखसत हो गया। नेकचंद किकर्तव्यविमूढ़ में बैठा रहा, हैरान बेटे की इस हरकत पर बेटा बाप की भावनाओं को नजरअंदाज कर रहा था''

''नेकचन्द की बुरी किस्मत। वही पर उन दोनों पर अत्याचार होने भुरू हो गए। बेटा, माँ बाप से अजनबीपन जैसा व्यवहार करने लगा।''

आज के इस युग में बूढ़ो के प्रति अनादर रूष्ठ व्यवहार बढ़ता जा रहा है। औद्योगिकरण ने भी कही न कही नैतिकता का हनन किया है। औद्योगिकरण के कारण आज की युवा पीढी महानगरों की और जा रही है। नगरीय जीवन व पश्चिमी सभ्यता के कारण भी नैतिक मूल्य का हनन हुआ।

दो मंजिला मकान – कहानी के माध्यम से दिखाया गया है कि किस तरह एक पिता अपनी सारी जिंदगी केवल इसलिए कमाता है ताकि वह अपने बेटे को पढ़ा सके और नौकरी लगा सके।

वही बेटा पढ़ाई के बाद विदेश जाने की तैयारी कर लेता है और विदेश जाकर विवाहित स्त्री से विवाह कर लेता है। गुरवीन अपनी माता के अंतिम संस्कार पर भी नही आता।

''बेटे के गम में बेअन्त की पत्नी बिस्तर पकड़ लिया और कुछ दिन बीमार रहकर इस नश्वर संसार से मुक्ति पा ली। बेटा माँ की मृत्यु पर विदेश से न आ सका। बेटे को देखने की चाह उसके मन में ही रह गई।''

कहानी में गुरवीन के पिता अन्त और उसकी माता राजेन्द्र कौर सारी जिंदगी पाई–पाई जोड़कर बेटे की हर इच्छा पूरी करते है परंतु बेटा विदे ा में जाने के बाद उनके अंतिम संस्कार पर भी न आ सका।

आज बच्चों में अशिष्टता पनप रही है। जिसका कारण परिवार व समाज ही है। परिवार ही बच्चे का निर्माण करता है। परिवार द्वारा जो संस्कार उसे दिए जाते है वह उन्ही संस्कारों का अनुसरण करता है। इसलिए बच्चों को अच्छे संस्कार व नैतिक मूल्यों का ज्ञान देना आवश्यक है। परंतु आधुनिकता के इस युग में बच्चों को संस्कार देना भूल रहे है। आज के युग में माता–पिता भी पा चात्य सभ्यता से प्रभावित होकर उच्चता की भावना का विकास करते है। बच्चों में मूल्य, त्याग अनुशासन संयम आदि गुण काफी दूर चले गए।

संस्कार – संस्कार कहानी में मोहन के माध्यम से दिखाया गया है कि मोहन किस तरह अनैतिकता के कारण अपनी माता प्रेमा के देहांत पर भी नही आता बल्कि वह संदेश भेजता है–

''मैं नौकरी में अत्यधिक व्यस्त रहने के कारण नही आ पाऊंगा, हो सके तो माँ की चिता की राख थोड़ी कोरियर करवा देना''

कहानी में दिखाया गया है किस तरह माता–पिता को देवताओं से मन्नते करने के बाद पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है और वही पुत्र वृद्धावस्था में उनके काम नही आ पाता। रूपानारायण को अफसोस होता है कि उन्होंने बेटे को सुख–सुविधा ऐ ाो आराम दिया परंतु संस्कार देना भूल गए। उन्हें पश्चयाताप होता है कि उसे संस्कार भी देने चाहिए थे।

आज प्रत्येक युवा स्वार्थ से भरा हुआ है। एक ही माता–पिता की संतान में कोई आपसी स्नेह नही है। भाई ही भाई का दुश्मन हो गया है।

वक्त की आँख मिचौली – कहानी में दिखाया गया है कि किस प्रकार बेअन्त एक संयुक्त परिवार बनाए रखता है। परंतु उनके बच्चों की आपस में नही बनती। दोनों पुत्र एक दूसरे को देखकर भी खुश नही है।

''खून सफेद हो रहा था। एक दिन माता–पिता की संतान एक दूसरे के दुखः दर्द में शामिल नही हो रहे थे। वहां भी अपना स्वार्थ सिद्ध कर रहे थे''।

निष्कर्ष

मूल्य मानव जीवन व समाज का महत्वपूर्ण अंग है। परंतु आधुनिकता के इस युग में मूल्यों में परिवर्तन तीव्र गति से हो रहा है।

परिवर्तन ही नही मूल्यों का हनन् भी। लेखिका ने तत्कालीन समाज में व्यापत विषमताओं व समस्याओं का चित्रण किया है। लेखिका ने समाज के जिस भी बुरे पहलू को देखा उसके प्रति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रहार किया। इनके साहित्य में वो भाक्ति है जो सामाजिक बुराईयों का प्रहार तो करती ही है साथ ही साथ विरोध करने की दिशा भी प्रदान करती है। लेखिका ने नव आशा की उम्मीद भी दी है क्या हुआ अभी अंधेरा है वह दिन भी आएगा जब उजाले की किरण चमचमाती हुई सामने दिखाई देगी।

संदर्भ सूची

1. गोविंद मिश्र की कहानियों में मूल्य विघटन का तात्पर्य, मोहन राकेश, पृ० 113
2. हुकुमचंद, आधुनिक काव्य में नवीन जीवन मूल्य, भारतीय संस्कृत भवन जलंधर, 1970, पृ० 2
3. मूल्य मीमासा गोविन्द चन्द पांडे, राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी, 1973, पृ० 31
4. डॉ० ज्ञानी देवी गुप्ता, वंश का चिराग, 2018, पृ० 16
5. वही, पृ० 17–18
6. वही, दो मंजिला मकान, पृ० 45
7. डॉ० ज्ञानी देवी गुप्ता संस्कार, पृ० 52
8. डॉ० ज्ञानी देवी गुप्ता, वक्त की आँख मिचौली, पृ० 65

शिवानी यादव

मो० नं० – 9990578272

कमरूदीन नगर, नांगलोई, नई दिल्ली 110041

ई–मेल – Shinurao0046@gmail.com

12

राम मंदिरः विवादित यात्रा से लेकर स्वर्णिम यात्रा तक

Ms. Niti Nagar, Ms. Gargi Sharma

सारांश –

भगवान श्री राम जी का मंदिर अयोध्या में उनकी जन्म भूमि के स्थान पर बनाया जा रहा है।अयोध्या नगरी को रामनगरी और साकेत नगरी भी कहा जाता है और यह सरयू नदी के तट पर बसी हुई पवित्र नगरी है। अयोध्या को पहले कोसल नाम से भी जाना जाता था। यह उत्तर प्रदेश राज्य में स्थित एक ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी है तथा इस पवित्र नगरी अयोध्या को रमाकाव्य के अनुसार श्री रामजी के जन्म और राजा दशरथ के शासन के कारण सात पवित्र शहरों में से सबसे पवित्र शहर माना जाता है। महाभारत के युद्ध के बाद अयोध्या बेजान हो गई थी लेकिन भगवान का अस्तित्व अभी भी विद्यमान था। अयोध्या में ही त्रेता युग में भगवान राम जी अवतरित हुए प्राचीन भारतीय महाकाव्य रामायण के अनुसार भगवान राम विष्णु जी के अवतार माने जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि राम जी के जन्म स्थान पर एक मंदिर था जिसे मुगल सम्राट बाबर के द्वारा हटा दिया गया था। राम जी के इसी जन्म स्थान पर आज भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है और इस जन्मस्थान के कारण यह मंदिर सम्मान का पात्र है। यह मंदिर श्री राम जी को समर्पित है और भगवान राम जी से जुड़ी सांस्कृतिक विरासत को दिखाता है। इस स्थान को प्राचीन काल से ही हिंदुओं के आध्यात्मिक स्थल के रूप में मान्यता दी गई है लेकिन बड़े ही दुर्भाग्य की बात है की भगवान राम के पवित्र अस्तित्व रूपी इस मंदिर को न जाने कितनी बार बहुत सारी विवादास्पद परिस्थितियों से होकर गुजरना पड़ा है। आईये कुछ आधारभूत तथ्यों के साथ भगवान राम के मंदिर की विवादित यात्रा से लेकर आज की स्वर्णिम यात्रा तक का वर्णन करते हैं और इस विवाद को समझने का प्रयास करते हैं।

विवादित यात्राः

जैसा कि ऊपर बताया गया है कि राम जन्मभूमि पर एक भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है लेकिन इस राम मंदिर के अब तक के इतिहास का अगर वर्णन करें तो यह मंदिर बहुत से विवादों से होकर गुजरा है। वास्तव में मंदिर का अस्तित्व ही विवाद का विषय है। मंदिर विवाद राजनीतिक, ऐतिहासिक विवाद होने के साथ साथ एक सामाजिक एवम धार्मिक मुद्दा भी रहा है जो 1990 में सबसे ज्यादा उभर कर सामने आया। वास्तविक तौर पर यह हिंदुओ के मन्दिर और मुसलमानों की बाबरी मस्जिद से संबंधित था। विवाद इस बात को लेकर था कि कहीं बाबरी मस्जिद को हिंदू मंदिर को ध्वस्त करके तो नहीं बनाया गया था या फ़िर मंदिर को ही मस्जिद का स्वरूप दिया गया था।

वर्ष 2003 में पुरातात्विक विभाग के द्वारा किए गए सर्वे में यह बात निकलकर सामने आई है कि जहां बाबरी मस्जिद थी वहां पर मंदिर के होने के संकेत मिले हैं बाबरी मस्जिद का निर्माण मुगल शासक बाबर के द्वारा वर्ष 1528 में राम मंदिर को गिराकर कराया गया था। लेकिन असली विवाद 23 दिसंबर 1949 को आरंभ हुआ जब भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण ने उस स्थल की खुदाई की और खुदाई के दौरान भगवान राम की मूर्तियां मस्जिद में पाई गई और प्रमाण के रूप में प्राचीन मंदिर के संकेत मिले। इस तरह से मूर्तिया मिलने के बाद हिंदुओं का कहना था कि भगवान राम साक्षात प्रकट हुए हैं जबकि मुसलमानों ने इसे आरोपित मानते हुए झूठा करार कर दिया और तर्क देते हुए कहा कि रात रात में किसी के द्वारा मूर्तियां वहां रख दी गई हैं। 1950 तक राज्य सरकार ने धारा 145 के अंतर्गत मस्जिद पर नियंत्रण कर लिया और मुसलमानों की बजाय हिंदुओं को पूजा करने की अनुमति दे दी गई।

यूपी सरकार ने इस विवाद को खत्म करने के लिए मूर्तियां हटाने का आदेश दे दिया लेकिन श्री के के नायर जिला मजिस्ट्रेट ने इस आदेश को पूरा करने में असमर्थता जताई क्योंकि उन्हें हिंदुओं की भावनाओं के भड़कने का डर था। इसके बाद सरकार ने इसे विवादित मुद्दा मानते हुए इस मुद्दे को वहीं समाप्त कर दिया तथा स्थल को ताला लगा दिया गया।

वर्ष 1984 वह वर्ष था जब विश्व हिंदू परिषद स्थल पर मंदिर बनवाने के लिए आगे आया। वर्ष 1986 में यूसी पांडे की याचिका पर फैजाबाद के जिला न्यायाधीश के एम पांडे ने हिंदुओं को पूजा करने की इजाजत दे दी और स्थल पर वर्षों से लगे ताले को हटाने का आदेश दिया । प्रारंभ में उत्तरप्रदेश सरकार और केंद्र सरकार ने इस बात पर सहमति जताई कि मंदिर का शिलान्यास विवादित स्थान से कहीं अलग अन्य स्थान पर किया जाएगा लेकिन 9 नवंबर,1989 में विवादित स्थान के बगल में 7 फीट गहरा गड्ढा खोद कर आधारशिला रखी जिस पर गर्भगृह का सिंहद्वार बनवाया गया।

1992 का वर्ष दंगों को लेकर आया जब वी.एच.पी और शिवसेना के साथ अन्य हिंदू संगठनों ने उस विवादित स्थल को गिरा दिया जिससे देश में सांप्रदायिक दंगे भड़क गए और यह हिंसा हिंदू और मुस्लिम समुदाय के बीच कई महीनों तक चलती रही जिसमें तकरीबन 2000 मौतें हुईं और पूरा भारतीय उपमहाद्वीप हिंसा की आग में जल उठा। 5 जुलाई 2005 को उस स्थान पर जहां मस्जिद गिराई गई थी आतंकवादियों ने हमला कर दिया और अस्थाई राममंदिर को ध्वस्त कर दिया गया हालांकि सीआरपीएफ के द्वारा हमलावरों को मार गिराया गया था लेकिन आतंकवादियों के द्वारा किए गए ग्रेनेड हमले में एक नागरिक की मौत हो गई। 2010 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अयोध्या में विवादित स्थल को तीन बराबर बराबर जिसमें बांटने का आदेश दे दिया जो सुन्नी फक्क बोर्ड, रामलला विराजमान तथा निर्मोही अखाड़ा के बीच आबंटित होना था लेकिन 2011 में इस फैसले पर भी सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। 8 मार्च 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने मामले को मध्यस्था के लिए भेजा और 8 सप्ताह के अंदर इस कार्यवाही को खत्म करने को कहा लेकिन मध्यस्था पैनल मामले का समाधान निकालने में सफल न हो सका। इसके बाद 9 नवंबर 2019 का दिन

राम मंदिर के पक्ष में फैसले का दिन था जब सुप्रीम कोर्ट ने 2.77 एकड़ जमीन हिंदू पक्ष को और 5 एकड़ जमीन मुस्लिम पक्ष को देने का आदेश दिया। 134 साल की यह कानूनी लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से खत्म हो गई जब पूर्व चीफ़ जस्टिस श्री रंजन गोगोई की अध्यक्षता में पांच जज वाली बैंच के द्वारा निर्णय लिया गया। 5 फरवरी,2020 का दिन वह दिन था जब संसद में घोषणा की गई कि विवादित स्थल पर राममंदिर बनाने की योजना को स्वीकर कर लिया गया और मार्च 2020 में श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के द्वारा श्री राम मंदिर के निर्माण का पहला चरण शुरू किया गया लेकिन कोरोना महामारी के आ जाने से मन्दिर का निर्माण स्थगित कर दिया और मूर्ति को उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की निगरानी में अस्थाई तौर पर किसी अन्य स्थान पर ले जाया गया। इसी वर्ष 5 अगस्त,2020 को राम मंदिर के भूमि पूजन का काम आरंभ किया गया जिसमे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने अयोध्या पहुंचकर हनुमानगढ़ में सबसे पहले दर्शन किए और फिर भूमि पूजन कार्यक्रम में हिस्सा लिया तथा तब से यह दिन श्री राम मंदिर के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज़ हो गया। अंततः 2023 में अब एक बार फिर से श्री राम की जन्म भूमि अयोध्या में भव्य मंदिर बनकर तैयार हो चुका है जिसका प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी 2024 को हुआ और यह दिन सालों साल से चले आ रहे राम मंदिर विवाद को समाप्त करके अयोध्या को एक स्वर्णिम दिशा की और अनवरत कर रहा है। वर्तमान में निर्माणाधीन मन्दिर की देखभाल श्री राम मंदिर जन्मभूमि ट्रस्ट के द्वारा की जा रही है।

स्वर्णिम यात्राः

आज अयोध्या एक स्वर्णिम अयोध्या के रूप में परिवर्तित हो चुकी है। राम–राम के जाप से अयोध्या का प्रत्येक स्थान पवित्र हो गया है तथा जगह–जगह भगवा रंग की उपस्थिति से इस नगरी की छटा देखते ही बनती है। मंदिर में प्रार्थना मंडप के शिखर का निर्माण भी पूर्ण हो गया है जबकि कीर्तन मंडप निर्माणधीन है मंदिर में पांच उप शिखर और एक मुख्य शिखर को मिलाकर कुल छह शिखर होंगे व इसी के साथ साथ मंदिर के गूढ़ व मुख्य मंडप के शिखर एवम द्वितीय तल का निर्माण भी आरंभ होगा और राम मंदिर के निर्माण से अयोध्या के विकास के दरवाजे हमेशा के लिए खुल चुके हैं। अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा में निर्मित हो चुका है तथा चार नव पुनर्विकसित चौड़ी सड़कें जिनका नाम रामपथ,भक्ति पथ, धर्मपथ और श्री राम जन्मभूमि पथ का निर्माण किया गया है जिनका उद्घाटन प्रधानमन्त्री जी की अध्यक्षता में किया जाना है। इसके अलावा हाईवे तथा रेलवे लाइन दोहरीकरण से संबंधित परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाकर पीएम मोदी जी ने अयोध्या को नई सौगात दी है। उनके अनुसार श्री राम मंदिर का आव्हान ना केवल अयोध्या में,ना केवल भारत देश में बल्कि पूरे विश्व में गूंजेगा और राम मन्दिर इस देश की परंपराओं के प्रतिबिंब के रूप में उभर कर सामने आएगा। राम मंदिर के निर्माण से उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग को नई–नई चुनौतियों को स्वीकार करके का अवसर मिला है।आज 25 रामस्तंभ, 40 सूर्य स्तंभ के साथ साथ 180 प्रसंगों के भित्ति चित्रों से अयोध्या को सजाया गया है और इस नगरी को एक सांस्कृतिक छवि देने की कोशिश की गई है। मंदिर की भूकंपरोधी संरचना की अनुमानित आयु 2500 वर्ष तय की गई है 322 स्तंभ एवम 44 दरवाजे मंदिर की शोभा में चार चांद लगाते हैं। इन दरवाजों पर सोने की परत चढ़ाई गई है और मंदिर का घंटा विभिन्न धातुओं से बनाया गया है जिसका वजन 2100 किलो ग्राम है। इस घण्टे की आवाज 15 किलोमीटर तक सुनाई देती है मंदिर के गर्भ गृह में श्री राम जी बालरूप में विद्यमान हैं। तीन तल वाले इस मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार है। मूर्तियां गंडकी नदी से लाई गई शालिग्राम से बनी हैं। मंदिर के आधार पर 21 फीट मोटा ग्रेनाइट का चबूतरा बनाया गया है ताकि नमी से मंदिर की रक्षा की जा सके। नींव के निर्माण के लिए कर्नाटक और राजस्थान से लाए गए ग्रेनाइट और गुलाबी बलुआ पत्थर का प्रयोग किया गया है। मंडप जिनमें नृत्य मंडप, रंग मंडप,सभा मंडप, प्रार्थना मंडप व कीर्तन मंडप मंदिर के मुख्य आकर्षण हैं। मंदिर की परिधि पर चारों कोनों पर भगवान गणेश, मां भगवती, सूर्यदेव तथा शिव भगवान के मंदिरों का निर्माण नियोजित है। उत्तरी और दक्षिणी दिशा देवी अन्नपूर्णा और हनुमान जी के मंदिरों से सुशोभित हो रही है एवम कुंड की अगर बात करें तो मंदिर के परिसर में देवी सीता कुंड भी बनाया गया है। श्री राम जी का यह मंदिर ना केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि वास्तुशिल्प की अद्भुत कलाकृति का भी साक्षी है।मंदिर की दक्षिण पश्चिम दिशा में भगवान शिव के प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्वार किया गया है तथा जटायु की प्रतिमा भी स्थापित की गई है। मंदिर के मुख्य गर्भ गृह में श्री राम जी बाल रुप में विराजमान हैं। मेडिकल कॉलेज, अस्पतालों और यहां तक कि द्वारों के नाम भी रामायण काल से ही उठाए गए हैं। अयोध्या में मंदिर के निर्माण एवम प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर राज्य सरकार ने भक्तों के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा व्यवस्था को बड़े पैमाने पर उपलब्ध कराया है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए उत्तरप्रदेश सरकार ने 100 करोड़ रुपए की लागत निर्धारित की थी।

निष्कर्षः

अंततः मंदिर के इतिहास से लेकर वर्तमान तक की यात्रा, एक विवादित यात्रा से स्वर्णिम यात्रा तक के सफर के रूप में रही जिसमें यह यात्रा न जाने कितनी बार विपदाओं से भरी थी और आज स्वर्णिम मोड पर आकर समाप्त हो गई जब राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह (भगवान की प्रतिमा को जीवंत करना) 2024 के प्रथम महीने की दिनांक 22 (22.01.2024) को अयोध्या में हुआ जिसके लिए देश के कोने कोने से प्रत्येक देशवासी अपना अपना योगदान देकर और अपने सपने को साकार कर इस उत्सव का साक्षी बना एवम इस दिन को उसी प्रकार मनाया गया जिस प्रकार त्रेता युग में जब भगवान राम लंका के राजा रावण पर विजय प्राप्त करके अयोध्या लौटे थे और अयोध्यावासियों ने यह दिन दीपावली के रूप में मनाया था। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या को श्री राम जी के रंग में रंग दिया गया। ना केवल देश से बल्कि विदेशों से भी राम भक्तों ने इस दिन अयोध्या में आकर अपने आपको कृतार्थ किया। मंदिर की छटा देखते ही बन रही थी। इसके साथ साथ ही पूरी अयोध्या भी किसी स्वर्ग से कम नहीं लग रही थी। जैसे ही प्राण

प्रतिष्ठा आरंभ हुई उसी समय हेलीकॉप्टर से पुष्पों की बरसात इस प्रकार से की गई जैसे त्रेता युग में श्री राम जी के आने पर स्वर्ग से देवताओं ने की थी। यह दिन सनातन प्रेमियों के लिए किसी त्यौहार से कम नहीं था क्योंकि 24 जनवरी को उनके अंदर वही उत्साह व भक्ति और वही प्रेमभाव विद्यमान था जैसे कि दीपावली पर्व मनाते वक्त मौजूद होता है। निश्चयात्मक तौर पर यह मंदिर अयोध्या को एक आध्यात्मिक विरासत और भगवान राम की अमर प्रसिद्धि के रूप में पहचान दिलाएगा। इस स्वर्णिम यात्रा के विकास का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी जी के साथ–साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी जी को भी जाता है जिनके प्रयासों से आज देश का प्रत्येक नागरिक गर्वित अनुभव कर रहा है। भगवान राम से प्रार्थना है कि अपने आशीर्वाद की छटा सदैव हमारे देश पर बिखरते रहेंगे एवम भगवान राम जी की महिमा को रामचरित मानस की कुछ पंक्तियों द्वारा दर्शाया गया है ।

जा पर कृपा राम की होई, ता पर कृपा करे सब कोई।

संदर्भ:

1. https://www.dnaindia.com/hindi/india/news-ram-temple-security-commandos-are-prepared-in-azamgarh-ram-mandir-latest-news-4106482/amp
2. https://www.hindimai.in/ram-mandir-ke-bare-mein/
3. https://www.timesnowhindi.com/cities/ayodhya-ram-mandir-crane-view-of-under-construction-shri-ram-janmabhoomi-article-105355184/amp
4. https://www.bhagwanbhajan.com/shree-ram/ayodhya-ram-mandir.php
5. https://zeenews.india.com/hindi/religion/ayodhya-ram-mandir-latest-update-in-hindi-these-gods-and-goddesses-will-sit-with-ram-ji-in-ayodhya/2035806/amp
6. https://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttar-pradesh/ayodhya/ram-mandir-ayodhya-history-from-1528-to-2020/amp_articleshow/77365875.cms
7. https://www.livehindustan.com/astrology/story-ram-mandir-facts-10-big-questions-related-to-ram-temple-you-would-also-like-to-know-the-answers-9229725.amp.html
8. https://www.amarujala.com/amp/ram-mandir/ayodhya-ram-mandir-inauguration-judicial-journey-of-shri-ram-janmabhoomi-dispute-ram-mandir-vivad-ka-itihas-2023-12-30
9. https://www.abplive.com/news/india/ayodhya-verdict-ram-mandir-pran-pratishtha-foreigners-book-reference-helped-to-prove-ram-mandir-2591323/amp
10. https://indianexpress.com/article/explained/ram-temple-at-ayodhya-a-200-year-journey-with-many-milestones-9120892/
11. https://m-hindi.webdunia.com/sanatan-dharma-history/ram-mandir-ayodhya-120123100021_1.html?amp=1
12. https://www.jagran.com/uttar-pradesh/ayodhya-ram-mandir-ayodhya-more-than-3-lakh-people-took-ramlala-darshan-on-26-january-23639046.html
13. https://www-pilgrimagetour-in.translate.goog/blog/history-ram-mandir-ayodhya/?_x_tr_sl=en&_x_tr_tl=hi&_x_tr_hl=hi&_x_tr_pto=tc
14. https://housing.com/news/hi/ayodhya-ram-mandir-everything-you-need-to-know-hi/
15. https://uptourism.gov.in/hi/article/ayodhya
16. https:// www.amarujala.com/ amp/lucknow/ayodhya-if- you-go-to- ayodhya-not-only-ram-temple-then-also-see-these-6-mythological-places-2024-01-27

Ms. Niti Nagar
Assistant Professor
Department of commerce
Ms. Gargi Sharma
Assistant Professor
Department of commerce
D.A.V. Centenary college Faridabad
E mail: nihunagar1999@gmail.com &
gargi.sharma1081@gmail.com

13

भूमंडलीकरण का हिदी की कथा भाषा पर प्रभाव –

डॉ0 वर्षा शालिनी कुल्लू

सारांश

भूमण्डलीकरण का भारतीय जीवन और भाषा पर कुप्रभाव पड़ना अंग्रेजों के शासन काल में भी शुरू हो गया था। भारतीय लोग जब अंग्रेजी सेवा में आ जाते थे. तो अंग्रेजों की तरह अंग्रेजी और हिंदी (एंग्लिकन हिंदी) दोनों बोलने का प्रयास करते। कार्यस्थल पर तो अंग्रेजीवस्त्र पहनते ही थे,घर पर भीअंग्रेज ही बने रहने की कोशिश करते थे। उनका घर अंग्रेजों के बंगले की संस्कृति का हुआ करता था।वे आम भारतियों को कीड़ा–मकोड़ा समझते थे। पुलिस थाने में अजीब हिंदी–इंग्लिश का सम्मिश्रित रूप बहुत प्रचलित था, जो हास्यास्पद था। आज वैसी ही 'हिंग्लिश' बहुत से कथित'आधुनिकपरिवारों' में प्रचलित है, जो वास्तव में उनके पिछड़ेपन का बोध कराती है।महानगरों के विश्वविद्यालयों में भूमण्डलीकरण के प्रभाव में अजीबो गरीब हिंदी भाषा कहें या अंगेजी भाषा कहें बोली जाती है–'अपुन सॉलिड लड़की को आज लिक्विड में चेंज कर दिया। 'बिच'हंड्रेड परसेंट कड़क थी टुडे बटरफ्लाईमें कन्वर्ट हो गई !" इसे न हिंदी कह सकते हैं और अंग्रेजी।सम्बोधन के शब्द भी भद्दे और गलीच हो गए हैं– लड़के लड़कियों को खुलेआम'सेक्सी', 'सिजलिंग', 'लेग्गी', औरलड़कियाँ लड़कों को हॉट, 'ब्लडी', 'किल्लर' आदि कह कर पुकारती हैं– लड़कियों के लिएप्रयुक्त शब्द'सेक्सी', 'सिजलिंग', 'लेग्गी' पश्चिम में कभी वेश्याओं के लिए प्रयुक्त होते थे।

पुस्तकों के शीर्षक बहुत महत्त्व के होते हैं, जो पुस्तक की सम्पूर्ण वस्तुओं को समग्रता में प्रतिध्वनित करते हैं।भूमण्डलीकरण के प्रभाव में अब प्रतिष्ठित लेखकों की साहित्यिककृतियों के शीर्षक या नाम पर एक नजर डालें– ममता कालिया की, 'सपनों की होम डिलीवरी (उपन्यास), अलका सवरगी का 'एक ब्रेक के बाद', सरलामाहेश्वरी की 'कैलेण्डर ऑफ़ लव'(कविता संग्रह), प्रदीप सौरभ की 'मुन्नी मोबाइल' (उपन्यास), कमल कुमार का 'पासवर्ड'(उपन्यास) आदि। ये शीर्षक बताते हैं कि पुस्तकों के अन्दर क्या 'डिलीवर' किया गया होगा, और क्यों किया गया होगा! हिंदी भाषा के रूप–स्वरूप को भूमण्डलीकरण ने एक भद्दा दे दिया है, और ये शीर्षकउनपर करारा व्यंग्य करते हैं।प्रदीप सौरभ के उपन्यास 'मुन्नी मोबाइल' का यह अंश देखें–

"शाम को आनन्द भारती की मुन्नी सेमुलाकात होती है। अगली सुबह मोबाइल की घंटियाँ बज रही थीं।

'साहब, आप भी अपना नम्बर सेव कर दीजिए।' मुन्नी ने मिठास भर चहकते हुए कहा।

'इसमें तो अंग्रेजी में नम्बर सेव हो सकता है।' उनकासीधा सा जवाब था।

'तो क्या ! मैं नंबर कोचीन्ह लूंगी। देखो, गिनती नहीं आती है, फिरभी मैं चीन्ह कर आपको फोन कर लेती हूँ...।

आनंद भारती ने उसके मोबाइल में अपना फोन नम्बर सेव कर दिया। इसके बाद वह लोगों को मिस काल देने लगी। मिल कॉल का खेल समझने में उसे देर नहीं लगी।"1

इस उद्धरण से स्पष्ट होता है कि हिंदी भाषा पर अंग्रेजी का मुलम्मा चढ़ाया जाना बहुत पहले से शुरू हो गया था, जब लोग अपना पैसा बचाने के लिए मिस कॉल किया करते थे। अनपढ़ लड़की मुन्नी अंग्रेजी नजानती हुई भी 'सेव' काअर्थ जानती थी, और युगीन 'मिस कॉल का खेल' समझ गई थी।यानी पश्चिमी भाषा और भाषाई संस्कृति की ओर झुकाव मात्र पढ़े–लिखे साहबों को नहीं हुआ था, बल्कि अनपढ़ लोगों को भी हो गया था। भाषाई विकृति का वैसे इतिहास हिंदी क्षेत्र में बहुत पहले से रहा है– आम लोग चाहते हैं कि वे अंग्रेजी जब भी बोलेंशुद्ध ही बोलें, लेकिन हिंदी के हर वाक्य में टांग तोड़ने की प्रवृत्ति तो उनकी पुश्तैनी है।दिलीप तेतरवे के उपन्यास 'एक काल खंड की यात्रा'भूमण्डलीकरण की प्रवृत्तियों पर ही आधारित है।इस उपन्यास के एक अंश द्रष्टव्य है–

"साहब, किस्सा सुनना–सुनाना कौन चाहता है...लेकिन स्टोरी सुनने के लिए हर आदमी के कान खड़े रहते हैं।अब किसकी तरह मत पूछिएगा! लेकिन कान तो खड़े रहते हैं। बॉस का किससेअफेयर चल रहा है? मिसकिट्टी किस–किस को किस दे रही है? और ऐसे हर सवाल पर आदमी के कान खड़े रहते हैं, रेड अलर्ट पर रहते हैं। साहब, स्टोरी पर तो पुलिस के लोग हों या इंटेलिजेंस के लोग, उनके भी कान खड़े रहते हैं, भले आतंकियों के मामले में उनके कान डाउन रहते हैं।"2

इस छोटे–से व्यंग्यात्मक उद्धरण में यह कहा गया है कि आज कहानीकोई नहीं पढ़ता–सुनता–सुनाता है, लेकिन 'गॉसिप' मेंया'स्टोरी' सुनने में सबका इंटरेस्ट है।यह सत्य है कि आधुनिक माँ अब लोरियाँ बच्चों को नहीं सुनातीं, नानी–दादी बच्चों को कहानियाँ नहीं सुनातीं।अब बच्चे प्रकृति के गीत नहीं गाते– सूरज, चाँद, सितारों, नदी, पहाड़, वन, उपवन, हरियाली आदि से दूर कर दिए गए हैं, और अब वे अंग्रेजी के 'राइम्स' सुना दें तोमॉम–डैड हैप्पी–हैप्पी हो जाते हैं! इस उद्धरण में कई शब्द अंग्रेजी के हैं और विवेचना में भी, कारण स्पष्ट है मूल में तो युगीन हिंदी है, तो उसकी विवेचना में अंग्रेजी मिश्रित हिंदी पर व्यंग्य या कहें विवेचन व्यंग्य पर व्यंग्य है– यह खिचड़ी भाषा है, लेकिन यही भाषा तो भूमण्डलीकरण मेंके युग मेंबोली जा रही है– विशेष कर महानगरों में।

भूमण्डलीकरण के प्रभाव में भाषाईविकृतिमात्र अंग्रेजी के सम्मिश्रणसे नहीं हुआ है। पश्चिम के उपन्यासों और कहानियों में गालियों से भरी गलीचभाषा होती है। इस प्रकार की भाषाओं वाले अनेक उपन्यास और कहानी हिंदी में भीइस युग में आ गए भीहैं। पद्मश्रीडॉ.ज्ञान चतुर्वेदी के उपन्यास 'हम न मरब' में'भैंचो'काढाई सौ से अधिक बार प्रयोग किया गया है। इस गाली के आलावा और भी गालियाँ हैं।यह उपन्यास भारतीय भाषा की संस्कृति और लालित्य के विपरीत है। इसउपन्यास से एक उद्धरण देखते–

"अच्छा डॉक्टर साब, तुम तो हमें जे बताओ जे रस्साली जिन्दगी होती क्या है? बताओ, बताओ?तुमने तो भैया इत्ती बड़ी पढ़ाई करी है।डॉक्टरी के मोटे–मोटे पोथे पढ़े हैं।पर कभी हम जैसा चूतिया तुमसे यह पूछे कि जे बताओ कि जिन्दगी होती क्या है, तो क्या ठीक से बता पाओगे? नहीं बतला पाओगे न? जिन्दगी को समझ को लाने कोई किताब नहीं पढ़नी पड़ती है भैया; जिन्दगी जीनी पड़ती है। वर्ना बैठे–बैठे तो तुम लाख पोथियाँ पढ़ डालो– तुम्हारे चूतड़ में भट्टे पड़ जाएँगे बैठे–बैठे, पर जिन्दगी को कभी न समझ पाओगे।"3

क्या यह भाषा कथा भाषा है ? इस भाषा में कोई कला का चिन्ह है? क्या यह हिंदी भाषा का विकृत रूप नहीं है?344 पेज के इस उपन्यास में प्रति पेज औसतन एक गाली है जो स्त्रियों की मान–सम्मान पर चोट करती है– ऐसी भाषा में लिखित साहित्य समाज में हितकारी कैसेहो सकता है? इस उपन्यास में बूढ़ेबब्बा की फेवरिट गालियाँ युवा और बच्चे भीप्रयोगकरते हैं। इसी उपन्यास में बब्बा मर जाता है और उसका शव पड़ा हुआ है और घर की वार्ता में लगे उनके बेटे और पोते उनकी फेवरिट गालियों से उनको संबोधित करते हुए अपनी–अपनी खुदगर्जी की बात करते हैं। एक बच्चा ने जैसे ही बताया कि उसकी दादी रो रही है तो उसके बाप रज्जन ने आदेश दिया–

"बे रो रईं हैं न ?तो रोने दो उनें। तुमजाके भैंचो, पुत्तल को कहीं से ढूँढ़ लाओ।"4

यह आदेश बाप अपने बेटे को दे रहा है।ऐसी भाषा किसी गाँव में बोली जाती होगी–लेकिन साहित्य का काम है, माटी के लोदे को मनुष्य की प्रतिमा में बदलना, लेकिन यहाँ तो बच्चों को गालियों का पाठ तो बाप ही बेटे को दे रहा है।इसउपन्यास के बच्चे भी बब्बा के प्रिय गलियों का बखूबी करते हैं।

भूमण्डलीकरण के युग में लोगों के नाम का अंग्रेजीकरण भी उपन्यासों में दिख जाता है। यह प्रवृत्ति भी हिंदी कथा साहित्य में पश्चिम से उठी भूमण्डलीकरण की आँधीपर सवार होकर आई है। डॉ. पुष्पपाल सिंह नेउषा प्रियम्वदा के उपन्यास 'अंतर्वंशी' की विवेचना करते हुए लिखा है–

"बनारस की चुनमुन का वनश्री, बाँसुरीतथा वाना तक का सफर एक कस्बाई परिवेश और मनोवृत्ति की लड़की का दुनिया के सबसे 'मॉडर्न' शहर के नागरिक के रूप में रूपांतरण वस्तुतः भूमण्डलीय परिवेश में आदमी के धीरे–धीरे पूरी तरह ढल जाने की प्रतीति कराता है।"5

पुष्पपाल सिंह,१५२ पेज

भारत में भी किसी–किसी व्यक्ति केनामतोड़े–मरोड़े जाते थे, यथा गोलकनाथ गोलू हो जाताथा, पुकारू या दुलार के नाम भी हुआ करता था, लेकिनशोर्ट नेम 'गोक' नहीं हुआकरता था, उसकी माँ का दिया नाम कभी भुलाया नहीं जाता था,लेकिन पश्चिम में आदमी के मूल नाम की जगह नाम के नए नाम गढ़े जाते हैं– उसीप्रकारहिंदी में भी, अब अंग्रेजी के अक्षरों या अजीबों गरीब नाम से पुकारने का प्रचलन भूमण्डलीकरण के युग में प्रारभ हुआ है।'अंतर्वंशी' की एक लड़की का पहला पुकारू नाम चुनमुन था, माँ ने वनश्री कहा, तो स्कूल में उसका नाम बाँसुरी हो गया और अमेरिका पहुँची तो उसका नाम 'वाना' हो गया, जो उसके किसी भी तीन नामों से नहीं मिलता–जुलता है। 'वाना' से अंग्रेजियत की बू आती है। राजू शर्मा के उपन्यास'विसर्जन' जो भारतीय परिदृश्य की कथा है, में लोगों के नाम में परिवर्तन या लघुकरण पर सुन्दर विमर्श है। एक उद्धरण देखें–

"एसार यानी एसआर–इंटेलीजेन्सब्यूरो में उसका यही नाम प्रचलित था,जहाँ वह पिछले तीन साल से निदेशक है। जेडी(एसआर)– दफ्तर में फाइलें, नोट्स, मेमो उसके पास इसी पदनाम से आते जाते थे। फाइलों की मार्किंग से नाम बनते देर नहीं लगी।"6

एसार यानी एसआर, पदनाम जेडी और माँ का दिया नाम–रोबिन्द्र सेन गायब हो गया! पश्चिम में पहले लोगों का नाम उपनाम से शुरू करते हैं तो इस हिसाब से गोबिन्द्र सेन, सेन रोबिन्द्र हुआ, फिर शोर्ट नेम के रूप मेंएसआर हुआ, फिर एसआर को और लघु रूप दे एसार बना दिया गया। सेन का पदनाम था एसोसिएट डायरेक्टर लेकिन इस शोर्ट फर्म जेडी बना दिया गया! 'जे' कहाँसे आया कहा नहीं जा सकता लेकिन उसके विभाग में जेडी ही उसे कहा जाता है।माँ का दिएनाम कोदिमाग से ओझल करने की प्रक्रिया भूमण्डलीकरण के युग में भारत आई। इसी सन्दर्भ में कमल कुमार के उपन्यास 'पासवर्ड' का पहला पाराग्राफ देखें–

"हाय! चलो आज तुम्हारा नया नामकरण कर देती हूँ, आशीष। तुम्हारे नाम से मिलता जुलता ही है।यों भी तुम्हें कितने नाम दे रखे हैं।कान्स्टीपेडिट...ब्लॉटिंगपेपर, सेनिटरी पेड।"7

एक लड़की, अपने साथी लड़के को उसके असली नाम की जगह कान्स्टीपेडिटब्लॉटिंगपेपर, सेनिटरी पेड कह कर पुकारती है, बिना किसी शर्मऔर संकोच के। इस प्रवृत्ति में जहाँ हिंदी साहित्य में अंग्रेजी ऐसे शब्दों को प्रयोग नैतिक स्तर या सांस्कृतिक स्तर पर दुर्भाग्यपूर्ण है, शर्मनाकहै, वहीं हिंदी भाषा को ये शब्द अपवित्र करते हैं।हिंदीसाहित्य की भाषा कभी भी इतनेनीचेस्तर पर नहीं गिरी होगी। अनामिका के उपन्यास 'तिनके तिनके पास' में दूर होते पारिवारिक रिश्तों की जगह नए रिश्तेदार पैदा हो गए जो चौंकते हैं–

"कंप्यूटर दादा, मोबाइल दादी, टेलीविजन बुआ, कोचिंग चाचा बस मम्मी औ डैडी–बस इतनी सी जिनकी दुनिया हो– वृहत्तरविश्व की– वृहत्तर विश्व की वर्चुअल रिएलिटी उन्हें एक निकट मायानगरी का कैदी बना लेती है..."8

एक ओर यह दावा किया जाता है कि भूमण्डलीकरण के दौर में विश्व एक 'ग्लोबलगाँव'बन गया है, लेकिन आदमी सिमट गया है अपनी खोलीमें। दूसरी और उसके नाते–रिश्ते ख़त्म हो गए हैं (यथादादा–दादी,चाचा–चाची, मौसा–मौसी आदि) और आज के युवा वर्ग के लिए परिवार के सदस्य के रूप में कंप्यूटर दादा, मोबाइल दादी, टेलीविजन बुआ, कोचिंग चाचा बस मम्मी औ डैडी शेष रह गए हैं! इस उद्धरण में जहाँ हिंदी भाषा या कथाभाषा को हानि पहुंची है, वहीं समाज और परिवार की बुनावट भी प्रभावित होती दिखती है।

निष्कर्ष:

स्त्री–विमर्श के नाम पर स्त्रियों को नंगा करने की प्रवृत्ति कुछ कथाकारों में भूमण्डलीकरण के युग में पश्चिम से आई है तो कथा लेखन की नीति और उद्देश्य भी कुछ साहित्यिक पत्रकारों ने बदलदिएहैं। कथा साहित्य में अश्लीलता, भद्दीभाषा और भद्दे विवरण आज समान्य हो गए हैं। प्रेमचंद ने साहित्य को समाज सुधार का औजार बनाया तो आज के भूमण्डलीकरण के तो आज कुछ कथाकार उसे 'समाजबिगाड़' का औजार बना रहे हैं– बिकाऊ बनने के लिए! भूमण्डलीकरण के दौर में दुनिया भर में कथा भाषा को अभद्र रंग–रोगन देने में सिद्धहस्त बहुत से कथाकार हैं।

संदर्भ–

1. प्रदीप सौरभ, मुन्नी मोबाइल,आईएस बी एन 978–93,5000–055–7, वाणी प्रकाशन दरियागंज, नईदिल्ली–2,पृष्ठ–11
2. डॉ. ज्ञान चतुर्वेदी, हम न मरब,2014, राजकमल प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली–2, पृष्ठ–19
3. डॉ. ज्ञान चतुर्वेदी, हम न मरब,2014, राजकमल प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली–2, पृष्ठ–46
4. पुष्पपाल सिंह, भूमण्डलीकरण और हिंदी उपन्यास, 2015,राधाकृष्ण प्रकाशन, दरियागंज, दिल्ली–2, पृष्ठ–152
5. राजू शर्मा, 'विसर्जन', 2009, राधाकृष्ण प्रकाशन, दरियागंज, दिल्ली–2, पृष्ठ–14
6. कमल कुमार, 'पासवर्ड',2009, सामयिक प्रकाशन, दिल्ली–2, पृष्ठ–7
7. अनामिका,'तिनके तिनके पास', 2008, वाणी प्रकाशन, दिली–2,, पृष्ठ–167
8. पुष्पपाल सिंह, भूमण्डलीकरण और हिंदी उपन्यास, 2015,राधाकृष्ण प्रकाशन, दरियागंज, दिल्ली–2, पृष्ठ–192

संर्पक सूत्र

डॉ0 वर्षा शालिनी कुल्लू

सहायक प्राध्यापिका,

हिन्दी विभाग,

शेस्सनर कॉलेज राँची,

मो0 नं0 7765925197

पलैट नं0–2/,

ब्लॉक ,, आसरी रसिडेन्सी

दिनकर नगर, गितिलपीडी,

हटिया, राँची – 834003

14

एम. एन. श्रीनिवास की प्रभु जाति की अवधारणा
(M-N- Srinivas' Concept of Dominant Caste)

Takdeer Singh

शोधसार :

संरचनात्मक–प्रकार्यात्मक दृष्टिकोण से भारतीय समाज में होने वाले परिवर्तन समाज को समझने के लिए प्रमुख भारतीय समाजशास्त्री एम. एन. श्रीनिवास का प्रमुख योगदान है। श्री निवास रैडकिल्फ ब्राउन के परम शिष्यों में से एक माने जाते हैं। श्रीनिवास ने सन् 1942 में रैडकिल्फ ब्राउन के सुझाव पर मैसूर के रामपुरा गांव का अध्ययन किया था। उनके विषय थे श्विवाह और परिवारश्श उनकी यह पुस्तक मैरिज एण्ड फैमिली इन मैसूर के नाम से जानी जाती है। प्रकार्यात्मक दृष्टिकोण का प्रमाण श्रीनिवास की पुस्तक श्शरिलिजन एण्ड सोसायटी अमंग दि कूर्गस आफ साउथ इन्डिया श्श है। श्रीनिवास ने इस पुस्तक में धर्म के सम्बंध को वृहद सामाजिक संगठन के सन्दर्भ में देखा है।

श्री निवास सामाजिक परिवर्तन को धर्म के साधे जोड़ते हैं। कहीं भी यह नहीं देखने कि राज्य और धर्म का क्या तालुक है। उनके अध्ययन का केन्द्र संरचनात्मक–प्रकार्यात्मक दृष्टिकोण है। समाजशास्त्र में श्रीनिवास की ख्याति उनकी अवधारणाओं के लिए हैं। कूर्ग के अध्ययन में उन्होंने श्सस्कृतिकरणश की प्रक्रिया की महत्वपूर्ण समझा। पहले इन्होंने उसका ब्राहमणीकरण किया और बाद में परिवर्तन कर संस्कृतिकरण का नाम दिया। उनकी दूसरी प्राकार्यात्मक अवधारणा प्रभुजाति की है। इसका उद् भव रामपुरा गांव की अध्ययन सामग्री से है। यह गांव दक्षिण कर्नाटक का है। इस गांव में उन्होंने उच्य जातियों और अभिजन का अध्ययन किया। अतः हम यहां पर श्री एम एन. निवास द्वारा बताई गई प्रभुजाति का वर्णन कर रहे है। 1.

मूलशब्द–– प्रभुजाति, रामपुरा, संरचनात्मक–प्रकार्यात्मक, दृष्टिकोण, एम. एन. श्रीनिवास ग्रामीण,

परिचय––

श्रीनिवास का जन्म 1916 में हुआ था। उन्होंने मैसूर विश्वविद्यालय से 1936 में सामाजिक दर्शनशास्त्र में बी.ए.(आनर्स) किया तथा अपनी स्नातकोत्तर उपाधि बम्बई विश्वविद्यालय से जी०एस०घुरिये के सानिध्य में प्राप्त की। बाद में आप उच्च अध्ययन के लिए ब्रिटेन गए। जहां आपने रैडक्लिफ ब्राउन और इन्वास प्रिचार्ड जैसे महान मानवशास्त्रीयों के सन्सर्ग में रहकर आगे की पढ़ाई पूरी की। कर्नाटक में उनके मूल निवास स्थान का लगाव और उनका शोध गांव रामपुरा का आकर्षण आखिरकार उन्हें बैंगलोर खींच लाया। इससे पहले आक्सफोर्ड में शिक्षा प्राप्त करने के बाद आपने भारत में आकर बड़ौदा में एम०एस० विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र के एक नए विभाग की स्थापना की। इसके पश्चात रामपुरा में सामाजिक आर्थिक परिवर्तन संस्थान की स्थापना की। इस संस्था के अध्यक्ष पद पर रहते हुए आपने समाजशास्त्र, सामाजिक मानवशास्त्र और यहां तक कि अर्थशास्त्र के बीच के अन्तर को पाटने का प्रयास किया। 1999 में श्री एम ०एन० निवास स्वर्ग सिधार गए।

श्री निवास की प्रमुख कृतियां इस प्रकार हैं–

1-Marriage and Family in Mysore (1942)

2- Religion and Society Among the Coorgs of South India (1952)

3- India's Village (1955)

4- Caste in Modern India and others Essays (1962)

5- The Dominate caste and others Essays (1986)

6-The Cohesive Role of Sanskritization (1989)

7- Sociology in Delhi (1993)

8- Village]caste]Gender and Method (1996)

1. प्रभु जाति की अवधारणा (Concept of Dominant Caste).

प्रभु जाति का उदय––एम.एन. श्रीनिवास ने मैसूर में रामपुरा गांव की सामाजिक व्यवस्था के विश्लेषण में एक नई अवधारणा प्रस्तुत की जिसे प्रभु जाति की अवधारणा कहा जाता है। श्रीनिवास के अनुसार प्रभु जाति भारतीय ग्रामीण समाज में सर्वव्यापी है अर्थात भारत के विभिन्न भागों में देहाती जीवन की एक विशेषता है–प्रभुता सम्पन्न भू–स्वामी जातियों की उपस्थिति। आज यह अवधारणा भारतीय शक्ति सरंचना को समझने के लिए वाद–विवाद का विषय बनी हुई है।

एम.एन. श्रीनिवास के अनुसार किसी भी जाति को प्रभु जाति तभी कहा जाता है जबकि इस जाति के सदस्यों की संख्या अन्य जातियों की अपेक्षा अधिक हो तथा इसके पास आर्थिक तथा राजनीतिक सत्ता हो। एक बड़ा तथा शक्तिशाली जाति समूह सरलता से प्रभुता सम्पन्न हो सकता है अगर इसको सामाजिक स्तर स्थानीय जातीय संस्तरण में अधिक निम्न नहीं है।

सन् 1959 में प्रो० एम०एन०श्रीनिवास ने मैसूर के गांव रामपुरा के अध्ययन के दौरान प्रभु जाति की अवधारणा को विकसित किया और इसके सहारे उन्हें ग्रामीण प्रभुत्व को समझने में मदद मिली है। भारत के ग्रामीण जीवन में आज भी नवीन संरचनात्मक प्रतिमान विकसित हुए हैं, उन्हें प्रभु जाति की अवधारणा के आधार पर सफलतापूर्वक समझा जा सकता है।

जाति व्यवस्था से सम्बंधित संरचनात्मक परिवर्तन का एक नवीन दृष्टिकोण प्रभु जाति की अवधारणा है। प्रभु जाति की अवधारणा गांव की राजनैतिक व्यवस्था, शक्ति एवं न्याय और प्रभुत्व को समझने में भी योगदान देती है। प्रभु जाति के लिए अन्य अनेक शब्दों का प्रयोग भी किया जाता है । इसमें प्रभाव जाति,प्रबल जाति, प्रभुता सम्पन्न जाति अधिक शब्द प्रचलित हैं। यह सभी एक ग्रामीण समुदाय के अन्तर्गत किसी ऐसे जाति समूह का बोध कराते हैं जिसने गांव में आपसी सम्बंधों तथा ग्रामीण एकता को एक बड़ी सीमा तक प्रभावित किया है। प्रभु जाति की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए प्रो० श्रीनिवास ने लिखा है किष्एक जाति को प्रभु जाति तब कहा जाता है,जब यह संख्यात्मक आधार पर किसी गांव अथवा स्थानीय क्षेत्र में शक्तिशाली

हो तथा आर्थिक एवं राजनैतिक रुप से अपने प्रभाव का प्रबल रूप से प्रयोग करती हो,यह आवश्यक नहीं है कि परम्परागत जातीय व्यवस्था में वह सर्वोच्च जाति के रूप में ही हो।

इसका तात्पर्य है कि किसी जाति को प्रभु जाति अथवा प्रबल जाति केवल तभी कहा जा सकता है जब उसके सदस्य संख्या में इतने अधिक हों कि वे गांव की अन्य जातियों पर अपना प्रभुत्व रख सकते हों तथा एक प्रभावशाली आर्थिक और राजनैतिक इकाई के रूप में कार्य कर सकते हों। यदि ऐसे बड़े और शक्तिशाली जाति समूह का स्थान सम्पूर्ण जाति व्यवस्था में बहुत निम्न नहीं होता तो वह सरलता से एक प्रबल जाति अथवा प्रभु जाति के रूप में बदल जाता है। वास्तव में प्रभु जाति की अवधारणा को समझते समय सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह उत्पन्न होता है कि गांव में प्रभुता का आधार क्या है? अथवा ये कौन सी विशेषताएं हैं जिनके आधार पर किसी जाति–समूह को प्रभु जाति कहा जा सकता है ?3.

प्रभु जाति की विशेषताएं(Features of Dominant Caste)

1. ज़नसंख्यात्मक शक्ति (Demographical Stenth)–प्रभु जाति का सर्वप्रथम आधार उसकी संख्यात्मक शक्ति है। प्रभु जाति गांव में अथवा क्षैत्र में अन्य जातियों की अपेक्षा अधिक संख्या में होती है। संख्या में अधिक होने से वह अन्य जातियों पर अल्पसंख्यक जातियों को उसकी शक्ति के सामने झुकना पड़ता है और कई बार तो प्रभु जाति उन पर अत्याचार भी करती है। अल्पसंख्यक जातियां ऐसी स्थिति में प्रभु जाति का विरोध भी करती हैं।

2. प्रशासनिक स्थति (Administrative Status):– यह देखा गया है कि गांव में जिस जाति के अधिक सदस्य हों विभिन्न श्रेणियों की प्रशासनिक सेवाएं प्राप्त कर लेते हैं वही जाति कुछ समय के बाद गांव में प्रभु जाति बन जाती है। इसका कारण यह है कि एक ओर ऐसी जाति के लोगों को विभिन्न क्षैत्रो में अधिक सुविधाएं मिलने लगती हैं तथा दुसरी ओर अन्य जातियों पर उनका मनौवैज्ञानिक और आर्थिक दबाव स्थापित हो जाता है।

3. जातिय संस्तरण में उच्च स्थिति (Higher Status in Caste Hierarchy):– प्रभु जाति के लिए यह आवश्यक है कि वह जाति व्यवस्था में अपना ऊंचा स्थान रखती हो। कोई भी निम्न जाति नही पायी गयी है क्योंकि सामाजिक संस्तरण में जातियों की पवित्रता और अपवित्रता एक महत्वपूर्ण पक्ष रहा है। कई बार एक निम्न जाति संख्या में अधिक होने अथवा आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न होने पर भी गांव में प्रभु जाति का स्थान इसलिए नहीं ले पायी कि वह संस्तरण में निम्न स्तर पर है।

4. आधुनिक शिक्षा एवं नवीन व्यवसाय (Modern Education and New Occupations):–गांव में प्रभु जाति अन्य जातियों की अपेक्षा अधिक शिक्षित होती है। वह नवीन व्यवसाय और नौकरियों में लगी होती है। शिक्षित होने के कारण उसका सम्पर्क राजकीय अधिकारियों से होता है। इन सब बातों का अन्य जातियों पर प्रभाव पड़ता है और वे प्रभु जाति का दबदबा मानती है।

5. राजनैतिक प्रभुत्व (Political Dominance):– भारत की वर्तमान प्रजातान्त्रिक व्यवस्था में किसी भी वर्ग के राजनैतिक प्रभुत्व का निर्धारण उसकी सदस्य संख्या के आधार पर होता है। किसी विशेष क्षेत्र में जिस जाति के लोगों की संख्या जितनी अधिक होती है,वह उस क्षेत्र की शक्ति –संरचना में उतनी ही उच्च स्थिति ग्रहण कर लेती है। व्यवहारिक रूप से आज भारत के प्रत्येक भाग में वे जातियां ही प्रभु जातियों के रूप में पायी जाती हैं जिनके पास राजनैतिक सत्ता को प्रभावित करने की शक्ति है।

उत्तर भारत में इन प्रभु जातियों को अजगर नाम से सम्बोधित किया जाता है, क्योंकि ये जातियां अपनी शक्ति से अन्य जातियों को अपने में मिला लेती हैं।ये जातियां क्रमशः अरू– अजगर, जरू– जाट,ग रू– गुज्जर,र रू– राजपूत हैं जिन्हें समन्वित रूप से अजगर कहा जाता है। इस प्रकार अनेक राज्यों में कुछ जातियां अपने राजनैतिक प्रभुत्व के कारण प्रभु जाति के रूप में मान्य हैं।

6.आर्थिक सम्पन्नता (Economic well & Being):– परम्परागत रूप से ग्रामीण समाज में आर्थिक सम्पन्नता का निर्धारण केवल भू–स्वामीतव के आधार पर होता है परन्तु आज केवल आर्थिक रूप से भूमि का स्वामी होना ही किसी व्यक्ति अथवा जाति की श्रेष्ठता की कसौटी नही है। उदाहरण के लिए आज भी गांवों में अनेक बड़े भू–स्वामी हैं, लेकिन कृषि के नवीन साधनों का उपयोग न कर सकने के कारण वे अपनी परम्परागत स्थिति को बनाए रखने में सफल नही हो सके हैं। ऐसी स्थिति में प्रभु जाति के निर्धारण में पुराने जमींदारों की अपेक्षा उस वर्ग को अधिक ऊंची स्थिति प्राप्त हो गई है, जिन्होंने आर्थिक जीवन में अधिक सफलता प्राप्त की है। गांवों का यह सम्पन्न वर्ग चाहे किसी भी जाति से सम्बन्ध रखता हो, उसका ग्रामीण नेतृत्व तथा गांवों के निर्णयों में कहीं अधिक महत्व दिखाई देता है।

7. भू–स्वामित्व(Land Ownership):– प्रो०श्री निवास ने अपने अध्ययन के आधार पर यह ज्ञात किया है कि किसी भी गांव अथवा क्षेत्र में केवल वही जाति–समूह प्रभु जाति बन पाती है जिसके पास गांव की कृषि योग्य भूमि के एक बड़े भाग पर स्वामित्व हो। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी भू–स्वामित्व परम्परागत प्रभुता को निर्धारित करने वाला महत्वपूर्ण तत्व है। के०एल० शर्मा ने अपने अध्ययन के आधार पर यह स्पष्ट किया किबोवारी गांवष में जाट और गुज्जर जाति प्रभु जातियां हैं। यहां गांव की सम्पूर्ण 750 एकड़ भूमि में से 383 एकड़ भूमि पर जाटों और 200 एकड़ भूमि पर गुज्जर जाति का स्वामित्व है।

8. सम्पूर्ण गांव की एकता, न्याय और कल्याण के लिए कार्य (Administration of Justice Unity and Welfare of the Community as a whole):– प्रभु जाति गांव की एकता को बनाए रखने में योग देती है और ऐसे कार्य करती है जिससे सारे गांव में झगड़े निपटाने एवं न्याय का कार्य भी करती हैं । प्रभु जाति अन्य जातियों के नियमों का सम्मान करतीं हैं। अन्य जातियों के विवाद हल करने के लिए प्रभु जाति के वयोवृद्ध व्यक्तियों के पास लाए जाते हैं। प्रभु जाति निष्पक्ष और तटस्थ होती है। सार्वजनिक उत्सवों एवं सभाओं में प्रभु जाति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। स्पष्ट है कि प्रभु जाति अपनी संख्या, उच्च सामाजिक स्थिति, आर्थिक सम्पन्नता, राजनैतिक शक्ति, शिक्षा आदि के कारण गांव में प्रभुत्ववाली मानी

जाती है।

उपर्युक्त प्रभु जाति की विशेषताओं के आधार पर यह कहा जा सकता है कि प्रभु जाति के विभिन्न आधारों में भी समय समय पर परिवर्तन होता रहता है। ब्रिटिश काल से पूर्व प्रभुजाति का निर्धारण जिन आधारों पर होता था, ब्रिटिश काल में वे आधार पूर्णतया बदल गए। इसी प्रकार ब्रिटिश काल में जो आधार महत्वपूर्ण थे, उनके स्थान पर अब नये आधार प्रभु जाति की कसौटी बन गये हैं। अतः स्पष्ट है कि प्रभुजाति स्वयं एक परिवर्तनशील अवधारणा है। 4.

ग्रामीण सामाजिक–राजनीतिक जीवन में प्रभुजाति का महत्व

(Importance of Dominant Caste in Rural Socio&political Life)

ग्रामीण भारत के अधिकांश भागों में भू–स्वामी किसान जातियाँ हैं, जिन्हें हम प्रभु जातियों कहते हैं। उत्तर भारत में गाँव के लोग प्रभु जातियों को श्अजगर (अहीरज जाट, गगुर्जर, र–राजपूत) का नाम देते हैं जो दलित अल्पसंख्यक जातियों में प्रजातियों के आतंक का सूचक है।

अजगर चार प्रभु जातियों के प्रथम अक्षर को लेकर बना शब्द है। ये जातियां है– (1) अहीर, (2) जाट, (3) गुर्जर तया (4) राजपूत परिचम बंगाल के कुछ भागों में सद गोप, गुजरात में पाटीदार और राजपूत, महाराष्ट्र में मराठा, आन्ध्र में कम्मा और रेडी, मैसूर में ओक्कालिग और लिंगायत, मद्रास में बेल्लाम, गाँउडर, पंडेयाची और कत्ता तथा केरल में नायर, सिरियाई ईसाई और इजवन प्रभु जातियाँ हैं।

प्रभु जातियों का ग्रामीण समाज में विशेष महत्व है क्योकि ग्रामवासियों का सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन इनके द्वारा काफी सीमा तक प्रभावित होता है। ग्रामीण सामाजिक, राजनीतिक जीवन का विश्लेषण इस जाति की उपेक्षा करके नहीं किया जा सकता। प्रभु जाति का प्रभाव सामाजिक जीवन के सभी क्षेत्रों तक, पंराक्रम तथा दत्तक विधान के सिद्धान्तों जैसी मूलभूत बातों तक फैला हुआ जान पड़ता है। प्रभु जाति की सर्वोच्चता का प्रभाव अन्य जातियों के सम्बन्धों पर पड़ता है। श्रीनिवास का कहना है कि इसी कारण पंजाब के कुछ भागों में बाट भू–स्वामी ब्राह्मणों को अपना सेवक समझते है और पूर्वी उत्तर प्रदेश में माधोपुर के गाँव में किसी समय प्रभुतासम्पन्न ठाकुर अपने गुरुओं और पुरोहितों के अतिरिक्त अन्य किसी ब्राह्मण के हाथ का बना सेवन नहीं खाते थे। मैसूर राज्य के रामपुरा गाँव में लोग राम मन्दिरों के ब्राह्मण पुजारी की हँसी उड़ाते थे। प्रभु जातियों ग्रामीण सामाजिक संगठन को बनाए रखने में सहायता देती है तथा ग्रामीण समाज में नेतृत्व प्रदान करती हैं। समकालीन ग्रामीण समाज का अध्ययन इन जातियों की उपेक्षा किए बिना अधूरा है। 5.

प्रभु जाति की अवधारणा की आलोचना (Criticism of the Concept of the Dominant Caste):– प्रो०एम०एन० श्रीनिवास द्वारा प्रस्तुत प्रभुजाति की अवधारणा की कई विद्वानों ने समीक्षा की है। जो कि इस प्रकार हैं : –

1. **एस०सी०दुबे ––** दुबे का मत है कि आर्थिक और राजनैतिक शक्ति भी प्रभुजाति के लिए उसी समय आधार बन सकती है जब इसका प्रयोग सम्पूर्ण जाति की भलाई के लिए किया गया हो। किन्तु अक्सर यह होता है कि इसका प्रयोग व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए किया जाता है और जाति में फूट पड़ जाती है। दुबे आर्थिक एवं जाति पदक्रम उच्च स्थिति को प्रभु जाति के लिए आवश्यक नहीं मानते क्योंकि एक जाति की उच्चता को सभी जातियां स्वीकार करें यह आवश्यक नहीं। इसी प्रकार से आधुनिक शिक्षा एवं व्यवसाय भी जाति प्रभुत्व के लिए आवश्यक नही है। यद्यपि ये जाति की आर्थिक एवं राजनैतिक प्रतिष्ठा में वृद्धि करते हैं। दुबे प्रभु जाति के स्थान पर प्रभुत्वशाली व्यक्ति का प्रयोग करते हैं।

2– डा०मजुमदार –ने मोहाना गांव के अध्ययन में प्रभुजाति की अवधारणा का परीक्षण किया और यह निष्कर्ष निकाला कि एक जाति सदा ही अपनी संख्या के आधार पर प्रभुजाति नहीं होती। एक जमींदार अपने विस्तृत नातेदारों के कारण अथवा कुछ परिवार भू–स्वामित्व एवं उच्च जीवन स्तर के कारण गांव में प्रभावशाली हो सकते हैं तथा विभिन्न जातियों को जोड़ने वाली कड़ी का काम कर सकते हैं। यह भी आवश्यक नही है कि जो जाति संख्या की दृष्टि से प्रभावशाली है,वह सामाजिक दृष्टि से भी प्रभावशाली होगी ही। यह तभी सम्भव है जब अन्य गांव में उस जाति की सामाजिक स्थिति प्रभावशाली हो।

3–डयूमाः– डयूमा का विचार है कि संख्यात्मक शक्ति प्रभुत्व का परिणाम है न कि प्रभुत्व का आधार। डयूमा का मत है कि जाति का सांस्कारिक प्रस्थिति(Ritual Status) संस्तरण (पवित्रता और अपवित्रता)के सिद्धान्त पर आधारित है। इसे प्रभुत्व से स्पष्ट रूप से अलग किया जाना चाहिए। प्रभुत्व भूमि पर स्वामित्व का परिणाम है। कई विद्वानों ने इस बात पर जोर दिया है कि प्रभुत्व को जाति के साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए क्योंकि ये दोनों अलग–अलग तथ्य हैं।

4–एन्थोनी कार्टरः– कार्टर ने महाराष्ट्र के गिरवी गांव के अध्ययन में यह पाया कि जातियां राजनैतिक दृष्टि से संगठित रूप में कार्य नहीं करती हैं। अतः जाति को प्रभुत्व से अलग कर देना चाहिए। इसके स्थान पर हम प्रभुत्ववाली समूह का प्रयोग कर सकते हैं, जिसमें राजनैतिक वर्ग शामिल हैं। गिरवी और मराठा महाराष्ट्र में प्रभुजाति हैं, किन्तु यह भी देखा गया है कि सम्पूर्ण जाति के बजाय जाति का एक भाग ही प्रभावशाली था।जो लोग वेतनदार मराठा वंश के थे वे ही अन्य नहीं। 6.

निष्कर्ष–

आलोचना के पश्चात भी प्रो०एम०एन०श्रीनिवास द्वारा प्रतिपादित प्रभुजाति की अवधारणा विभिन्न जातियों के आपसी सम्बन्धों तथा ग्रामीण एकता को समझने के लिए अत्याधिक महत्वपूर्ण है! इस अवधारणा की सहायता से न केवल ग्रामीण शक्ति– संरचना की प्रकृति को समझा जा सकता है बल्कि विभिन्न गांवों के आपसी सम्बंधों को भी समझना सरल हो जाता है।

संदर्भ सूची–

1.भारतीय समाज (संरचना एवं परिवर्तन) दोषी एस० एल०, जैन पी० सी० (2007) नेशनल पब्लिशिंग, नई दिल्ली पृष्ठ संख्या 446–447

2 कुमार आनन्द (2010–11) विवेक प्रकाशन 7, यू० ए० जवाहर नगर, नई दिल्ली 7. पृष्ठ संख्या– 177–178.
3. सिंह डा० वी० एन० ग्रामीण समाजशास्त्र (2015) विवेक प्रकाशन 7. यू० ए० जवाहर नगर, नई दिल्ली – 7, पृष्ठ संख्या 86–87
4.दोषी एवं जैन पी० सी० ग्रामीण समाजशास्त (2010) अदरियागंज नई दिल्ली–2 पृष्ठ मख्या 72–78.
5.महाजन धर्मबीर और कमलेश–समाजशास्त्र–2018) विवेक प्रकाशन 7. यू० ए० जवाहर नगर, नई दिल्ली – 7, पृष्ठ संख्या 84–85.
6.भारत में ग्रामीण समाजशास्त्र अग्रवाल डा० अमित (2014), विवेक प्रकाशन 7. यू० ए० जवाहर नगर, नई दिल्ली 7, पृष्ठ संख्या 71–76.

Takdeer Singh
(8930874165)
Assistant Professor in Sociology
D-B-G-Govt-College Panipat
Near Toll Plaza Sec&18
Pin Code&132103

15

बद्री नारायण के साहित्य का शिल्पगत अध्ययन

दिलकुश झा, डॉ0 प्रो0 बाबूराम

सारांशः

मनुष्य प्रकृति से जिज्ञासुए विचारक और अन्वेषक होता है। यह विशेषता कवि– हृदयों में विशेष रूप से परिलक्षित होती है। कवि–कर्म को दृष्टि में रखते हुए ही कवियों को ब्रह्मा अथवा ईश्वर तुल्य भी स्वीकार किया गया है। मन के घनीभूत भाव अपनी अभिव्यक्ति के लिए शब्दए वर्ण अथवा संकेतों का माध्यम लेते हैं। मूलतः मानस छवियों में उद्भूत ये भाव–संवेग अपने बहिर्निरूपण के लिए इंद्रियों द्वारा सहज–सरल–स्वाभाविक रूप से ग्राह्य किये जाने वाले माध्यम ही स्वीकार करते हैं जैसे प्रतीकए बिम्बए अलंकार से सजे भाव अथवा संवेग। शिल्पगत नवीनता के साथ–साथ ही काव्यानुभूति की अभिव्यक्ति के लिए नवीन भाषिक संरचना को भी कवियों द्वारा प्रधानता दी गई है।

शब्द कुंजी– शिल्पकार, आधुनिककाल, छन्दहीन मुरेठा, 'खूँट, 'सुर्ती, 'कुरता, 'गठरी, अलमुनियम, कर्मकाण्ड, सौन्दर्यमयी, सहृदय ।

कवि शब्द शिल्पी होता है। वह शब्दों को आकार देकर उसे काव्य बनाता है। जिस प्रकार भवन का शिल्पकार पत्थर और गारे की मदद से एक भवन खड़ा कर देता है और फिर लकड़ी की सहायता से उसमें दरवाजे और झरोखे लगाकर उसे सुन्दर और सुरक्षित बना देता है, उसी प्रकार कवि शब्द और शैली से काव्य का निर्माण करता है उसमें छन्द रूपी गारा का इस्तेमाल कर उसे मजबूती प्रदान करता है, उसकी सुन्दरता के लिए अलंकारों का सहारा लेता है और उसे सारगर्भित बनाने के लिए उसमें मुहावरे एवं लोकोक्तियों का प्रयोग करता है अर्थात् किसी काव्य के निर्माण में भाषा शैली, अलंकार, छंद, मुहावरे एवं लोकोक्तियों की आव यकता होती है। इन्हीं का व्यक्तित्व क्रम एक–एक सुन्दर और मौलिक काव्य का निर्माण करता है। कविता की इन्हीं विविध भाषिक संरचनाओं को देखते हुए डॉ0 नित्यानन्द तिवारी जी ने लिखा है–

'नयी कविता में छन्द तो नहीं है लेकिन वह एकदम छन्दहीन भी नहीं है। मुक्त छन्द में लय का प्रवाह बना रहता है किन्तु छन्दहीन रचना में लय नहीं होती। अर्थात नयी कविता में लय और लयहीनता के बीच की स्थिति होती है। उसे टूटा हुआ गद्य कहा जा सकता है।

भाषा शैली

कोई भी रचनाकार या सामान्य व्यक्ति हमेशा एक ही शैली का प्रयोग नहीं करता है। इस बात को सभी विद्वान मानते हैं कि शैली परिवर्तन के पीछे मूल कारण सामाजिक संदर्भ और विषय होता है। अगर रचनाकार छायावरी प्रवृत्ति का है तो क्षेत्र के अनुसार उसकी शैली में अन्तर देखा जा सकता है। भाषा कभी स्थिर नहीं होती। संत कबीरदास ने भी कहा है कि 'कबीरा भाषा बहता नीर'। हिन्दी साहित्य में हम आधुनिककाल की भाषा को देखते हैं तो भी हमें उसमें भिन्नता नजर आती है।

बद्री नारायण की भाषा शैली भी इससे अलग नहीं है। बद्री नारायण ने अपनी भाषा शैली में कई रूपों का प्रयोग किया है। क्षेत्रिय परिवर्तन के अनुसार उनकी भाषा ढल जाती है–

बाँधे मुरेठा
सर में पंख खोंसे
खूँट में सुर्ती बाँधे
मारकीन का कुरताए अलमुनियम का लोटा
आम छाप बीड़ी और सतुए की रोटी
बाँधे गठरी में।[1]

इस कविता में 'मुरेठा', 'खूँट', 'सुर्ती', 'कुरता', 'गठरी' आदि भाब्द किसी विषेश क्षेत्र की भाषा के हैं जो हिंदी में प्रयोग होते हैं। बद्री नारायण ने अपनी भाषा ऐसे क्षेत्रिय भाषा रूपों का खूब प्रयोग किया है।

बद्री नारायण आधुनिक काल में भी अपनी भाषा में छायावादी संस्कृत निष्ठा रखते हैं–

सामूहिक तीव्र स्वर में मंत्र जाप के साथ
एक कर्मकाण्ड में
झीर झीर पवन वेग के संग
गूँजती है उस वक्त फूटी मेरी रुलाई
आज भी आधुनिक काल में।[2]

बद्री नारायण की भाशा में हिंदी के साथ अंग्रेजी के ऐसे शब्दों का प्रयोग हुआ है जो आम जीवन में प्रयोग किए जाते हैं। इनसे उनकी एक अलग शैली विकसित हुई है –

''अलमुनियम का लोटा''[3]
''कंडक्टर ने अगर
टिकट का पैसा न होने के कारण
बस से उतार भी दिया तो क्या''[4]

बद्री नारायण की भाषा भौली हिंदी मिश्रित उर्दू भी है–

कत्लीए खूनीए बलात्कारीए
बेईमानीए चालूए फ्रॉडए लम्पटए
हिंसकए झूठए बवालीए
सुल्तानए साहेबए मालिक।[5]

इस प्रकार देखा जा सकता है कि समकालीन काव्य में जितनी भी भाषा भौली प्रयुक्त हो रही हैंए उन सभी भाषा शैलियों में बद्री नारायण ने काव्य रचना की है। बद्री नारायण एक ऐसी भाषा शैली के पक्षधर है जो सहज होए पाठक के आसानी से समझ में आने वाली हो और जिस क्षेत्र में लिखी हो उस क्षेत्र के शब्दों की गंध उसमें समाहित हो।

अलंकार

अलंकार का पर्याय है आभूषण। जिस प्रकार सौन्दर्यमयी नारी आभूषण से अपने को अलंकृत कर अपने सौन्दर्य में चार चाँद लगा देती है, उसी प्रकार कविता कामिनी भी अलंकार से अलंकृत होकर सहृदय को मोहती है।

आचार्य के शवदास ने अलंकारों के महत्त्व को स्वीकार करते हुए इसे काव्य की आत्मा कहा है –

जदपि सुजाति सुलच्छनीए सुवस सरस सुक्ति।
भूशण बिन न विराजई कविता वनिता मित्त।[6]

बद्री नारायण समकालीन कवि हैं उनके काव्य में अलंकारों का प्रयोग चमत्कार के लिए न होकर भावाभिव्यक्ति के लिए हुआ है। बद्री नारायण की लेखनी शलेश वक्रोक्ति पर अधिक रमी है।

अन्न को भूख लगती है
पानी को प्यास
भाव को भी भावनाओं की जरूरत होती है
फलों को भी स्वाद चाहिए
अग्नि को भी आग
बहते हुए नीर को भी
नीर का आवेश चाहिए
बारिस को चाहिए उसे भिगोने वाला पानी
कंबल को भी गर्मी चाहिए
स्रश्टा को भी सार चाहिए
स्रश्टा को भी भाव
ज्ञान को भी सबद चाहिए
मुझे भी कुछ चाहिए
पर क्या चाहिए
यह न मुझे पता है
और न औरों को।[7]

बद्री नारायण ने अपने काव्य में शब्दालंकारों के साथ–साथ अर्थालंकारों का भी बहुत प्रयोग किया है। उनके काव्य में उपमा अलंकारों सहसा ही आ जाता है।

तेरे आस–पास होने का भास
पहले–पहल हुआ मुझे
चमक उठा मैं
चकमक पत्थर–सा।[8]

इसी प्रकार उत्प्रेक्षा अलंकार का प्रयोग भी बद्री नारायण ने अपने काव्य में किया है–

जो मानो अपने जनगण के लिए
अपनी कविता में माँग रहा हो
अन्न मछली और मांस।[9]

बद्री

शब्द शक्ति

शब्द शक्तियों का विवेचन व्याकरण, मीमांसा और तर्क शास्त्र से प्रारम्भ हुआ। व्याकरण ने 'अभिधा शक्ति' मीमांसा ने 'तात्पर्य शक्ति' और 'तर्क शास्त्र' ने 'लक्षणा शक्ति' को मान्यता प्रदान की। काव्य भाास्त्र के इतिहास में सर्वप्रथम आचार्य उद्‌भट ने शब्द शक्ति पर विचार किया।

संस्कृत आचार्यों ने शब्द– शक्ति पर विचार करते समय उसके तीन भेद किये गए हैं – (1) अभिधा भाब्द भाक्तिए (2) लक्षणा शब्द भाक्ति और (3) व्यंजना शब्द भाक्ति।

अभिधा शब्द शक्ति

पद में अर्थ बोध की सामर्थ्य को शक्ति कहते हैं। इस पद से इस अर्थ का बोध हो गाए यह जो ई वर की इच्छा है, इसी को अभिधा शक्ति कहते हैं।

रीतिकाल के कवि देव ने अभिधा को उत्तम प्रमाणित किया है। वे अपने शब्द रसायन में कहते हैं –

अभिधा उत्तम काव्य है, मध्य लच्छना लीन।
अधम व्यंजना रस कुटिलए उलटी कहत नवीन।।[10]

बद्री नारायण ने अपने काव्य में अभिधा शब्द शक्ति का बहुत प्रयोग किया है। अगर कहा जाए कि उनकी कविताएं अभिधा में ही अधिक है तो कोई अति"योक्ति नहीं होगी। बद्री नारायण की कविता 'तुमडी के शब्द' में अभिधा शब्द शक्ति का उदाहरण–

इससे अपमानितों को सम्मान मिलता है
मिलता है इसमें निचलों को उठान
इन्हीं शब्दों से गरीबों में जनमता है
ताज और तख्त हिलाने का स्वप्न
देखो कितने तोपए तीर, तलवार
आरीए कटार, तने हैं इस शब्द पर
कई फूलों के बाण से
इसे मार कर खा जाने
में सिद्धहस्त
लगाए बैठे हैं घात।[11]

लक्षणा शब्द शक्ति

लक्षणाा शब्द शक्ति पर व्याकरण, मीमांसा और न्यायदर्शन में विचार हुआ है। लक्षणा शक्ति वहाँ होती है जहाँ लक्षक शब्दों का प्रयोग होता है। आचार्य अभिनव गुप्त ने अपने ग्रंथ 'ध्वन्यालोक लोचन' में लक्षणा की परिभाशा देते हुए कहा है कि –

मुख्यार्थ बाधादि सहकार्य पेक्षार्य प्रतिभासन शक्ति र्लक्षणा शक्तिः।[12]

जहाँ मुख्यार्थ को ग्रहण करने में कवि या लोक परम्परा के कारण रूकावट पड़े, वहाँ लक्षणा होती है। बद्री नारायण की कविता 'का ा मैं' की पंक्तियाँ –

काश ! मैं एक सरल गणित की तरह होता
जिसे तुम आसानी से समझ पाते
काश ! मैं ककहरा होत जिसे तुम पढ़कर आसानी से रट पाते

काश ! मैं कैलेण्डर में फिट होने वाली तारीखों में से एक तारीख होता

जिसे तुम आँख उठाते और खोज पाते।[13]

व्यंजना भाक्ति

बद्री नारायण का काव्य तो व्यंजना भाक्ति का पर्याय है उनकी अधिकांश कविताओं में व्यंजना शक्ति के माध्यम से अर्थ बोध होता है। यथा –

टीप्–टीप्–टीप् तू कौन है
कोई पतिगा है
कि चिड़िया है
कि गिलहरी है
कि आकाश
कि देवता है।[14]

बिम्ब और प्रतीक

बिम्ब और प्रतीक हमें अपनी बात सहजता और पारम्परिक ढंग से कहने में मदद करते हैं। इनके प्रयोग से कविता में किसी भी प्रकार से आने वाली वर्णनात्मकता से बचा जा सकता है।

बिम्ब

भारतीय एवं पाश्चात्य काव्य शास्त्र के विद्वानों ने काव्य शिल्प के अन्तर्गत बिम्ब योजना की जो आधार भूमि अलग–अलग तैयार की थी वह काव्य के धरातल पर आकर एक हो जाती है। आचार्य रामचन्द्र भाुक्ल ने कहा है कि ''काव्य का काम कल्पना में बिम्ब या मूर्त भावना उपस्थित करना है। बुद्धि के सामने कोई विचार लाना नहीं।''[15]

बद्री नारायण के काव्य में हमें इन्द्रिय बोधात्मक बिम्ब, वस्तु प्रधान बिम्ब, भावात्मक एवं बौद्धिक बिम्ब, अलंकृत बिम्ब, सान्द्र एवं विवृत बिम्ब आदि प्रकार के बिम्ब मिलते हैं।

बद्री नारायण ने रूप से नादात्मक एवं ाब्द या स्पर्श से रूपानुभूति को जाग्रत करने के प्रयास इसके प्रमाण हैं। यथा–

कहना नहीं है आसान कि
इसमें कितना भाामिल है इसे कहने
गाने सुनने वालों का वर्तमान
इसमें कितना निछुका शब्द है
कितना टेक, कितनी कहनी, रहनी और कितना छंद है
कितना आऽऽ, साऽऽ रेऽऽ का योगदान है इसमें
जिस तुमड़ी से निकला है भाब्द
वह कितना जोगी का है
कितना जती का
कितना राजा का
कि कितना है जन का और कितना जनतंत्र का
कहना कठिन है।[16]

बद्री नारायण के इस उदाहरण में संवेदनात्मक मिश्रण की झलक देखी जा सकती है।

प्रतीक

प्रतीक के दो धरातल होते हैंए एक प्रत्यक्ष दूसरा परोक्ष। एक का सम्बन्ध बाह्य यथार्थ से है दूसरे का अतीन्द्रिय यथार्थ से। प्रत्यक्ष स्तर एक तात्कालिक अनुभूति मन में जगाता है जो सहज ही एक ऐसे अप्रस्तुत अभिप्राय की ओर संकेत कर देती है जो अप्रत्यक्ष होने पर भी अधिक व्यापक और महत्त्वपूर्ण होती है। बद्री नारायण की कविता 'रात की नींद' इस बात और अधिक स्पष्ट करती है –

अपमान उपेक्षा असफलताएँ
अपने वजूद में बिंधे विश बुझे
सहस्र तीरों की भारशैय्या पर
हम सोते हैं रोज रात।[17]

बिम्ब में भाव का सम्मूर्तन ही प्राथमिक और अंतिम लक्ष्य है जबकि प्रतीक में सम्मूर्तन गौण और संप्रेरित भाव ही मुख्य है।

शब्द प्रयोग

बद्री नारायण ने अपनी कविता में तत्सम, तद्भव, देशज, विदेशज सभी प्रकार के शब्दों का प्रयोग किया है। बद्री नारायण के शब्द प्रयोग को समझने के लिए उनकी कविताओं का सहारा लेना पड़ेगा। उनकी कविताएँ समकालीन जीवन व समाज का दर्पण हैं, जो शब्दों से बना है।

तत्सम शब्द

बद्री नारायण ने अपनी कविताओं में तत्सम भाब्दों का प्रयोग भाषा को चमत्कृत करने के लिए नहीं किया अपने अर्थ को सहजता से स्पष्ट करने के लिए किया है। उनकी कविताओं में प्रयुक्त तत्सम शब्द अर्थात् वे शब्द जो संस्कृत से हिन्दी में ज्यों के त्यों आए हैं। उनकी अनेक कविताएँ ऐसी हैं जिनमें तत्सम प्रधान शब्दावली की प्रधानता है। यथा –

मैं अजर और अमर हूँ
तू मृतमान
देह छोड़ते वक्त
आत्मा मुस्कुराई
तभी गोरख की आवाज आई
आत्मा भी मरती है
और देह भी
यम भी रोता है
और यम को भी अपनी मृत्यु का शोक होता है।[18]

इस 'दिव्यवाणी' कविता में बद्री नारायण ने अधिकांश तत्सम शब्दों का प्रयोग कर कविता के सौन्दर्य में वृद्धि की है। कविता को पढ़कर ऐसा लगता है कि कवि ने तत्सम शब्दों का प्रयोग किसी चमत्कार के लिए नहीं किया है अपितु ये सहज ही भावानुसार आएं हैं। कविता में भावानुकूल तत्सम शब्दों का प्रयोग बद्री नारायण करते हैं। उनकी कविताओं में कुछ पंक्तियाँ तो पूर्ण रूप से तत्सम शब्दों की और शेष कविता में सभी शब्दों का प्रयोग

मिलता है। उनकी 'रात की नींद' ऐसी ही कविता है –

अपमान, उपेक्षा, असफलताएं
अपने वजूद में बिंधे विश बुझे
सहस्त्र तीरों की भारशैय्या पर[19]

यह कविता की आरम्भिक पंक्तियाँ हैं जो पूर्ण रूप से तत्सम शब्दों से वर्णित हैं।

तद्भव शब्द

बद्री नारायण की कविताओं में तद्भव शब्दों के पदों का पूरा शब्द भण्डार मिलता है। यथा –

सम्भव है मेरा कुछ भाव बढ़ जाए
अपना बाजार भावए बढ़ाने के लिए जरूरी है
कि गहरी क्रूरताए कुछ चालाकी, अनेक प्रकार
के दोहरेपन से अपने को लैस
किया जाए।[20]

इसी कविता में ही आगे ही वे कहते हैं कि –

फिर भी कोई मेरी ओर ध्यान क्यों नहीं दे रहा है
एक दिन बीता दो दिन बीता
बीत गए कई दिन
तभी एक दिन प्रेमी–प्रेमिका का एक
जोड़ा आया।[21]

इस प्रकार यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि उनका काव्य तद्भव शब्दों का शंगत्या।

देशज शब्द

वे शब्द जो स्थानीय भाषा के भाब्द होते है, ये देश की विभिन्न बोलियों से लिए जाते हैं अर्थात् तत्सम शब्द को छोड़कर देश की विभिन्न बोलियों से आये शब्द देशज शब्द होते हैं। समकालीन कवि बद्री नारायण के काव्य संवाहों में भाषा और अनुभवों की ताजगी साफ देखी जा सकती है। इन कविताओं में कवि ने एक आदिम गंध बिखेरी है जो उसके निजी अनुभवों का सत्य है। इसमें रहने की एक सापास कोशिश न होकर एक स्वरफूर्त प्रवाह और कवि की चेतस दृष्टि है जो लगातार अपने चारों ओर घटित हुए की कहीं बाँध लेना चाहती है।

'तँतवा' कविता में कवि ने लगातार चलते रहने अथवा जीवन के किसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतरता के उचित महत्त्व का प्रतिपादन किया है। वे कहते हैं कि –

खट खट धा
खट खट धा
खट खट धा
अस्थि पंजर मांस मज्जा
आप में टकरा।[22]

एक अन्य कविता 'एक पंडुक की रिपोर्टिंग' में कवि पंडुक अर्थात् पक्षी के माध्यम से बगीचों, पक्षियों, बाजार, महत्त्वाकांक्षाओं और महिलाओं की रिपोर्टिंग करते हैं। कविता की प्रथम पंक्तियाँ जिनमें कवि देशज भाब्दों का सहारा लेकर काव्य सौन्दर्य उत्पन्न करते हैं –

महुए के घने बगीचे में
अपनी फुलसुँघनी के पीछे भागते
मैं आ गया
आकांक्षाओं के एक महाबाजार में
पंडुक पक्षी की तरह
'एकै तुही' 'एकै तुही' बोलता हुआ।[23]

विभिन्न भाषाओं के शब्दों का प्रयोग

समकालीन कविता के प्रमुख हस्ताक्षर बद्री नारायण ने अपने काव्य को जन काव्य बनाने के लिए विभिन्न भाषाओं के शब्दों को अपने काव्य में स्थान दिया है।

'विचार मृत्यु' बद्री नारायण की प्रमुख कविता है, इसमें वे विचार की मृत्यु को सबसे बड़ी हानि मानते हैं। इस कविता में उन्होंने हिन्दी, अंग्रेजी, फारसी, संस्कृत आदि भाषाओं के शब्दों का प्रयोग कर पिता को बड़ा रोचक बना दिया है –

रोज–नये–नये चिप्स
नये–नये अजेट्स
मोटोरोला, सैमसंग, नोकिया
यूनिनॉर, वोडाफोन, एयरसेल
एयरटेल
ये मात्र मशीनें नहीं हैं
विचार हैं
ये मात्र सुविधाएँ नहीं हैं
विचारों के प्रवाह के मार्ग हैं[24]

बद्री नारायण की 'दो फॉक' कविता में बताया गया है कि इस पृथ्वी पर जो है उन सभी प्राणियोंए वस्तुओं की दो फॉक हो रही हैं। यहाँ तक कि आत्मा के भी दो फॉक हो गए हैं। इस कविता में भाब्द प्रयोग कर कवि ने जो भावों को पाठक के सामने रखा है, वह अद्भुत है –

नोएडा, बॉम्बे, दिल्ली
या मॉरिशस, सूरीनाम
बैलों की जोड़ी तो यहाँ
आधी है ही उनके अले का घुँघरु भी आधा[25]

संदर्भ सूची

1. बद्री नारायण, तुमडी के भाब्द, पृ० 10
2. वही, पृ० 18
3. वही, पृ० 10
4. बद्री नारायण, तुमडी के भाब्द, पृ० 11
5. वही, पृ० 45
6. डॉ० नरेश मिश्र, अलंकार दर्पण, पृ० 15
7. बद्री नारायण, तुमडी के शब्द, पृ० 50

8. बद्री नारायण, सच सुने कई दिन हुए, पृ० 29
9. बद्री नारायण की प्रतिनिधि कविताएँ, पृ० 59
10. देव, शब्द रसायन, किताबघर प्रकाशन, दिल्ली, संस्करण 1985
11. बद्री नारायण, तुमडी के शब्द, पृ० 14–15
12. अभिनवगुप्त, ध्वन्यालोक लोचन, पल्लव प्रकाशन, दिल्ली, संस्करण 1992, पृ० 4
13. बद्री नारायण, तुमडी के शब्द, पृ० 93
14. बद्री नारायण, तुमडी के शब्द, पृ० 83
15. आचार्य रामचन्द्र भुक्ल, निबंधमाला, पृ० 72
16. बद्री नारायण, तुमडी के शब्द, पृ० 14
17. बद्री नारायण, तुमडी के शब्द, पृ० 79
18. बद्री नारायण, तुमडी के शब्द, पृ० 51
19. वही, पृ० 59
20. बद्री नारायण, खुदाई में हिंसा, पृ० 116
21. वही, पृ० 147
22. वही, पृ० 86
23. बद्री नारायण, तुमड़ी के शब्द, पृ० 24
24. बद्री नारायण, तुमड़ी के शब्द, पृ० 39
25. बद्री नारायण, खुदाई में हिंसा, पृ० 101

दिलकुश झा
शोधार्थी हिंदी – विभाग
बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यायलय रोहतक
डॉ0 प्रो0 बाबूराम
शोध निर्देशक हिंदी –विभाग
बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यायलय, हरियाणा
रोहतक
पिन –124001

16

जैव प्रौद्यौगिकीय का कृषि एवं ग्रामीण विकास में योगदान

डॉ0 बुद्ध प्रिय सिद्धार्थ, ठाकुर रोशन सिंह

सारांशः

जैव प्रौद्यौगिकीय, संचार प्रौद्यौगिकीय, नवीनीकरण ऊर्जा प्रौद्यौगिकीय, अंतरिक्ष अनुप्रयोग और नैनो प्रौद्यौगिकीय इत्यादि कृषि भूमि और जल की प्रति यूनिट उत्पादकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान है। जिस की ग्रामीण विकास में भी जैव प्रौद्यौगिकीय का महत्वपूर्ण योगदान है।

जैव प्रौद्यौगिकीय से कृषि ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका जैसे –

1. वर्मी कम्पोस्ट या केंचुए की खाद देशी केंचुए खेत में हमेशा से पाए जाते है, किन्तु रसायनिक खाद और कीटनाशक के जहर से इनकी संख्या भूमि में बहुत कम हो गई है। किसान जानते है कि ये भूमिगत केंचुए बड़ी हुई खाद व फसल अवशेषों को खाकर छोटी – छोटी गोली जैसी खाद बनाते है, इसके साथ ही खेत की ट्रैक्टर से भी बढ़िया जुताई स्वतः ही कर देते है, इसलिए इन देशी केंचुए की संख्या खेत में अवश्य बढानी चाहिए।

2. <u>उचित जल प्रबन्ध</u> – भूमि के बाद जल कृषि में उत्पादन हेतु सबसे महत्वपूर्ण कारक है। जल के मुख्य स्त्रोत है वर्षा, जल, भूजल और नदी, तालाब, गाँवो, यदि जल ग्रहण क्षेत्र का एक साथ प्रबन्धन न हो तो कुछ गाँवों का समूह (क्लस्टर) या एक गाँव का भी वर्षा जल का संग्रहण तरीकों से किया जा सकता है।

3. <u>गाँवों में वर्षा जल संग्रहण</u>– गाँवों में आमतौर पर शहरी आवासों के विपरीत छोटे–छोटे घर की छत अपेक्षाकृता छोटी होती है। बारिस के पानी को सोख्ता गडढा और टाका जैसे बांधों में रोका जा सकता है।

4. ग्रामीण विकास में बचत खाते खुलवाने से प्रत्येक सदस्य नियमित रूप से बचत की राशि कितनी होगी, कब की जायेगी, बचत करना विकास के लिय जरूरी है।हमारी मानसिकता या सोच ही किसी प्रौद्यौगिकीय का प्रयोग और उसके द्वारा होने वाले विकास की दिशा निर्धारित करती है। कृषि एक ऐसा व्यवसाय है, जहाँ प्रत्येक किसान या किसानों के समूह को अनेक तकनीकों का प्रयोग करना होता हे।

<u>5. ऊर्जा का अक्षय स्त्रोत</u>–गोबर गैस संयंत्र से गोबर गैस संयंत्र ईधन प्राप्त करने का एक सस्ता टिकाऊ व हानिरहित उपाय है। वायो का अर्थ जैविक से है। जीवों द्वारा उत्सर्जित अवशिष्ट पदार्थों से वायोगैस उत्पन्न की जाती है। इसमें मिथेन गैस का बाहुल्य होता है। वायोगैस गेहूँ का अनुपयोगी खराब भूसा, सरसों का अवशेष पदार्थ, मूँगफली के छिलके, नीलगिरि के पत्ते डन्ठल, जलकुम्भी तथा चने की भूसी आदि को मिलाकर 70–75 प्रतिशत गैस बनाई जाती है।

एक आंकलन के अनुसार भारत में गैर पारम्परिक ऊर्जा की कुल संभावित क्षमता लगभग 2,00,000 (दो लाख) मेगावाट के बराबर हैं, जिसमे 31 प्रतिशत सौर ऊर्जा से है, 30 प्रतिशत समुद्र जल से, 25 प्रतिशत वायोगैस से, 12 प्रतिशत वायु से तथा 2 प्रतिशत अन्य स्त्रोतों से प्राप्त की जा सकती है। सन् 2010 तक इन स्त्रोतों से देश में उत्पादित बिजली का 15 प्रतिशत तथा सन् 2020 तक बिजली का 25 प्रतिशत भाग प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में वायोगैस संयंत्र हर दृष्टि से उपयोगी व लाभप्रद है, इससे बिजली भी प्राप्त होती है। जिन घरों में यह संयंत्र लगा है, वहाँ 15 वाट से 60 वाट तक के बल्व आसानी से जलते है।

<u>प्रगतिशील किसान</u>–

भारत के किसानों की एक बढ़ी संख्या नई जानकारी प्राप्त कर उसका उपयोग करने में सक्षम है। महाराष्ट्र, गुजरात में सहकारी फल सब्जी व दूध उत्पादन आज अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर गुणवत्ता के लिए जाने जाते है।

<u>मानव श्रम की उपलब्धता</u>–भारत की जनसंख्या का सदुपयोग सिर्फ जैविक कृषि से हो सकता है, क्योंकि जैविक खेती में श्रम की प्रधानता होती है। जैविक कृषि से गाँव में कई बेरोजगार व महिलाओं को रोजगार मिल सकता है।

<u>औषधीय पौधों से खेती</u>–

भूमि और जलवायु के भिन्नता के कारण और विकसित आयुर्वेद पद्धति होने से हमारे पास औषधीय पौधों की संख्या विश्व में मात्र दूसरे नम्बर पर है। जिससे औषधीय पौधों से कृषि करने रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकता है।

<u>सन्दर्भ ग्रन्थ सूची</u>–

1. पर्यावरण विश्व कोष – डॉ0 श्याम मनोहर व्यास, जैन पब्लिकेशन नई दिल्ली।
2. जैविक खेती सिद्धान्त तकनीकि एवं उपयोगिता – अरूण शर्मा एग्रो वायोस इण्डिया, जोधपुर।
3. जैव उर्वरक उत्पादन मार्गदर्शिका – दुश्यन्त गहलोत, एग्रो वायोस इण्डिया,जोधपुर।
4. इन्टरनेट हेल्पलाईन।.

डॉ0 बुद्ध प्रिय सिद्धार्थ
असिस्टेन्ट प्रोफेसर–समाजशास्त्र
ठाकुर रोशन सिंह
राजकीय महाविद्यालय
नवादा दरोवस्त, कटरा शाहजहाँपुर
एम0जे0पी0 रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

17

साहिर लुधियानवी के फिल्मी गीतों में सामाजिक अन्याय

प्रो.(डॉ.)कंचन पुरी, शिवा शर्मा

सारांशः

रंग और नस्ल ज़ात और मज़हब जो भी है आदमी से कमतर है
इस हक़ीक़त को तुम भी मेरी तरह मान जाओ तो कोई बात बने

नफ़रतों के जहान में हम को प्यार की बस्तियाँ बसानी हैं
दूर रहना कोई कमाल नहीं पास आओ तो कोई बात बने

शोध साररू– सामाजिक अन्याय एक ऐसी समस्या है, जो किसी समाज में असमानता, भेदभाव और अन्यायपूर्ण व्यवहार का प्रतीक है। यह उस स्थिति को दर्शाता है, जहां किसी खास समूह, जाति, धर्म, लिंग, आर्थिक वर्ग, या अन्य सामाजिक पहचान के आधार पर लोगों के साथ अनुचित व्यवहार किया जाता है। सामाजिक अन्याय के विभिन्न रूप हो सकते हैं, जैसे कि जातिगत भेदभाव, लैंगिक असमानता, आर्थिक विषमता, धार्मिक असहिष्णुता आदि। सामाजिक अन्याय का समाधान केवल कानूनों से नहीं, बल्कि समाज की सोच में बदलाव लाकर किया जा सकता है। इसके लिए साहित्यकारों का योगदान आवश्यक हो जाता है। जो समाज में व्यापक बदलाव ला सकते हैं। साहिर लुधियानवी भारतीय सिनेमा के ऐसे गीतकार थे जिनकी लेखनी में समाज का दर्द और व्यथा साफ झलकती है। उनका लेखन न केवल प्रेम और सुंदरता का बखान करता है, बल्कि सामाजिक अन्याय, शोषण, गरीबी और वर्ग विभाजन पर भी गहरा कटाक्ष करता है। साहिर ने फिल्मों के माध्यम से उन मुद्दों को जनमानस के समक्ष लाया जो अक्सर अनसुने रह जाते थे। उनके गीतों में ऐसी संवेदनशीलता और गहराई है जो आज भी प्रासंगिक और प्रेरणादायक बनी हुई है। इस शोध पत्र का उद्देश्य उनके गीतों में सामाजिक अन्याय के विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण करना है।

शोध–प्रपत्र

लैंगिक असमानता और साहिर लुधियानवीः "मदद चाहती है ये हव्वा की बेटी"

साहिर लुधियानवी के व्यक्तिगत जीवन का प्रभाव उनकी शायरी और बाद में उनके फिल्मी गीतों में स्पष्ट परिलक्षित होता है। उन्होंने स्वयं लिखा है ष्दुनिया ने तजरबात ओ हवादिस की शक्ल में / जो कुछ मुझे दिया है वो लौटा रहा हूँ मैंष साहिर लुधियानवी के पिता ने कई शादियां की और साहिर की मां के साथ उनके सम्बन्ध अच्छे नहीं थे। बाद में पिता के साथ उनकी माता का विवाद अदालत तक पहुंच गया। पुश्तैनी जायदाद से बेदखल होकर साहिर और उनकी मां को दर बदर भटकने के लिए मजबूर होना पड़ा। साहिर लुधियानवी ने समाज में स्त्री के साथ होने वाले अन्याय को करीब से देखा और महसूस किया। यही कारण है कि उनकी लेखनी में स्त्री विमर्श का ऐसा व्यापक रूप देखने को मिलता है। फिल्मी गीतों में तो स्त्री चेतना की गम्भीर शुरुआत साहिर लुधियानवी के गीतों से ही मानी जाती है। औरत को हमेशा पर्दे में रखना और उसके संपूर्ण जीवन की तुलना एक कैदी से करते हुए साहिर 1955 की फिल्म 'मेहमान' में लिखते हैं "खुले गगन के नीचे पंछी घूमे डाली डाली / मैं क्या जानूं उड़ना क्या है मैं पिंजरे की पाली / शीशे के ताबूत में जैसे मछली माथा पटके / पत्थर के इस बंदीघर में मेरी आत्मा भटके / गमले के इस फूल का जीवन मेरी कथा सुनाएं / इसके अंदर खिले बेचारा इसी में मुरझाए" औरत के साथ होने वाले सामाजिक अन्याय को संपूर्ण रूप से साहिर ने 'साधना' फिल्म के एक गीत में लिखा है "मर्दों के लिए हर जुल्म रवा, औरत के लिए रोना भी खता / मर्दों के लिए हर ऐस का हक, औरत के लिए जीने भी सजा / मर्दों के लिए लाखों सेजे, औरत के लिए बस एक चिता / औरत ने जन्म दिया मर्दों को मर्दों ने उसे बाजार दिया"

फिल्म "फिर सुबह होगी" के गीत 'दो बूंदें सावन की' में समाज में व्याप्त पितृसत्तात्मक मानसिकता और सामाजिक अन्याय का गंभीर चित्रण किया गया है। गीत के हर एक प्रतीक में स्त्रियों की विभिन्न स्थितियों और उनके प्रति समाज में असमान सोच को उजागर किया गया है। गीत उस बदलाव की आवश्यकता को व्यक्त करता है जिसमें स्त्रियों को उनके गुणों ,क्षमताओं और स्वाभिमान के आधार पर समानता दी जाए।

"दो सखियां बचपन की, एक सिंहासन पर बैठे और रूपमती कहलाए / दूजी अपने रूप के कारण गलियों में बिक जाए / किसको मुजरिम समझे कोई किसको दोष लगाए" फिल्म 'दीदी' के एक गीत में साहिर नारी के प्रति समाज में व्याप्त दोहरे मापदंड और सामाजिक अन्याय को उजागर करते हैं। जहां एक और नारी को देवी का दर्जा दिया गया है लेकिन वास्तविकता में उसे दासी के समान समझा गया है। "नारी को इस देश ने देवी कहकर दासी जाना है / जिसको कुछ अधिकार न हो घर की रानी माना है"

पैसे के बदले जिस्म बेचने की सामाजिक क्रुरता को साहिर ने अनेक गीतों में स्थान दिया है 'प्यासा' फिल्म के एक गीत 'ये कूचे ये नीलामघर दिलकशी के' में वेश्यालय का बहुत मार्मिक और बारीक चित्रण किया गया है। इसके साथ–साथ उन लोगों पर भी व्यंग्य किया गया है जो इतने भयावह अन्याय होने के बावजूद देश पर गर्व करते हैं।"ये सदियों से बेख्वाब सहमी सी गलियां, यह मचली हुई अधखिली

जर्द कलियां/ ये बिकती हुई खोखली रंगरलिया/ जिन्हे नाज है हिंद पर वो कहां है" इसके अलावा 'साधना' फिल्म में एक वैश्या अपने दर्द और समाज के दोहरे मापदंडों को उजागर कर रही है। वह ये कह रही है कि लोग उसे तुच्छ नजरों से देखते हैं, लेकिन वही लोग उसकी ओर आकर्षित होते हैं और उसे ही अपनी जरूरतों के लिए इस्तेमाल करते हैं।"मुहब्बत बेचती हूं मैं, शराफत बेचती हूं मैं/ न हो गैरत तो ले जाओ की गैरत बेचती हूं मैं" हमारे समाज में औरत को केवल शारीरिक वस्तु के रूप में देखा जाता है। समाज औरत के अस्तित्व को केवल उसके शारीरिक सुंदरता तक सीमित कर देता है, उसकी भावनाओं इच्छाओं और आत्मा को महत्वपूर्ण नहीं समझा जाता। "लोग औरत को फ़क़त जिस्म समझ लेते हैं/ रूह भी होती है उस में ये कहाँ सोचते हैं"

आर्थिक विषमता और साहिर लुधियानवीरू "ये दुनिया अगर मिल भी जाए तो क्या है"

आर्थिक असमानता के कारण समाज में धन का असमान वितरण होता है, जिससे गरीब और अमीर के बीच की खाई और गहरी होती जाती है। कुछ चुनिंदा वर्गों के पास अधिकांश संसाधन होते हैं, जबकि गरीब लोग बुनियादी आवश्यकताओं के लिए संघर्ष करते हैं। इससे समाज में तनाव, अपराध और असंतोष की भावना बढ़ती है।

साहिर के पिता एक जागीरदार थे और उस दौर के अन्य जागीरदारों की तरह ही वे भी गरीब जनता पर जुल्म करते थे और उनसे जबरन टैक्स वसूल करना उनका काम था। वहीं से साहिर के अंदर जागीरदारी के विरुद्ध नफरत पैदा हो गई। उन्होंने समाज में फैले अमीर–गरीब की विषमता पर खुलकर लिखा। यही वह दौर था जब साहिर में प्रगतिवादी चेतना का विकास हुआ।

"ये महलों, ये तख्तों, ये ताजों की दुनिया/ ये इंसान के दुश्मन समाजों की दुनिया/ ये दौलत के भूखे रिवाजों की दुनिया" साहिर लुधियानवी के अनेक गीतों में आर्थिक आधार पर होने वाले सामाजिक अन्याय को देखा जा सकता है। 1958 में आई फिल्म 'फिर सुबह होगी' का गीत "सबकी हो खैर बाबा सबका भला" की पंक्ति "खड़े हैं भिखारी बने तेरे सामने/ वैसे तो बनाया था हमें भी राम ने"

यह पंक्तियां समाज में मौजूद आर्थिक अन्याय और विषमताओं पर गहराई से टिप्पणी करती हैं। यह दर्शाते हुए की धन का असमान वितरण किसी की मेहनत या काबिलियत का नहीं बल्कि व्यवस्था की विषमताओं का परिणाम है। इसी फिल्म के एक अन्य गीत 'वह सुबह कभी तो आएगी' में साहिर ने एक उम्मीद और संघर्ष की भावना को व्यक्त किया गया है "बीतेंगे कभी तो दिन आखिर यह भूख और बेकारी के/ टूटेंगे कभी तो बुत आखिर दौलत की इजारादारी के" गीत समाज के उस वर्ग की आवाज है जो आर्थिक असमानता और शोषण का सामना कर रहा है और यह भरोसा दिलाता है कि एक दिन बदलाव जरूर आएगा जब ये सारी बेड़ियां टूटेगी और हर व्यक्ति को समान अवसर और अधिकार मिलेंगे।

अमीर–गरीब का भेद मिटाए बिना और सभी को समान अवसर दिए बिना साहिर स्वराज को भी झूठा बताते हैं। मिलों पर मजदूरों का हक एवं खेतों पर किसानों का हक जब तक नहीं होता तब तक आजादी अधूरी है। "तख्त ना होगा, ताज न होगा, कल था लेकिन आज ना होगा/ जिसमें सब अधिकार न पाए वह सच्चा स्वराज न होगा" ऐसा ही आह्वान 'बहु रानी' फिल्म में भी साहिर के द्वारा किया गया है "बने ऐसा समाज, मिले सबको अनाज" साहिर लुधियानवी की दृष्टि स्पष्ट रूप से प्रगतिवादी थी। वह आर्थिक रूप से होने वाले अन्याय और वर्ग संघर्ष पर ताउम्र लिखते रहे। साहिर का मानना है कि यह दोरंगी दुनिया केवल आर्थिक असमानता का परिणाम नहीं है, बल्कि नैतिक पतन, शोषण, और संवेदनहीनता का भी नतीजा है। चांदी की दीवार (1964) के एक गीत में साहिर लुधियानवी लिखते हैं "ये दुनिया दो रंगी है/ एक तरफ से रेशम ओढ़े ,एक तरफ से नंगी है/ एक तरफ अंधी दौलत की पागल ऐसपरस्ती/ एक तरफ जिस्मों की कीमत रोटी से भी सस्ती/ एक तरफ है सोनागाछी एक तरफ चौरंगी है/ यह दुनिया दो रंगी है" ताजमहल जैसी भव्य इमारत को जहां एक और प्रेम का प्रतीक समझा जाता है वहीं साहिर लुधियानवी ताजमहल की भव्यता में सामाजिक अन्याय को देखते हैं। अपने गीत ताजमहल में वे ताजमहल का वर्णन चमन–जार, जमुना का किनारा और मुनक्क़श दर ओ दीवार जैसे शब्दों से करते हैं। जो इसकी भव्यता को सामने लाते हैं लेकिन इसके बाद इस वैभव के पीछे छिपे सामाजिक असमानता पर सवाल उठाते हैं "ये चमन–ज़ार ये जमुना का किनारा ये महल/ ये मुनक्क़श दर ओ दीवार ये मेहराब ये ताक़ /इक शहंशाह ने दौलत का सहारा ले कर/ हम ग़रीबों की मोहब्बत का उड़ाया है मज़ाक़" इसी भाव को 1970 में आई फिल्म 'समाज को बदल डालो' में साहिर इन शब्दों में व्यक्त करते हैं "सैकड़ो की मेहनत पर एक क्यों पले/ ऊंच–नीच से भरा नजाम क्यों चले" इसके साथ–साथ साहिर का मानना है कि सत्ता और समाज के नियम और रिवाज हमेशा ताकतवर और उच्च वर्ग के लोगों का साथ देते हैं। समाज के रीति–रिवाज और धर्म का पालन उन लोगों के पक्ष में होता है जिनके पास सत्ता, धन और ताकत है। वहीं जो लोग कमजोर और साधनहीन हैं उनके हिस्से में केवल अत्याचार अपमान और तिरस्कार ही आता है। "रीति और रिवाज, सब तुम्हारे साथ/ धर्म और समाज सब तुम्हारे साथ/ अपने साथ क्या, धूल और धुआं"

सांप्रदायिकता और साहिर लुधियानवीः "यह किसका लहू है कौन मरा" ।

धार्मिक असहिष्णुता भी भारत में सामाजिक अन्याय का

एक महत्वपूर्ण पहलू है। विभिन्न धार्मिक समुदायों के बीच सामाजिक दूरी, धार्मिक आधार पर भेदभाव, और साम्प्रदायिक तनाव समाज में असमानता और असुरक्षा की भावना को जन्म देते हैं। धार्मिक असहिष्णुता के कारण समाज में विभाजन की स्थिति उत्पन्न होती है, जिससे सामाजिक विकास बाधित होता है।

साहिर लुधियानवी ने बचपन में ही पाकिस्तान बनने और हिंदुस्तान का बंटवारा होने की भूमिका बनते देखी। 1947 ईस्वी में जब भारत का विभाजन हुआ, तब साहिर 28 वर्ष के थे। विभाजन के समय साहिर पाकिस्तान में थे और वे विभाजन की घोषणा के बाद अपनी मां के साथ भारत आ गये। इस दौरान उन्होंने एक दूसरे के खून के प्यासे इंसानों को देखा और धर्म के आधार पर दंगों मे बहता खून देखा। ये वो कारण थे जिसने साहिर में साम्प्रदायिकता विरोधी बीज डाले। साहिर ने युद्ध की विभीषिका, हिंदू–मुस्लिम दंगों के विरुद्ध और इंसानियत को अपनाने के लिए अनेक गीत लिखे। 1959 ई. में आयी फिल्म धूल का फूल में साहिर ने गीत लिखा तु हिंदू बनेगा ना मुसलमान बनेगा/ इंसान की औलाद है इंसान बनेगा साहिर लुधियानवी 1959ई. की एक अन्य फिल्म नाचघर के गीत तेरे शहर से तो राजा हमें जंगल ही भले में हमारे समाज में व्याप्त विभिन्न सामाजिक असमानताओं और विभाजन की ओर इशारा करते हुए लिखते हैं कहीं भाषा का है झगड़ा, तो कहीं प्रांत का है/ कहीं नस्लों का है दंगा, तो कहीं जात का है/ अमन और चौन का साया नहीं इन राहों में....इस गीत में विभिन्न प्रकार के संघर्षों और विभाजनों का उल्लेख किया गया है, जैसे भाषाई, प्रांतीय, नस्लीय, और जातीय, जो हमारे समाज में भाईचारे और सौहार्द्र की भावना को क्षीण कर रहे हैं। 1959 ई. की एक अन्य फिल्म दीदी में साहिर लुधियानवी ने एक गीत में छात्रों के माध्यम से कई प्रश्नों को उठाया ष्वही है जब कुरान का कहना/ जो है वेद पुराण का कहना/ फिर यह शोर–शराबा क्यों है/ इतना खून खराबा क्यों है..... कुछ इंसान ब्राह्मण क्यों है/ कुछ इंसान हरिजन क्यों है/ एक की इतनी इज्जत क्यों है/एक की इतनी ज़िल्लत क्यों ह इसी गीत में आगे अध्यापक के माध्यम से बच्चों को जवाब दिया है इंसानों का यह बंटवारा वहशत और जहालत है/ जो नफरत की शिक्षा दे, वो धर्म नहीं है लानत है।1962 ईस्वी में आई फिल्म 'धर्मपुत्र' के एक गीत में साहिर दंगे का सजीव चित्रण करते हुए सामाजिक अन्याय, धर्म के नाम पर हो रही हिंसा और मानवीय मूल्यों की गिरावट की ओर इशारा करते हैं। "जिस राम के नाम पर खून बहे, उस राम की इज्जत क्या होगी/ जिस दीन के हाथों लाज लटे, उसे दीन की कीमत क्या होगी/ ए रहबरे–मुल्कों कौम बता, ये किसका लहू है कौन मरा इस फिल्म के अन्य गीत में साहिर अपने भावों को स्पष्ट करते हुए लिखते हैं "काबे में रहो या काशी में, निस्बत तो उसी की जात से है/ तुम राम कहो कि रहीम कहो, मतलब तो उसी की बात से है।"

निष्कर्षः

साहिर लुधियानवी के फिल्मी गीत केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं; वे समाज के प्रति उनकी गहरी संवेदनशीलता, अन्याय के प्रति उनकी असहिष्णुता, और शोषित वर्गों के लिए उनके संघर्ष का प्रतीक हैं। साहिर ने अपने गीतों के माध्यम से सामाजिक अन्याय, पितृसत्ता, सांप्रदायिकता, धार्मिक पाखंड और आर्थिक विषमताओं पर प्रहार किया। उनके गीतों में नारी की स्थिति, वर्ग विभाजन, और समाज के दोहरे मापदंडों की आलोचना गहराई से मिलती है। साहिर लुधियानवी ने अपनी कलम से समाज में फैले द्वैत के भीषण नकारात्मक रूप को दर्शाया है और बदलाव का आह्वान किया है। प्यासाष में उनके गीतों से लेकर गुमराह तक, साहिर के गीतों ने समाज के विभाजन, भ्रष्टाचार, और निर्धनता जैसे मुद्दों को सशक्त तरीके से प्रस्तुत किया। साहिर लुधियानवी के गीतों में सामाजिक अन्याय के मुद्दों पर उनकी स्पष्ट और साहसिक आवाज ने उन्हें अपने समय का एक बेमिसाल गीतकार बना दिया। उन्होंने अपने गीतों के माध्यम से सामाजिक असमानताओं और संघर्षों को अभिव्यक्त कर समाज के निचले तबके के दुःख और संघर्ष को आवाज दी। उनका लेखन एक ऐसे समाज की कल्पना करता है जहाँ समानता, न्याय और प्रेम का राज हो। यह शोध इस निष्कर्ष पर पहुँचता है कि साहिर लुधियानवी के फिल्मी गीतों में सामाजिक अन्याय की विभिन्न परतें हैं, जिन्हें आज भी गहराई से समझना आवश्यक है। साहिर के गीतों में निहित सामाजिक संदेश और उनकी आवाज का असर समय के साथ और अधिक मजबूत होता गया है, जो भारतीय सिनेमा और समाज के लिए उनकी एक अनमोल धरोहर है।

"कौन बतलाएगा मुझको किसे जाकर पूछूं
जिंदगी कहर के सांचों में ढलेगी कब तक
कब तलक आंख न खोलेगा जमाने का जमीर
जुल्म और जब्र की यह रीत चलेगी कब तक"

संदर्भ सूचीः–

1. जब धरती नग़्मे गाएंगीरू साहिर लुधियानवी् संकलन एवं सम्पादन आशा प्रभात राजकमल प्रकाशन
2. https:@@www-amarujala-com@kavya @ irshaad@ sahir &ludhianvi&on&taj
3. http:@@kavitakosh. org@kk@%E0%A4%B8%E0%A4%BE%E0%A4%B9%E0%A4%BF%E0%A4%B0&%E0%A4%B2%E0%A5%81%E0%A4%A7%E0%A4%BF%E0%A4%AF%E0%A4%BE%E0%A4%A8%E0%A4%B5%E0%A5%80
4. गाता जाए बंजारारू साहिर लुधियानवी, स्टार पब्लिकेशन दिल्ली

5. https:@@www-rekhta-org@poets@sahir&ludhianvi @all\lang¾hi
6. गीत– ये कूचे ये नीलामघर दिलकशी के, फिल्म– प्यासा,1957 [https:@@youtu-be@7R7Jon3tAÛc\si¾apjk ZeUq&&q3DOTr]
7. गीत– श्दो बूंदें सावन कीश, फिल्म– फिर सुबह होगी, 1958 [https:@@youtu-be@8CtTJ8KvS&Y\si] IoPDFujLj3TGAK Lp]
8. गीत – औरत ने जनम दिया मर्दों को, मर्दों ने उसे बाजार दिया, फिल्म– साधना,1958 [https:@@youtu-be@ f6SK LOoL&Bc\si]zApZf U&ar JzYI & Ht,
9. गीत– धरती की सुलगती छाती से, फिल्म– धर्मपुत्र, 1962 [https:@@youtu-be@rutf7 9VvbQY\si[w VhYWWlZo6eE6 TO&]
10. गीत– ये दुनिया दो रंगी ह, फिल्म– चांदी की दीवार, 1964 [https:@@youtu-be@hII Q6sGh HDk\si[7lrdw 6dYFqcGmWwC]
11. गीत– तू हिन्दू बनेगा न मुसलमान बनेगा, फिल्म– धूल के फूल, 1959 [https:@@youtu-be@FGrXizYFEjI\si¾aR8 AkowO&C9VdOWU]
12. गीत– ये दुनिया दो रंगी है, फिल्म– चांदी की दीवार, 1964 [https:@@youtu-be@hIIQ6s GhHDk\si[tCG7 ldcmU5eÛAQp]
13. गीत– लोग औरत को फ़क़त जिस्म समझ लेते हैं फिल्म– इंसाफ का तराजू, 1981 [https:@@youtu-be@Eg8RwfO QUPQ\si] KHImjoÛLBko &fapB]

प्रो.(डॉ.)कंचन पुरी
पूर्व अध्यक्ष हिंदी विभाग
रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज मेरठ

शिवा शर्मा
(शोधार्थी)
हिंदी विभाग
रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज मेरठ
मो.न. – 7599493837
पताः– भोपाल विहार गढ़ रोड मेरठ, उत्तर प्रदेश

18

12 वां विश्व हिंदी सम्मेलन फिजीःअतीत और वर्तमान

डॉ0 जंग बहादुर पाण्डेय

सारांशः

कसी देश की भाषा केवल उस देश की अभिव्यक्ति का माध्यम ही नहीं होती,अपितु उस देश की अस्मिता का बोधक हुआ करती है।हिन्दी भारत की केवल राष्ट्रभाषा और राजभाषा ही नहीं है,अपितु यह भारतवर्ष की अस्मिता का बोधक है।यह भारत मां के ललाट की बिंदी है।इस पर हमें नाज और ताज है इसीलिए कहा गया है किः–

कोटि कोटि कंठो की भाषा,

जन–मन की मुखरित अभिलाषा।

हिंदी है पहचान हमारी,

हिन्दी हम सबकी परिभाषा।

हिन्दी के वैश्विक प्रचार प्रसार के लिए अब तक वैश्विक स्तर पर 12 विश्व हिंदी सम्मेलन संपन्न हो चुके हैं,जो हिन्दी की वैश्विकता के विग्रह हैं रू–

प्रथम सम्मेलन–10–12 जनवरी,1975–नागपुर, भारत

द्वितीय सम्मेलन–28–30 अगस्त,1976–पोर्टलुई, मारीशस

,

तृतीय सम्मेलन–28–30 अक्टूबर,1983–नई दिल्ली, भारत

चतुर्थ सम्मेलन–2–4 दिसंबर,1993–पोर्टलुई,मारीशस

पंचम सम्मेलन–4–8 अप्रैल,1996–पोर्ट आफ स्पेन,त्रिनिदाद एंड टोबेगो

षष्ठ सम्मेलन–14–18 सितबंर 1999 लंदन,यू.के

सप्तम सम्मेलन–6–9 जून 2003 पारामारिबो,सूरीनाम

अष्टम सम्मेलन–13–15 जुलाई,2007–न्यूयॉर्क, यू.एस.ए.

नवम 22–24 सितंबर,2012 जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका

दशम 10–12 सितंबर,2015–भोपाल,भारत

एकादश सम्मेलन–18–20 अगस्त 2018 पोर्टलुई, मारीशस

द्वादश सम्मेलन 15–17 फरवरी 2023–नादी,फिजी

12 वां विश्व हिंदी सम्मेलन फिजी के नादी शहर में 15,16 और 17 फरवरी 2023 को आयोजित हुआ। फिजी भारत की राजधानी दिल्ली से लगभग 21000 हजार किलोमीटर दूर प्रशांत महासागर का एक द्वीप है।यह 300 द्वीपों का एक समूह है,जहाँ 1879 में अंग्रेज भारतियों को ईख के खेतों में काम करने के लिए ले गये थे;जिन्हे गिरमिटिया मजदूर कहा जाता था।फिजी की राजधानी सुआ है,जो एक खूबसूरत शहर है।12 वें विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन फिजी के नादी शहर के शेरेटन होटल में हुआ।12 वें विश्व हिंदी सम्मेलन का केंद्रीय विषय थाः–

हिंदी पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम मेधा तक। जिसका समवेत रूप में उद्घाटन भारत के विदेश मंत्री डा एस.जयशंकर और फीजी गणराज्य के राष्ट्रपति महामहिम रातू विल्यम कटोनिवेरे ने किया।महामहिम ने कहा कि आधुनिक फिजी के निर्माण में भारतवंशियों का बहुत बड़ा योगदान है ,हम इसे भुला नहीं सकते,जबकि विदेश मंत्री डा एस.जयशंकर ने कहा कि हमें इस बात का हर्ष है कि 12 वें विश्व हिंदी सम्मेलन का आतिथ्य फिजी कर रहा है।यह हमारे दीर्घकालिक संबंधों को आगे बढ़ाने का सुअवसर है। हिंदी फिजी में द्वितीय राजभाषा है–यह प्रसन्नता का संदर्भ है। इस अवसर पर विदेश राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र ने कहा कि हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए भारत सरकार तत्पर है।विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने कहा कि हिंदी के विकास के लिए फिजी में भाषा प्रयोगशाला खुलेगा।आगत अतिथियों का भव्य स्वागत पारंपरिक ढ़ंग से किया गया।वैदिक और लौकिक रीति से मंगलाचरण किया गया।उद्घाटन दोनों देशो के राष्ट्रगान से और उद्घाटन सत्र का समवेत संचालन डा अलका सिंहा और डा अनुराधा पाण्डेय ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन फिजी के शिक्षा मंत्री ने किया। भारत सरकार के 285 सदस्यों के प्रतिनिधि मंडल ने इसमें भाग लिया।प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व विदेश मंत्री डा एस. जयशंकर ने किया।इस प्रतिनिधि मंडल में विदेश राज्य मंत्री वी.मुरलीधरन और गृहराज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा के साथ साथ झारखंड की राज्य सभा सांसद डा.महुआ माजी के अलावे भारत के 10 सांसदों ने भी अपनी सहभागिता प्रदान की।भारत सरकार के प्रतिनिधि के रूप में झारखंड से लोकप्रिय दैनिक प्रभात खबर के मुख्य संपादक श्री आशुतोष चतुर्वेदी,रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डा जे बी पाण्डेय,राज्य सभा सांसद सह साहित्यकार डा महुआ मांजी, जमशेदपुर के साहित्यकार श्री जयनंदन,जामताड़ा के हिंदी शिक्षक सह कवि डा अरुण कुमार वर्मा ने अपनी सहभागिता प्रदान कर इस 12 वे विश्व हिंदी सम्मेलन को सार्थकता प्रदान की।बिहार से नई धारा पत्रिका के संपादक डा शिव नारायण,छपरा से डा कुमार वरुण, जहानाबाद से डा विपिन कुमार और मुजफ्फरपुर से डा राजेश्वर कुमार ने और कोलकाता से .डा साहब उपाध्याय ने भी भाग लिया।बताते चलें कि इस 12 वे विश्व हिंदी सम्मेलन का विषय था–हिंदी पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम मेधा तक।10 सत्रों में विभाजित इस विश्व सम्मेलन में झारखंड के प्रतिनिधियों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया और अपने

सारगर्भित वक्तव्यों से हिंदी के वैश्विक प्रचार प्रसार की कामना की।

अंतिम दिन हिंदी सेवा के लिए देश के (12)और विदेश के(13)= 25 विद्वानों और विदुषियों को सारस्वत हिंदी सम्मान से सम्मानित किया गया। वैश्विक मंगल की कामना से पूर्णाहुति हुईः–

सर्वे भवंतु सुखिनः,
सर्वे स़ंतु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु,
मा कश्चित् दुख भाग्भवेत।

डॉ0 जंग बहादुर पाण्डेय
अतिथि प्राध्यापक,
हिन्दी विभाग
ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय,
कोरापुट 763004
चलभाषः–9431595318, 8797687656
द्रुतडाकः–pandey&ru05@yahoo-co-in

19

वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारतीय भाषाएँ और नई शिक्षा नीति

डॉ0 रविता पाठक'

सारांशः

वैश्विक परिप्रेक्ष्य

दुनिया की इस बढ़ती हुई आत्मनिर्भरता को ही वैश्वीकरण कहा जाता है । दुनिया में वैश्वीकरण ने नई हवा दी है। दुनिया के सभी देश एक दूसरे के विषय में जानने–समझने और परस्पर सहयोग के प्रति प्रथमतः उत्सुक व् तत्पर ही इन्ही कारणों से हुए हैं। विश्व के सभी छोटे–बड़े देश प्रगति की दौड़ में शामिल हैं। विकास के लिए उन्होंने अन्य देशों के साथ संपर्क बनाए रखा है। वर्तमान में ज्ञान–विज्ञान, तकनीक और अनुसंधान ने समग्र सृष्टि के जीवन का कायाकल्प कर दिया है। उसे नई ऊर्जा से जीवन्तता प्रदान कर दी है। ज्ञान उत्पादन का साधन है। ज्ञान शक्ति है। तकनीक विज्ञान का व्यवहारिक स्वरूप है।

वैश्वीकरण के परिणाम बहुलवादी हैं और इसका साहित्य, कला, संस्कृति, इतिहास, दर्शन, मानविकी, सामाजिक प्रक्रियाओं और व्यवहार से घनिष्ठ संवंध होता है।

आज वैश्वीकरण के इस युग में पूरा विश्व एक हो चुका है। सभी देश तकनीक, चिकित्सा, व्यापार सभी क्षेत्रों से जुड़ रहें है। यह बात शत–प्रतिशत सच है कि भारत चिरकाल से कला, विज्ञान आदि क्षेत्रो में सम्पन्न होने के कारण विदेशियों के आकर्षण का केंद्र रहा है। भारत के हिंदी सिनेमा, कला, साहित्य की लोकप्रियता से पूरा विश्व परिचित है।

आज हमारे भारतीय विश्व की बड़ी–बड़ी कम्पनियों का प्रतिनिधित्व कर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। विश्व के अनेक देशों के विश्व विद्यालयों में हिदी अध्ययन, अध्यापन की श्रेष्ठ सुविधा है। हमारा देश भारत हमारे खोए हुए गौरव को पुनः प्राप्त करने की दिशा में बहुत तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। जल–थलनभ सभी क्षेत्रों में अपनी प्रगति के, विकास के परचम को फहरा रहा है। रोज नये कीर्तिमान गढ़ रहा है।

अधिकतर राज्यों की मातृभाषा हिंदी

भारत विभिन्न संस्कृतियों, धर्मों और भाषाओं का देश है। यहाँ धर्म, जाति, आचार–विचार, रीति–रिवाज, रहन–सहन, भाषा एवं लिपि की विविधता विद्यमान है। किसी राष्ट्र की भाषा उस राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत, सभ्यता, समाज, तकनीकी एवं विकास की परिचायक है। किसी देश की मुख्य भाषा उस देश की संपर्क भाषा बनकर नागरिकों एवं नीतियों के लिए सेतुबंध का कार्य करती है। जिस देश की भाषा जितनी व्यापक तथा सुदृढ़ है वह देश आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से उतना ही विकसित है।

हिंदी हमारी राजभाषा है। हिंदी भाषा से ही हम भारतवासी एक–दूसरे को जान पाते हैं।भारत के ज्यादातर राज्यों की मातृभाषा हिंदी है। भारत के हिंदीतर राज्यों के लोग भी हिंदी समझ लेते हैं और बोल भी लेते हैं। चूँकि संस्कृत ही सभी भाषाओं की जननी है और उससे निकली हुई सबसे बड़ी जनभाषा हिंदी है इसलिए सभी भाषाओं के ज्यादातर शब्द एक दूसरे से मेल खाते हैं। हिंदी की यह खासियत भी है कि वह जिस सहजता के साथ क्षेत्रीय भाषाओं के शब्दों को अपने में समाहित करती है, उतनी ही आसानी से अंग्रेजी के शब्दों को भी।

भारतीय भाषाएँ

भारत में लगभग 325 भाषाएँ और एक हजार से अधिक उपभाषाएं और बोलियाँ बोली जाती हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार पूरे देश में लगभग 2198 सामाजिक समुदाय हैं। इनमें से लगभग 1261 समुदाय हिंदी–उर्दू तथा उनकी उपभाषाओं का प्रयोग बोलचाल में करते हैं। कश्मीर की भाषा उर्दू है।उर्दू और हिंदी में कोई अंतर नहीं है। पंजाब के पंजाबी और हिंदी में समानताएं बहुत हैं। गुजरात में गुजराती भाषा है। यहाँ 90 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या हिंदी जानती है। महाराष्ट्र की मराठी भाषा भी हिंदी के बहुत नजदीक है। मुबई में बनने वाली हिंदी फिल्मों तथा हिंदी फ़िल्मी गानों ने हिंदी को भारत के कोने–कोने तक पहुंचाया है। यहाँ भी अधिकांश जनता हिंदी जानते हैं।

आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की राजभाषा तेलुगु और उर्दू हैं। यहाँ 80 प्रतिशत जनता उर्दू जानती है। कर्नाटक की कन्नड़ भाषा है। यहाँ 50 प्रतिशत जनता हिंदी जानती है। केरल की मूलतः भाषा मलयालम है। केरल में हिंदी लोकप्रिय भाषा है। तमिलनाडु में हिंदी फिल्में, हिंदी गाने भी बहुत लोकप्रिय हैं। लक्षद्वीप में हिंदी, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, तमिल जैसी कई भाषाएँ बोली जाती है। गोवा की मूल भाषा कोंकणी और मराठी भाषा है। यहाँ 80 प्रतिशत जनता हिंदी जानती है। बंगाली और हिंदी में अधिक अंतर नहीं है। उड़िया भाषा संस्कृत के अति निकट की भाषा है। यहाँ 55 प्रतिशत से अधिक जनता हिंदी जानती है व इसका उपयोग करती है। असम में असमिया भाषा ही प्रमुख है। यहाँ हिंदी की स्थिति बहुत मजबूत है। अरुणाचल प्रदेश की मुख्य भाषा के रूप में अंग्रेजी तथा हिंदी भाषों की प्रधानता है। यहाँ 60 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या हिंदी जानती है। मेघालय में हिंदी

जानने वाली जनता लगभग 30 से अधिक है। नागालैंड में भी अब हिंदी का बोल–बाला बढ़ रहा है। 30 प्रतिशत से अधिक जनता हिंदी जानती हैद्य मणिपुर की स्थानीय भाषा मितेई का स्थान बंगाली और संस्कृत भाषा ने लिया है। आज मणिपुर में हिंदी काफी लोकप्रिय हो गई है। त्रिपुरा की मूल भाषा बंगाली हैद्य 40 प्रतिशत से अधिक जनता हिंदी जानती है। मिजोरम में भाषाई दृष्टि से मिजो और अंग्रेजी सरकारी काम की भाषा है।

शिक्षा आयोगों का गठन

स्वतंत्रता से पूर्व एवं स्वतंत्रता के पश्चात समाज में शिक्षा की तात्कालिक स्थिति एवं भावी आवश्यकताओ को दृष्टिगत रखते हुए समय–समय पर विभिन्न आयोगों का गठन किया गयाद्य उन सभी आयोगों द्वारा शिक्षा के माध्यम के रूप में भाषा पर अपनी संस्तुतियाँ प्रस्तुत की गई। संस्कृतियों के आधार पर तैयार की गई नीतियों में भी उनका प्रभाव देखा गया। सिफारिशों के आधार पर शिक्षा में मातृभाषा के महत्व से संबंधित सुझाव दिये गये।

मैकाले (1835) ने अपने विवरण पत्र में मातृभाषा को महत्त्व नहीं दिया, उसने मातृभाषा को नजरंदाज करते हुए कहा कि भारत के निवासियों में प्रचलित देशी भाषाओँ में साहित्यिक तथा वैज्ञानिक ज्ञान कोश का अभाव है और वे इतनी अविकसित तथा गँवारू हैं कि जब तक उनको बाह्य भण्डार से सम्पन्न नहीं किया जायेगा तब तक उनसे किसी भी महत्वपूर्ण पुस्तक का सरलता से अनुवाद न हो सकेगा।

वुड (1854), ने अपने घोषणा पत्र में अंग्रेजी एवं क्षेत्रीय भारतीय भाषाओँ को शिक्षा प्रदान करने हेतु माध्यम के रूप में स्वीकार किया है। घोषणा पत्र में स्वीकार किया गया है कि यूरोपीय ज्ञान के प्रसार हेतु अंग्रेजी भाषा तथा अन्य परिस्थितियों में भारतीय भाषाओ को शिक्षा के रूप में साथ–साथ देखने की आशा व्यक्त की जाती है। भारतीय शिक्षा आयोग (1882), ने शिक्षा के माध्यम के विषय में सुझाव देते हुए प्राथमिक शिक्षा में भारतीय भाषाओं को ही शिक्षा का माध्यम बनाने की संस्तुति की थी।

सैडलर आयोग (1919) द्वारा इन्टरमीडिएट स्तर तक भारतीय भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाये जाने की सिफारिश की, आयोग की इस सिफारिश को सरकार द्वारा भी मान्यता प्रदान की गई।

वुडएबट (1937), के प्रत्यावेदन के अनुसार निम्न माध्यमिक कक्षाओ में अंग्रेजी की शिक्षा पर बल नहीं देना चाहिए तथा हाई स्कूल तक की शिक्षा भारतीय भाषाओँ के माध्यम से देनी चाहिए।

सार्जेण्ट प्रत्यावेदन (1944), द्वारा सभी हाई स्कूलों में शिक्षा का माध्यम मातृभाषा को बनाने के लिए कहा गया।

राधाकृष्ण आयोग (1949) द्वारा सुझाव दिया गया था कि उच्च माध्यमिक एवं विश्वविद्यालय स्तर पर छात्रों को तीन भाषाओँ का ज्ञान कराया जाये। प्रारम्भिक स्तरों पर मातृभाषा को ही स्वीकार किया गया।

मुदालियर आयोग (1953) द्वारा सुझाव दिया गया कि हिंदी को विद्यालय स्तर पर अनिवार्य विषय बनाया जाना चाहिए। शिक्षा आयोग (1966) ने मातृभाषा के प्रयोग को स्वीकार करते हुए प्रार्थमिक स्तर पर मातृभाषा के प्रयोग पर बल दिया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1968) द्वारा शिक्षा नीति में त्रिभाषा सूत्र को अपनाते हुए प्रारंभिक स्तरों पर मातृभाषा को माध्यम के रूप में स्वीकार किया गया।

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (2005) में बालक की शिक्षा में मातृभाषा के महत्व को स्वीकार करते हुए कम से कम प्रार्थमिक स्तर पर शिक्षा के माध्यम के रूप में मातृभाषा को अपनाने का सुझाव दिया गया है तथा भारत में बहुभाषिकता को प्रोत्साहित करने हेतु त्रिभाषा सूत्र को कार्य रूप एवं भाव रूप में अपनाने का सुझाव दिया है। इस प्रकार अधिकाश आयोगों द्वारा अपनी संस्तुतियों में मातृभाषा आधारित शिक्षा व्यवस्था के प्रोत्साहन की बात की गई, समय–समय पर जारी की गई शिक्षा नीतियों में भी शिक्षा माध्यम के रूप में मातृभाषा की वकालत की गई है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तरों पर मातृभाषा के महत्त्व को उल्लिखित करने वाले शोध बहुतायत हैं जो यह प्रदर्शित करते हैं कि मातृभाषा का बालक के जीवन में विशेष महत्त्व हैद्य

विभिन्न शोध परिणाम दर्शाते हैं कि मातृभाषा का उपयोग करते हुए छात्र अधिक स्वाभाविक तरीके से स्वयं को अभिव्यक्त कर सकते हैं तथा कक्षा कक्ष अतरू क्रिया में खुलकर प्रतिभागिता कर सकते हैं। बालक के सर्वांगीण विकास में मातृभाषा के महत्व सिद्ध होने तथा विभिन्न आयोगों द्वारा मातृभाषा के उपयोग की संस्तुति के बावजूद भारतीय परिदृश्य में जिस तरह मातृभाषा की अवहेलना की जा रही है वह वास्तव में चिंताजनक है। यह विडम्बना ही है कि पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा माध्यम के रूप में मातृभाषा के प्रति समाज का रुझान कम हआ है, अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों को विशेष वरीयता दी जा रही है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020

राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (2017) के अनुसार कक्षा 3, 5 एवं 8 के विद्यार्थियों जिनकी घर में बोली जाने वाली भाषा, विद्यालय में शिक्षकों द्वारा प्रयोग की जाने वाली भाषा से भिन्न थी, की तुलना में उन विद्यार्थियों की उपलब्धि सार्थक रूप से बेहतर रही जिनकी घर में बोली जाने वाली भाषा तथा विद्यालय में शिक्षकों द्वारा प्रयोग की

जाने वाली भाषा में समानता थी।

भारत सरकार ने एक प्रशसनीय कदम उठाते हुए नयी शिक्षा नीति–2020 में पांचवी कक्षा तक अनिवार्य रूप से मातृभाषा एवं स्थानीय भाषा में शिक्षा देने का प्रावधान किया है। इस शिक्षा नीति में हिंदी तथा क्षेत्रीय भाषाओं के मध्य सौहार्द स्थापित करने का सार्थक प्रयास किया गया है। मातृभाषा या स्थानीय भाषा में दी गयी शिक्षा समाज निर्माण की प्रक्रिया में आधारभूत परिवर्तन लाने में सक्षम हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2023

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2023 (एनईपी–2023) देश के शैक्षिक परिदृश्य में एक अभिनव बदलाव का प्रतीक है, जो प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और मानव संसाधन विकास मंत्रालय के दूरदर्शी नेतृत्व से प्रेरित है। यह परिवर्तनकारी नीति, तीन दशक पुराने ढांचे की जगह, एक आधुनिक शिक्षा प्रणाली की कल्पना करती है जो सीमाओं से परे है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2023 का लक्ष्य भारत को एक वैश्विक शैक्षिक महाशक्ति के रूप में स्थापित करना है। इस नीति के केंद्र बिंदुओं में ऑनलाइन शिक्षा, विस्तारित स्कूल घंटे और पारंपरिक रटंत शिक्षा से हटना शामिल है। एक समावेशी और सुलभ शिक्षण वातावरण बनाना जो जीवन के सभी क्षेत्रों के व्यक्तियों को सशक्त बनाता है।

अतीत से एक प्रमुख विचलन पारंपरिक 10+2 मॉडल से प्रगतिशील 5+3+3+4 संरचना में बदलाव है। यह नया ढांचा शिक्षा के सभी स्तरों पर आवश्यक कौशल और जीवन दक्षताओं पर जोर देता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2023 एक ऐसे भविष्य की ओर भारत की प्रगति का प्रतिनिधित्व करती है जहां शिक्षा सिर्फ एक विशेषाधिकार नहीं है बल्कि सशक्तिकरण के लिए एक सार्वभौमिक रूप से सुलभ उपकरण है। यह नीति भारत में सीखने में क्रांति लाने के लिए तैयार असंख्य तरीकों के बारे में गहराई से जानने के लिए हमारे साथ बने रहें।

नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2023 के माध्यम से भारत में शिक्षा प्रणाली के हालिया ओवरहाल ने मुख्य रूप से पारंपरिक 10+2 संरचना से नई 5+3+3+4 व्यवस्था में बदलाव के कारण ध्यान आकर्षित किया है। सरकार द्वारा अपनाई गई 5+3+3+4 संरचना छात्रों में व्यापक संज्ञानात्मक विकास के पोषण के महत्व को रेखांकित करती है। यह ढाँचा पिछले 10+2 मॉडल के विपरीत, मूलभूत से लेकर माध्यमिक स्तर तक बच्चों की शैक्षिक यात्रा को समृद्ध करता है। 5+3+3+4 संरचना के व्यापक लाभ छात्र के विकास के हर पहलू को छूते हैं, जिसमें शैक्षणिक, सामाजिक और व्यक्तिगत विकास शामिल है।

6 से 14 वर्ष के बजाय 3 से 18 वर्ष की आयु को समायोजित करके, संरचना शिक्षा तक शीघ्र और निरंतर पहुंच सुनिश्चित करती है, शुरुआत से ही छात्रों के सीखने के अधिकार को बरकरार रखती है। नई संरचना बुनियादी शिक्षा को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाती है, जिससे छात्रों के लिए एक मजबूत आधार तैयार होता है क्योंकि वे शिक्षा के विभिन्न चरणों के माध्यम से आगे बढ़ते हैं। उच्च छात्र प्रतिधारण दर को बढ़ावा देने के लिए इस ढांचे के कार्यान्वयन की आशा करते हुए, संस्थानों का लक्ष्य समान संस्थानों के भीतर लंबे शैक्षणिक करियर को बढ़ावा देना है।

यह नया दृष्टिकोण उच्च साक्षरता दर में योगदान करने के लिए तैयार है, जिससे अधिक शिक्षित आबादी उत्पन्न करके देश के भविष्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस आधुनिक संरचना में बदलाव एक प्रगतिशील मानसिकता को दर्शाता है, जो शिक्षा को समाज की उभरती जरूरतों और 21वीं सदी की मांगों के साथ जोड़ता है। आयु सीमा को शामिल करके, संरचना छात्रों को आगे की शिक्षा, करियर गतिविधियों और सामान्य रूप से जीवन की चुनौतियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार करती है। 5+3+3+4 संरचना सर्वांगीण व्यक्तियों को विकसित करने का वादा करती है, जो लंबे समय में देश की वृद्धि और समृद्धि में सार्थक योगदान देने के लिए तैयार हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बालक की शिक्षा में मातृभाषा के महत्व को विशष रूप से उल्लिखित करती है, नई शिक्षा नीति के अनुसार "यह सर्विदित है कि छोटे बच्चे अपनी घर की भाषा/मातृभाषा में सार्थक अवधारणाओ को अधिक तेजी से सीखते हैं और समझते हैं। घर की भाषा आमतौर पर मातृभाषा या स्थानीय समुदायों द्वारा बोली जाने वाली भाषा है। हालांकि, कई बार बहुभाषी परिवारों में, परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा बोली जाने वाली एक घरेलु भाषा हो सकती है, जो कभी–कभी मातृभाषा या स्थानीय भाषा से भिन्न हो सकती है। जहाँ तक संभव हो, कम से कम कक्षा 5 तक लेकिन बेहतर यह होगा कि कक्षा 8 और उससे आगे तक शिक्षा का माध्यम, घर की भाषा/मातृभाषा या स्थानीय भाषा/क्षेत्रीय भाषा में भी हो। इसके बाद, घर/स्थानीय भाषा को जहाँ भी संभव हो भाषा के रूप में पढ़ाया जाता रहेगा। सार्वजनिक और निजी दोनों तरह के स्कूल इसकी अनुपालना करेंगेद्य विज्ञान सहित सभी विषयों में उच्चतर गुणवत्ता वाली पाठय पुस्तकों को घरेलू भाषाओ/मातृभाषा में उपलब्ध कराया जाए।

आत्मनिर्भर भारत और हिंदी, हिदी भाषा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण साधन है जो संचार, व्यापार, शिक्षा और सांस्कृतिक एकता को संवर्धित करती है। सोशल मीडिया

डॉ0 रविता पाठक'
सहायक प्रोफ़ेसर,
ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट
'मोबाइल नम्बरः 96 79 86 12 17
email: rpathak@cuo-ac-in

प्लेटफॉर्म्स के उदय ने हिदी भाषा और आज विश्व में भारत का सम्मान बढ रहा है। आज विश्व का हर देश भारत के साथ अपना व्यापार, तकनीक साझा करने के लिए तैयार है, यह हम सभी भारतीयों के लिए बहुत गर्व की बात है।

निष्कर्ष:

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि भारत के विकास में हिदी का विशष योगदान है। आज हमें सभी जानते हैं कि भारत विश्व की 5वीं उभरती हुई अर्थव्यवस्था है। आज विश्व के अनेक देश हिदी का सम्मान कर रहे हैंद्य इस प्रकार हम कह सकते है :–

हिंदी को बनाओ अपने जीवन का आधार ।

भारत का विश्व गुरू बनने का सपना करो साकार ।

सन्दर्भ :

1. भारतीय शिक्षा आयोग (1882)
2. सैडलर आयोग (1919)
3. सार्जेण्ट प्रत्यावेदन (1944),
4. माध्यमिक शिक्षा आयोग 1953, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार (1953)
5. राष्ट्रीय शिक्षा आयोग 1966, एन सी ई आर टी (1970)
6. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1968, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार (1968),
7. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार (1986)
8. भारतीय शिक्षा आयोग 1982, भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय (1982)
9. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (2005), एन सी ई आर टी
10. राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 2017, एन सी ई आर टी (2020),
11. विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग (राधाकृष्ण आयोग) 1949, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार (1962),
12. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार (2020)
13. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2023 शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार (2023)
14. मैकाले, टी.बी. (1835), 'मिनट अपान इडिंयन एजुकेशन'
15. कर्लिंगर, एन. एफ. (2002), 'फाउंडेशन ऑफ बिहेवियरल रिसर्च', सुरजीत पब्लिकेशन, दिल्ली
16. कौल, एल. (2009), 'मेथडोलॉजी ऑफ एजुकेशनल रिसर्च' विकास पब्लिकेशन हाउस प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली
17. बेस्ट, जे. डब्ल्यू. एण्ड काहन, जे. वी. (1993), 'रिसर्च इन एजुकेशन', प्रेटिस हॉल ऑफ इडिंया प्राइवेट, नई दिल्ली

20

शिक्षा पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम मेधा तक: एक अध्ययन

(Education from traditional knowledge to Artifficial knowledge: A Study)

डॉ0 तान्या शर्मा

सारांश

शिक्षा व्यक्तियों के व्यक्तित्व और रचनात्मकता को विकसित करने की एक प्रक्रिया है, ताकि वे स्वस्थ समाज और प्रगति को बढ़ावा देने में सहायता कर सकें। शिक्षा वास्तव में एक प्रक्रिया है, जो व्यक्तिगत क्षमताओं, सामाजिक वातावरण, आर्थिक विकास, आसपास के नैतिक और विशेषकर सभी अनुकूलन क्षमता को प्रभावित करती है। शिक्षा से अपेक्षा की जाती हैं कि वह ज्ञान के अनुप्रयोग के लिए सिद्धांतों, विधियों और दिशानिर्देशों को विकसित करें, ताकि समाज को लाभ पहुंचाया जा सके। विकास की समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञान और कौशल प्रदान करने की भी अपेक्षा की जाती है। शिक्षा लोगों और छात्रों को शारीरिक और सामाजिक वातावरण के बारे में समझ और दृष्टिकोण विकसित करने में सक्षम होनी चाहिए।

अरस्तु (Aristotle) से पूछे गए प्रश्न के उत्तर में शिक्षा के महत्व की व्याख्या की जा सकती है। उनसे यह प्रश्न पूछा गया था कि अशिक्षित लोगों की तुलना में शिक्षित लोग कितने बेहतर हैं, उत्तर था षजिस प्रकार जीवित व्यक्ति मृतकों की तुलना में बेहतर होते हैं। इस प्रकार शिक्षा व्यक्तियों के जीवन की गुणवत्ता को आकार देने और उनके माध्यम से समाज और विश्व को आकार देने की एक प्रक्रिया है। यह मानव संसाधन में एक निवेश है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के वर्तमान युग में, यह तेजी से अनुभव किया गया है कि एक व्यक्ति को न केवल बेहतर मानव और बेहतर सामाजिक प्राणी बनने के लिए शिक्षित होने की आवश्यकता है, बल्कि उसे एक रचनात्मक और उत्पादक प्राणी भी होना चाहिए। स्पष्ट है कि व्यक्ति के व्यक्तित्व के विकास में शिक्षा की अहम भूमिका है। प्राचीन काल में भारत शिक्षा के बल पर ही विश्व गुरू कहा जाता था। आज शिक्षा केवल पारंपरिक नहीं रह गई है अपितु वह ज्ञान विज्ञान की तकनीक से जुड़कर और अधिक लोकप्रियोगी और कल्याणकारी हो गई है।

आज के युग में तकनीकी उन्नति ने हर क्षेत्र को प्रभावित किया है और शिक्षा भी इससे अछूती नहीं रही है। डिजिटल युग में शिक्षा का परिदृष्य 5G के रूप से बदल रहा है, जिससे युवा पीढ़ी की जिम्मेदारियाँ और अवसर भी बदल रहे हैं। पहले की अपेक्षा आज की शिक्षा प्रणाली में तकनीकी उपकरणों और डिजिटल संसाधनों का व्यापक उपयोग हो रहा है। ऑनलाइन कक्षाएं, वर्चुअल लैब्स, और डिजिटल लाइब्रेरी जैसे साधनों ने छात्रों के सीखने के तरीके को क्रांतिकारी रूप से बदल दिया है। इससे शिक्षा अधिक सुलभ और प्रभावी हो गई है, जिससे छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। तकनीकी उन्नति ने शिक्षा को व्यक्तिगत और अनुकूलित बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और मशीन लर्निंग (ML) जैसी तकनीकों का उपयोग करके छात्रों के व्यक्तिगत सीखने के अनुभव को बेहतर बनाया जा सकता है। इसके माध्यम से शिक्षकों को छात्रों की प्रगति को ट्रैक करने और उनकी विशेष आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता मिलती है। युवाओं की भूमिका भी इस नए तकनीकी परिदृश्य में महत्वपूर्ण हो गई है। आज के युवा तकनीक–सम्मत शिक्षा प्रणाली का न केवल लाभ उठा रहे हैं, बल्कि वे इसके विकास में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। कोडिंग, डेटा एनालिटिक्स, और डिजिटल मार्केटिंग जैसे कौशलों में प्रवीणता हासिल करके वे नए रोजगार के अवसर पैदा कर रहे हैं और उद्योग कीआवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं। इसके अलावा, युवाओं को तकनीकी नवाचारों के नैतिक और सामाजिक पहलुओं पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्हें सुनिश्चित करना होगा कि तकनीकी उन्नति समाज के सभी वर्गों के लिए लाभदायक हो और इसके उपयोग में नैतिकता और संवेदनशीलता बनी रहे।

इस प्रकार, तकनीक के नए परिदृष्य में शिक्षा और युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे वे भविष्य के निर्माण में सक्रिय योगदान दे सकें तकनीक और शिक्षा का संगम लचीलापन और सुलभताडिजिटल क्लासरूम और ई–लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म छात्रों को कहीं से भी, कभी भी पढ़ने की सुविधा प्रदान करते हैं, जिससे शिक्षा अधिक सुलभ हो गई है। पारंपरिक कक्षाओं के विपरीत, छात्र अपने समय और स्थान के अनुसार अध्ययन कर सकते हैं, जिससे वे अपनी व्यक्तिगत और पेशेवर जिम्मेदारियों को आसानी से संतुलित कर सकते हैं। यह विशेष रूप से कामकाजी पेशेवरों और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले छात्रों के लिए लाभकारी है। इसके अलावा, ऑनलाइन संसाधनों की व्यापक उपलब्धता ने शिक्षा के अवसरों को और भी विस्तृत किया है, जिससे विभिन्न प्रकार के ज्ञान और कौशल हासिल किए जा सकते हैं।

प्रभावी शिक्षण विधियाँ:–

शिक्षकों के लिए डिजिटल उपकरण और इंटरनेट शिक्षण को अधिक प्रभावी और दिलचस्प बनाने का अवसर देते हैं। वीडियो लेक्चर, इंटरएक्टिव क्विज़, और वर्चुअल सिमुलेशन जैसे उपकरण छात्रों की समझ और रुचि को बढ़ाते हैं। शिक्षकों को भी अधिक रचनात्मक और नवीन तरीकों से सामग्री प्रस्तुत करने का मौका मिलता है। इसके अलावा, डिजिटल माध्यमों से शिक्षकों को छात्रों की प्रगति को अधिक आसानी से ट्रैक औरमूल्यांकन करने की सुविधा मिलती है, जिससे वे व्यक्तिगत जरूरतों के अनुसार शिक्षण विधियों कोअनुकूलित

कर सकते हैं। इस प्रकार, शिक्षण प्रक्रिया अधिक प्रभावी और छात्र–केंद्रित हो जाती है।

उच्च गुणवत्ता की शिक्षा ई–लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म जैसे ब्वनतेमतं, न्कमउल, और झींद ।बंकमउल विशेषज्ञों द्वारा तैयार किए गए कोर्स प्रदान करते हैं, जिससे छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा मिलती है। ये प्लेटफ़ॉर्म विभिन्न विश्वविद्यालयों और उद्योग विशेषज्ञों के सहयोग से विकसित किए जाते हैं, जिससे छात्रों को नवीनतम और प्रासंगिक ज्ञान प्राप्त होता है। इसके अलावा, ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म छात्रों को अपने सीखने की गति और समय के अनुसार पाठ्यक्रमों को पूरा करने की स्वतंत्रता देते हैं। इस प्रकार, वे अपनी शिक्षा को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से प्रबंधित कर सकते हैं, जिससे उनके ज्ञान और कौशल में उल्लेखनीय सुधार होता है।

विस्तृत कोर्स उपलब्धताः–

ये प्लेटफ़ॉर्म विभिन्न विषयों पर विस्तृत कोर्स उपलब्ध कराते हैं, जिन्हें छात्र अपने समयानुसार पूरा कर सकते हैं। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, मानविकी, और व्यवसाय जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अनगिनत कोर्सेज उपलब्ध हैं, जिससे छात्रों को उनके रुचि और कैरियर की आवश्यकताओं के अनुसार विषय चुनने का अवसर मिलता है। इसके अलावा, प्लेटफ़ॉर्म पर उपलब्ध कोर्सेज का स्तर भी विविध होता है, जिससे शुरुआती से लेकर उन्नत स्तर तक के छात्रों की जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। इस प्रकार, ई–लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म शिक्षा की व्यापक और गहन पहुंच प्रदान करते हैं।

सतत सीखने की प्रक्रियाः–

डिजिटल शिक्षा से छात्रों को एक सतत् सीखने की प्रक्रिया का अनुभव होता है, जिससे वे नवीनतम ज्ञान और तकनीकों से अपडेट रहते हैं। यह प्रक्रिया छात्रों को जीवन भर सीखने की आदत विकसित करने में मदद करती है, जिससे वे अपने कैरियर और व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक नए कौशल और ज्ञान को लगातार हासिल कर सकते हैं। इसकेअलावा, ऑनलाइन कोर्सेज और वेबिनार्स के माध्यम से छात्रों को अद्यतन जानकारी और उद्योग के रुझानों तक पहुंच मिलती है, जिससे वे प्रतिस्पर्धात्मक बने रहते हैं। इस प्रकार, डिजिटल शिक्षासतत् सीखने को प्रोत्साहित करती है और छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करती है।सामाजिक और वैश्विककनेक्टिविटी डिजिटल क्लासरूम और ई–लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म छात्रों को वैश्विक स्तर पर अन्य छात्रों और शिक्षकों से जुड़ने का अवसर देते हैं, जिससे उनके सीखने का अनुभव और समृद्ध होता है। ऑनलाइन चर्चा मंचों, समूह परियोजनाओं, और वेबिनार्स के माध्यम से छात्र विभिन्न संस्कृतियों और पृष्ठभूमियों के साथ संवाद कर सकते हैं। यह वैश्विक कनेक्टिविटी उन्हें व्यापक दृष्टिकोण औरसांस्कृतिक संवेदनशीलता विकसित करने में मदद करती है। इसके अलावा, छात्रों को अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों और उद्योग के पेशेवरों से सीखने का अवसर मिलता है, जिससे उनके ज्ञान और कौशल में वृद्धि होती है। इस प्रकार, डिजिटल शिक्षा वैश्विक जुड़ाव को बढ़ावा देती है।

आर्थिक बचतः–

डिजिटल शिक्षा माध्यमिक और उच्च शिक्षा की तुलना में अधिक किफायती हो सकती है, जिससे छात्रों और उनके परिवारों पर वित्तीय भार कम होता है। ऑनलाइन कोर्सेज और डिजिटल सामग्री की उपलब्धता ने शिक्षा की लागत को काफी हद तक कम कर दिया है। छात्र परिवहन, आवास, और अन्य शारीरिक कक्षाओं से जुड़े खर्चों से बच सकते हैं। इसके अलावा, कई ई–लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म मुफ्त या रियायती दरों पर कोर्सेज उपलब्ध कराते हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को भी उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त करने का मौका मिलता है। इस प्रकार, डिजिटल शिक्षा आर्थिक रूप से सुलभ होती है।

नवाचार और सुधारः–

डिजिटल शिक्षा के माध्यमों ने शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया को एक नई दिशा दी है, जिससे भविष्य में शिक्षा के क्षेत्र में और भी अधिक नवाचार और सुधार देखने को मिलेंगे। तकनीकी उपकरणों और सॉफ्टवेयर के उपयोग ने शिक्षण को अधिक इंटरएक्टिव और प्रभावी बना दिया है। इसके अलावा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग शिक्षा में सुधार और व्यक्तिगत शिक्षण अनुभव प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। डिजिटल शिक्षा के इस विकासशील क्षेत्र में निरंतर नवाचार से शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच में सुधार होगा, जिससे एक अधिक शिक्षित और सक्षम समाज का निर्माण होगा।

युवा पीढ़ी की भूमिकाः–

नई तकनीकों को तीव्रता से अपना रही है। युवा पीढ़ी नई तकनीकों को तेजी से अपनाने में अग्रणी है। वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्लॉकचेन, और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी आधुनिक तकनीकों के प्रति उत्सुक हैं और इन्हें सीखने में संकोच नहीं करते। उनके त्वरित अनुकूलन और प्रयोगशीलता के कारण, तकनीकी नवाचार तेजी से संभव हो पाता है। यह पीढ़ी डिजिटल परिवर्तन की धारा में न केवल शामिल हो रही है, बल्कि उसे दिशा भी दे रही है, जिससे समाज और उद्योग दोनों को लाभ हो रहा है। उनका तकनीकी कौशल उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाता है।

नवाचार में अग्रणीः–

युवा अपनी जिज्ञासा और तकनीकी समझ से नवाचार में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। वे नए–नए इनोवेशन कर रहे हैं, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में उन्नति हो रही है। उनकी रचनात्मकता और प्रयोगशीलता उन्हें अद्वितीय बनाती है। वे पारंपरिक तरीकों से

हटकर नए और प्रभावी समाधान विकसित कर रहे हैं। यह पीढ़ी नए विचारों को जन्म देने और उन्हें साकार करने में सक्षम है, जिससे उद्योग और समाज में सकारात्मक परिवर्तन आ रहे हैं। उनकी पहल और योगदान से भविष्य की प्रौद्योगिकी और जीवनशैली में सुधार हो रहा है।

स्टार्टअप्स की सीापनाः–

तकनीकी शिक्षा और नवाचार के कारण युवा उद्यमिता में बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। वे अपने स्टार्टअप्स शुरू कर रहे हैं, जिससे वे आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो रहे हैं और साथ ही रोजगार के नए अवसर भी पैदा कर रहे हैं। उनके स्टार्टअप्स विभिन्न समस्याओं के समाधान प्रदान कर रहे हैं और समाज को लाभ पहुँचा रहे हैं। युवा उद्यमियों की संख्या में वृद्धि से व्यापारिक परिवेश में भी बदलाव आ रहा है, जहाँ नई तकनीकों और विचारों को महत्व दिया जा रहा है। यह पीढ़ी व्यवसाय के नए आयाम स्थापित कर रही है।

रोजगार के नए अवसरः–

युवा अपने स्टार्टअप्स और नवाचार के माध्यम से रोजगार के नए अवसर पैदा कर रहे हैं। उनकी उद्यमशीलता न केवल उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता दिला रही है, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार के अवसर प्रदान कर रही है। यह समाज में बेरोजगारी की समस्या को कम करने में मदद कर रही है। उनके द्वारा निर्मित रोजगार अवसर विभिन्न क्षेत्रों में फैले हुए हैं, जिससे विविधता और विकास को प्रोत्साहन मिल रहा है। यह पहल आर्थिक समृद्धि और स्थिरता को बढ़ावा दे रही है, जिससे व्यापक स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन आ रहे हैं।

सामाजिक समस्याओं का समाधान :–

युवा नई तकनीकों का उपयोग कर विभिन्न सामाजिक समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वे अपनी तकनीकी समझ और नवाचार क्षमता से समाज के विभिन्न मुद्दों जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, और पर्यावरण में सुधार ला रहे हैं। उनकी पहल और योगदान से समाज में सकारात्मक बदलाव हो रहे हैं। तकनीकी साधनों का उपयोग कर वे सस्ती और सुलभ समाधान प्रदान कर रहे हैं, जिससे समाज के विभिन्न वर्गों को लाभ मिल रहा है। उनकी सक्रियता और समर्पण से समाज में जागरूकता और सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हो रही है।

तकनीकी प्रोडक्ट्स और सेवाओं का विकासः–

युवा नए–नए तकनीकी प्रोडक्ट्स और सेवाओं का विकास कर रहे हैं, जो सामाजिक और आर्थिक दोनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण हैं। उनकी रचनात्मकता और तकनीकी कौशल से उत्पन्न ये उत्पाद और सेवाएँ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में क्रांति ला रही हैं। वे उपयोगकर्ता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए समाधान विकसित कर रहे हैं, जो जीवन को सरल और अधिक सुविधाजनक बना रहे हैं। उनके नवाचार से बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है और गुणवत्ता में सुधार हो रहा है। यह प्रक्रिया आर्थिक विकास और सामाजिक उन्नति को बढ़ावा दे रही है।

शिक्षा और कौशल विकासः–

युवा तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। वे लगातार नए–नए तकनीकी कौशल सीख रहे हैं और अपनी क्षमता को बढ़ा रहे हैं। यह न केवल उन्हें व्यक्तिगत और पेशेवर रूप से सशक्त बना रहा है, बल्कि उद्योग की मांगों को भी पूरा कर रहा है। उनकी शिक्षा और कौशल विकास की पहल से तकनीकी क्षेत्र में दक्षता और प्रभावशीलता बढ़ रही है। वे नये शैक्षिक साधनों और प्लेटफार्मों का उपयोग कर सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बना रहे हैं, जिससे उनकी और समाज की उन्नति हो रही है।

सामाजिक और आर्थिक सुधारः–

युवा पीढ़ी की सक्रियता और नवाचार के प्रति समर्पण भविष्य में तकनीकी प्रगति और सामाजिक सुधार में महत्वपूर्ण भूमिकानिभाएगा। वे नई तकनीकों और विचारों के माध्यम से सामाजिक और आर्थिक समस्याओं के समाधान में योगदान दे रहे हैं। उनकी पहल से समाज में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं, जो विकास और प्रगति को बढ़ावा दे रहे हैं। यह पीढ़ी समर्पित और प्रेरित है, जिससे भविष्य की चुनौतियों का सामना करना आसान हो जाएगा। उनकी नवाचार क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी से समाज और अर्थव्यवस्था दोनों को समृद्धि मिल रही है।

चुनौतियाँ और समाधानः–

डिजिटल डिवाइड (डिजिटल विभाजन)इंटरनेट बुनियादी ढांचे का विस्तार ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड और मोबाइल इंटरनेट की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सरकारी और निजी कंपनियों को मिलकर काम करना चाहिए। इंटरनेट टॉवर्स की संख्या बढ़ाने और फाइबर ऑप्टिक केबल बिछाने जैसे कदम उठाए जाने चाहिए।

सस्ते डिजिटल उपकरण उपलब्ध करानाः–

सरकार और गैर–सरकारी संगठनों को मिलकर सस्ते और उपयोग में आसान टैबलेट और लैपटॉप वितरित करने के लिए योजनाएं बनानी चाहिए। इसका उद्देश्य हर छात्र को एक डिजिटल उपकरण प्रदान करना है, जिससे उनकी पढ़ाई में बाधा न आए।

डिजिटल साक्षरता अभियानः–

'ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के लिए समुदायों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए।इनअभियानों में कंप्यूटर और इंटरनेट के बुनियादी उपयोग, ऑनलाइन संसाधनों की खोज, और ई–लर्निंग प्लेटफार्मों का परिचय शामिल हो।सार्वजनिक वाई–फाई हॉटस्पॉट्सग्रामीण क्षेत्रों

में सार्वजनिक स्थानों पर वाई–फाई हॉटस्पॉट्स स्थापित किए जाने चाहिए। यह छात्रों और आम जनता को इंटरनेट की पहुंच सुनिश्चित करेगा और उन्हें डिजिटल संसाधनों का उपयोग करने में सक्षम बनाएगा।

सहयोगात्मक परियोजनाएं

सरकार, निजी कंपनियों और गैर–सरकारी संगठनों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए। इन संगठनों को एक साथ आकर ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल डिवाइड को कम करने के लिए परियोजनाएं शुरू करनी चाहिए।

वित्तीय सहायता और अनुदान'

कम आय वाले परिवारों के बच्चों को डिजिटल उपकरण खरीदने के लिए वित्तीय सहायता और अनुदान प्रदान किए जाने चाहिए। यह सुनिश्चित करेगा कि आर्थिक समस्याओं के कारण कोई भी छात्र डिजिटल शिक्षा से वंचित न रहे।'

मल्टीमीडिया सामग्री

विभिन्न भाषाओं और स्थानीय संदर्भों में मल्टीमीडिया सामग्री तैयार की जानी चाहिए, ताकि छात्र आसानी से समझ सकें। इससे शिक्षा का स्तर बढ़ेगा और छात्र अधिक प्रेरित महसूस करेंगे।

डिजिटल प्लेटफार्मों का प्रचार–प्रसार

शिक्षा के लिए उपयोग किए जा रहे डिजिटल प्लेटफार्मों का प्रचार–प्रसार किया जाना चाहिए। इससे छात्रों और शिक्षकों को ई–लर्निंग के महत्व का पता चलेगा और वे इन संसाधनों का अधिकतम लाभ उठा सकेंगे।

साइबर सुरक्षा

साइबर सुरक्षा पाठ्यक्रम

स्कूल और कॉलेजों के पाठ्यक्रम में साइबर सुरक्षा को शामिल करना चाहिए। छात्रों और शिक्षकों को इंटरनेट पर सुरक्षित रहने के उपाय सिखाए जाने चाहिए, जिससे वे साइबर हमलों से बच सकें।

व्यावहारिक प्रशिक्षण

छात्रों और शिक्षकों के लिए कार्यशालाओं और सेमिनारों का आयोजन किया जाना चाहिए। इसमें उन्हें वास्तविक समय के साइबर खतरों से निपटने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।

सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराना

स्कूलों और कॉलेजों में साइबर सुरक्षा सॉफ्टवेयर और एंटीवायरस प्रोग्राम्स की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। यह छात्रों के उपकरणों को साइबर हमलों से सुरक्षित रखेगा।

साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान

साइबर सुरक्षा के महत्व को समझाने के लिए जागरूकता अभियानों का आयोजन किया जाना चाहिए। छात्रों और शिक्षकों को नियमित रूप से सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए।

डेटा प्राइवेसी ट्रेनिंग

छात्रों और शिक्षकों को डेटा प्राइवेसी और संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा के बारे में ट्रेनिंग दी जानी चाहिए। उन्हें सिखाया जाना चाहिए कि वे अपने व्यक्तिगत डेटा को कैसे सुरक्षित रखें और ऑनलाइन धोखाधड़ी से कैसे बचें।

मल्टी–फैक्टर ऑथेंटिकेशन

छात्रों और शिक्षकों को अपने ऑनलाइन खातों की सुरक्षा के लिए मल्टी–फैक्टर ऑथेंटिकेशन (डथ।) का उपयोग करने की सलाह दी जानी चाहिए। यह अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है और साइबर हमलों से बचाव करता है।

नियमित साइबर सुरक्षा जांच

स्कूलों और कॉलेजों को नियमित रूप से अपने आईटी सिस्टम और नेटवर्क की साइबर सुरक्षा जांच करनी चाहिए। इससे कमजोरियों की पहचान कर उन्हें समय पर ठीक किया जा सकेगा।

सरकारी और निजी सहयोग

सरकार और निजी साइबर सुरक्षा कंपनियों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए। इससे शिक्षण संस्थानों को उन्नत साइबर सुरक्षा समाधान और सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी।

शिक्षा प्रणाली में सुधार

शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

शिक्षकों का नियमित और अद्यतन प्रशिक्षण आवश्यक है ताकि वे नई तकनीकों और शिक्षण विधियों से परिचित हो सकें। इसके लिए वर्कशॉप्स, सेमिनार्स, और ऑनलाइन कोर्सेज का आयोजन किया जाना चाहिए। प्रशिक्षित शिक्षक छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सकते हैं और उनकी समस्याओं को अधिक प्रभावी ढंग से सुलझा सकते हैं। शिक्षकों को विभिन्न डिजिटल उपकरणों और शैक्षिक सॉफ्टवेयर का उपयोग करना सिखाया जाना चाहिए, जिससे कक्षाओं को अधिक इंटरैक्टिव और प्रभावशाली बनाया जा सके। यह सुनिश्चित करना कि शिक्षक लगातार अपने ज्ञान और कौशल को अपडेट कर रहे हैं, शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है।

अद्यतित पाठ्यक्रम

पाठ्यक्रम को समय–समय पर अद्यतन करना आवश्यक है ताकि यह तेजी से बदलती तकनीकी दुनिया के साथ सामंजस्य बिठा सके। आधुनिक विषयों जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता, कोडिंग, और डेटा एनालिटिक्स को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। इसके साथ ही, पारंपरिक विषयों को भी अद्यतन करना चाहिए ताकि वे प्रासंगिक बने रहें। पाठ्यक्रम में बदलाव करने के लिए विशेषज्ञों और उद्योग पेशेवरों की सलाह ली जानी चाहिए, ताकि छात्रों को वर्तमान उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार किया जा सके। यह छात्रों को अधिक रोजगारपरक और नवाचारी बनाएगा।

प्रायोगिक शिक्षा

प्रायोगिक शिक्षा छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव में बदलने का मौका देती है। स्कूलों और कॉलेजों में उन्नत प्रयोगशालाओं और सिमुलेशन उपकरणों की स्थापना की जानी चाहिए। प्रायोगिक परियोजनाओं और रियल–लाइफ केस स्टडीज के माध्यम से छात्रों को सीखने का अनुभव प्रदान किया जा सकता है। इससे उनकी समस्याओं को हल करने की क्षमता में वृद्धि होगी और वे जमीनी स्तर पर काम करने के लिए तैयार हो सकेंगे। प्रायोगिक शिक्षा न केवल छात्रों के ज्ञान को गहरा करती है बल्कि उन्हें आत्मविश्वासी और स्वतंत्र विचारक भी बनाती है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग

डिजिटल प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन संसाधनों का उपयोग शिक्षा को अधिक सुलभ और लचीला बनाता है। ऑनलाइन कोर्सेज, वेबिनार्स, और वर्चुअल कक्षाओं का आयोजन करके छात्रों को किसी भी समय और किसी भी स्थान से सीखने का मौका दिया जा सकता है। डिजिटल उपकरणों का उपयोग करके शिक्षण सामग्री को अधिक इंटरैक्टिव और आकर्षक बनाया जा सकता है। यह छात्रों को स्व–निर्देशित अध्ययन के लिए प्रेरित करता है और उनकी सीखने की प्रक्रिया को व्यक्तिगत बनाता है। डिजिटल शिक्षा संसाधनों का व्यापक उपयोग शिक्षा की पहुंच और गुणवत्ता दोनों को बढ़ाता है।

उद्योग साझेदारी और इंटर्नशिप

शिक्षा प्रणाली में उद्योग साझेदारी और इंटर्नशिप प्रोग्राम्स को शामिल करना आवश्यक है। इससे छात्रों को वास्तविक दुनिया के कार्य वातावरण का अनुभव मिलता है और वे उद्योग की मांगों के अनुसार अपने कौशल को विकसित कर सकते हैं। उद्योग विशेषज्ञों द्वारा नियमित रूप से गेस्ट लेक्चर्स और वर्कशॉप्स का आयोजन किया जाना चाहिए। इंटर्नशिप प्रोग्राम्स छात्रों को पेशेवर माहौल में काम करने का अनुभव देते हैं और उनकी व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाते हैं। यह उनके करियर के लिए एक मजबूत नींव तैयार करता है और रोजगार के अवसरों को बढ़ाता है।

छात्र–केंद्रित शिक्षा

छात्र–केंद्रित शिक्षा प्रणाली में छात्रों की व्यक्तिगत जरूरतों और रुचियों को ध्यान में रखा जाता है। शिक्षकों को छात्रों के सीखने के विभिन्न शैलियों और गति को पहचानना चाहिए और उनके अनुसार शिक्षण विधियों को अनुकूलित करना चाहिए। छात्रों को आत्म–अध्ययन के लिए प्रेरित करना और उन्हें सीखने की प्रक्रिया में अधिक स्वायत्तता देना आवश्यक है। फीडबैक और मूल्यांकन प्रणाली को भी छात्र–केंद्रित बनाना चाहिए, जिससे छात्रों की प्रगति को निरंतर मॉनिटर किया जा सके और आवश्यक सुधार किए जा सकें। यह छात्रों को अधिक आत्मविश्वासी और स्वतंत्र बनाता है।

मूल्यांकन प्रणाली में सुधार

मूल्यांकन प्रणाली में सुधार करना आवश्यक है ताकि यह छात्रों की वास्तविक क्षमताओं और कौशल को माप सके। केवल सैद्धांतिक ज्ञान के बजाय, प्रायोगिक और व्यावहारिक कौशल का भी आकलन किया जाना चाहिए। प्रोजेक्ट–आधारित मूल्यांकन, समूह कार्य, और लगातार आकलन के माध्यम से छात्रों की प्रगति को मॉनिटर किया जा सकता है। इसके साथ ही, आत्म–मूल्यांकन और सहकर्मी मूल्यांकन को भी प्रोत्साहित करना चाहिए। यह मूल्यांकन प्रणाली छात्रों को अपनी कमजोरियों को पहचानने और उन पर काम करने का मौका देती है, जिससे उनकी समग्र शिक्षा में सुधार होता है।

मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण

शिक्षा प्रणाली में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर भी ध्यान देना आवश्यक है। छात्रों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को समर्थन देने के लिए परामर्श सेवाओं और मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों की स्थापना की जानी चाहिए। तनाव और दबाव को कम करने के लिए सकारात्मक और सहायक शिक्षण वातावरण बनाना महत्वपूर्ण है। योग, ध्यान, और खेल गतिविधियों को भी पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना चाहिए, जिससे छात्रों का समग्र विकास हो सके। मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने से छात्रों की शिक्षा में रुचि और प्रदर्शन में सुधार होता है।

भविष्य की दिशाः शिक्षा में नई तकनीकों का महत्व

व्यक्तिगत सीखने का अनुभव

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और मशीन लर्निंग (ML) तकनीकों का उपयोग करके शिक्षा में व्यक्तिगत सीखने के अनुभव को बढ़ावा दिया जा सकता है। यह तकनीकें शिक्षकों को छात्रों की व्यक्तिगत जरूरतों, उनकी सीखने की गति, और उनकी शैली को समझने में सहायता करती हैं। इसके माध्यम से शिक्षकों को प्रत्येक छात्र की विशेष आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षण सामग्री तैयार करने में आसानी होती है, जिससे सीखने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और आकर्षक बनती है।

गति और शैली के अनुसार शिक्षण

AI और ML तकनीकें शिक्षकों को यह समझने में सक्षम बनाती हैं कि छात्र किस गति से और किस शैली में सीखते हैं। इस जानकारी के आधार पर शिक्षण सामग्री को इस प्रकार तैयार किया जा सकता है कि वह प्रत्येक छात्र की व्यक्तिगत गति और शैली के अनुरूप हो। इससे छात्रों को उनकी पसंद और आवश्यकता के अनुसार शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलता है, जो उनकी सीखने की क्षमता को बढ़ाता है।

जटिल विषयों की सरलता

वर्चुअल रियलिटी (VR) और ऑगमेंटेड रियलिटी (AR) तकनीकें जटिल विषयों को समझने में बेहद सहायक होती हैं।

उदाहरण के लिए, विज्ञान के छात्रों को शरीर की जटिल संरचना को वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से आसानी से समझाया जा सकता है। यह तकनीकें विषयों को अधिक सजीव और आकर्षक बनाती हैं, जिससे छात्रों की समझ गहरी होती है और वे अधिक उत्साहित होकर सीखते हैं।

वास्तविक अनुभव VR और AR तकनीकों के उपयोग से छात्रों को वास्तविक अनुभव प्रदान किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, इतिहास के छात्रों को ऐतिहासिक स्थलों की सैर VR के माध्यम से कराई जा सकती है। इससे वे विषय को अधिक जीवंत और रुचिकर तरीके से अनुभव कर सकते हैं। यह तकनीकें छात्रों को विषय के प्रति अधिक जुड़ाव और उत्साह का अनुभव कराती हैं।

इंटरैक्टिव पढ़ाई

ऑगमेंटेड रियलिटी (AR) के माध्यम से पढ़ाई को अधिक इंटरैक्टिव और आकर्षक बनाया जा सकता है। AR तकनीकें शिक्षण सामग्री को इस प्रकार प्रस्तुत करती हैं कि छात्र उसे न केवल देख सकें, बल्कि उसके साथ इंटरैक्ट भी कर सकें। इससे छात्रों की पढ़ाई में रुचि बढ़ती है और उनकी सीखने की क्षमता में वृद्धि होती है। इंटरैक्टिव पढ़ाई से छात्रों को विषय की गहरी समझ प्राप्त होती है।

गुणवत्तापूर्ण सुधार

AI, ML, VR, VK, SJ, AR जैसी उन्नत तकनीकों के समावेश से शिक्षा क्षेत्र में न केवल गुणवत्तापूर्ण सुधार होता है, बल्कि शिक्षकों और छात्रों दोनों के लिए शिक्षण और सीखने का अनुभव भी अत्यधिक समृद्ध और प्रभावी बनता है। यह तकनीकें शिक्षा को अधिक सुलभ, आकर्षक, और प्रभावी बनाती हैं, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होता है और छात्रों को बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं।

समय और संसाधनों की बचत

AI और ML तकनीकों के उपयोग से शिक्षण प्रक्रिया में समय और संसाधनों की बचत होती है। यह तकनीकें स्वचालित रूप से छात्रों की प्रगति की निगरानी कर सकती हैं और शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दे सकती हैं। इससे शिक्षकों को अधिक समय मिलता है जिसे वे शिक्षण सामग्री को सुधारने और छात्रों की व्यक्तिगत जरूरतों पर ध्यान देने में उपयोग कर सकते हैं। इसके साथ ही, यह तकनीकें शिक्षण सामग्री को अधिक कुशलतापूर्वक तैयार करने में सहायता करती हैं।

सार्वभौमिक शिक्षा

इन उन्नत तकनीकों के माध्यम से शिक्षा को हर कोने तक पहुँचाया जा सकता है, जिससे शिक्षा का दायरा बढ़ता है और अधिक लोगों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होती है। यह तकनीकें दूरस्थ क्षेत्रों में भी शिक्षा प्रदान करने में सक्षम होती हैं, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में समानता और समावेशिता बढ़ती है। इसके साथ ही, यह तकनीकें शिक्षा को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाती हैं, जिससे छात्रों को उनके भविष्य के लिए बेहतर तैयार किया जा सकता है।

निष्कर्षः

वर्तमान समय में, तकनीक ने हमारे जीवन के हर पहलू को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। शिक्षा के क्षेत्र में तकनीक के आगमन ने न केवल सीखने और सिखाने के तरीकों को क्रांतिकारी रूप से परिवर्तित किया है, बल्कि युवा पीढ़ी को नए अवसर और चुनौतियों का सामना करने का भी मौका दिया है। इस परिदृश्य में, शिक्षा और युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। शिक्षा का उद्देश्य अब केवल ज्ञान का आदान–प्रदान नहीं रह गया है, बल्कि यह युवा मस्तिष्कों को समस्या–समाधान, आलोचनात्मक सोच और नवाचार के लिए प्रोत्साहित करने का साधन बन गया है। डिजिटल प्लेटफार्मों, ई–लर्निंग और वर्चुअल क्लासरूम्स ने शिक्षा को अधिक सुलभ और इंटरेक्टिव बना दिया है। अब विद्यार्थी किसी भी विषय को गहराई से समझ सकते हैं और अपनी गति से सीख सकते हैं। इससे न केवल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, बल्कि यह शिक्षा के क्षेत्र में समानता भी ला रहा है। तकनीकी परिदृश्य में युवाओं की भूमिका सबसे प्रमुख है। आज के युवा तकनीकी रूप से सक्षम हैं और नवीनतम तकनीकों को आत्मसात करने में तत्पर हैं। वे न केवल तकनीक के उपभोक्ता हैं, बल्कि इसके निर्माता और विकासकर्ता भी हैं। युवाओं का तकनीकी कौशल, उनकी नवाचार की क्षमता और उनकी अनुकूलनशीलता समाज को तेजी से बदल रही है। उनके द्वारा विकसित किए गए स्टार्टअप्स और तकनीकी नवाचार न केवल आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा दे रहे हैं, बल्कि समाज की अनेक समस्याओं का समाधान भी प्रस्तुत कर रहे हैं। हालांकि, तकनीक के इस नए परिदृश्य में कई चुनौतियाँ भी हैं। डिजिटल विभाजन, डेटा सुरक्षा, साइबर अपराध, और नैतिकता जैसे मुद्दे हमारे सामने हैं। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें एक सशक्त और संतुलित दृष्टिकोण अपनाना होगा। शिक्षा प्रणाली को इन मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को सही दिशा में मार्गदर्शन देने की आवश्यकता है। इस संदर्भ में, शिक्षकों और शिक्षा नीति निर्धारकों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्हें शिक्षा के पारंपरिक तरीकों के साथ–साथ नवीनतम तकनीकी साधनों का समावेश करना होगा। इसके साथ ही, उन्हें युवाओं को तकनीकी कौशल के साथ–साथ नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक करना होगा। अंत में, हमें यह समझना होगा कि तकनीक केवल एक साधन है, जिसका सही उपयोग हमें सशक्त बना सकता है। इसके लिए, युवाओं को शिक्षा और तकनीक का सही उपयोग सिखाना अत्यावश्यक है। उन्हें प्रोत्साहित करना होगा कि वे तकनीक का उपयोग केवल ज्ञान प्राप्त करने के लिए ही नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए भी करें। यदि हम इन अवसरों का सही उपयोग करते हुए आने वाली चुनौतियों का समाधान निकाल पाएंगे, तभी हम एक

सशक्त और तकनीकी रूप से सक्षम समाज का निर्माण कर पाएंगे। यह समाज न केवल आर्थिक और तकनीकी दृष्टि से प्रगति करेगा, बल्कि यह नैतिक और सामाजिक दृष्टि से भी एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेगा। इसी मार्ग पर चलकर हम एक उज्जवल और समृद्ध भविष्य की ओर बढ़ सकते हैं।

संदर्भ सूची:

1. Nevin E- (08) Education and sustainable development- Retrieved from https:@@ www-development educationreview.com @issue@ issue&6@ education&and&sustainable& development
2. UNCED- ¼1992½- Agenda 21- Retrieved from https:@@sustainabledevelopment-un-org@ content@documents@Agenda21-pdf
3. UNECE- (2016)- Ten years of the UNECE strategy for education for sustainable development-
4. United Nations- ¼2002½- Report of the World Summit on Sustainable Development- Retrieved from https:@@sustainabledevelopment-un-org@milesstones@wssd
5. WCED- (1987)- Development] Our common future- Delhi] India: OÛford University Press-
6. World Bank- (1992)- World Development Report: Development and the Environment- New York: OÛford University press-
7. भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 www. education.gov.in
8. शर्मा संगीता एवं पाण्डेय जय शंकर (2023), उच्च शिक्षा के संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की विशेषताएं एवं भारतीय ज्ञान परम्परा के अनुशीलन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भूमिका ह्यूमैनिटीज एंड डेवेलपमेंट, वॉल्यूम 18, नंबर–01, जनवरी– जून 2023। https:@@humanitiesdevelopment-com@inde•-php@had@article@view@124@115
9. त्रिवेदी राकेश (2014),भारतीय शिक्षा का इतिहास ओमेगा पब्लिकेशन (दरियागंज) नयी दिल्ली।

डॉ0 तान्या शर्मा
सहायक प्रोफेसर
(अर्थशास्त्र विभाग)
जी0डी0 कॉलेज, बेगूसराय
(बिहार)

21

मेव और मेवात पर फ़रिश्ता और बरनी के ग्रंथों का तुलनात्मक विश्लेषण

श्याम सुंदर

सारांश

